# पायनियर

Established 1865

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

RNI No. DELHIN/2012/48369 | वर्ष-14 | अंक-38 | नई दिल्ली, बुधवार, 10 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)


एनडीए की संसदीय दल की बैठक को पीएम ने किया संबोधित

## नियम-कानून लोगों की सुविधा के लिए हो : प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्राथमिकता लोगों की जिंदगी को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि कानून या नियम आम लोगों की सुविधा के लिए होने चाहिए और उनकी वजह से किसी निर्दोष भारतीय को असुविधा नहीं होनी चाहिए। यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि देश अब पूरी तरह रिफॉर्म एक्सप्रेस के दौर में है, जहां सुधार तेजी से और स्पष्ट मंशा के साथ किए जा रहे हैं।

**लोगों से 30-40 पेज के फॉर्म न भरवाएं, फालतू पेपरवर्क करें खत्म**

उन्होंने कहा कि सरकार के सुधार सिर्फ अर्थव्यवस्था या राजस्व पर केंद्रित नहीं है, ये पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि सरकार का लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की परेशानियां दूर करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता से आगे बढ़ सकें।

बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को बहुत अच्छे दिशानिर्देश दिए और यह संदेश दिया कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल का सबसे बड़ा मुद्दा रिफॉर्म एक्सप्रेस है। इस बैठक में राजग के सभी सांसद शामिल हुए। रीजीजू ने कहा, मैं इस बात पर बल देना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी सरकार की रिफॉर्म एक्सप्रेस चल पड़ी है और अब यह रुकेगी नहीं। यह सुधार देश के हर नागरिक की जिंदगी बदलने के लिए है।

### बिहार चुनाव में जीत के लिए पीएम मोदी को दी बधाई

बैठक की शुरूआत में मोदी को हाल में संपन्न बिहार चुनावों में राजग की शानदार जीत के लिए बधाई दी गई। संसद भवन परिसर में आयोजित राजग संसदीय दल की बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा मौजूद रहे। जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) नेता संजय झा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने प्रधानमंत्री को माला पहनाकर बधाई दी। सोमवार को बिहार के राजग नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मोदी से मुलाकात की थी और राज्य विधानसभा चुनावों में गठबंधन की शानदार जीत के लिए उन्हें बधाई दी थी। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने राजग सांसदों से कहा कि बिहार विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन की बड़ी जीत के बाद जनता के कल्याण के लिए और अधिक जोश के साथ काम करना होगा।

## वंदे मातरम का विरोध गांधी परिवार के खून में

गृहमंत्री ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष होने पर चर्चा में लिया भाग

एजेंसी। नई दिल्ली



राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि यदि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के दो टुकड़े न किए जाते तो देश का विभाजन भी नहीं होता। शाह ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरमके 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में चर्चा में भाग लेते हुए उम्मीद जतायी कि इस चर्चा के माध्यम से देश के बच्चे, युवा और आने वाली पीढ़ी यह बात समझ सकेंगे कि वंदे मातरम का देश को स्वतंत्रता दिलाने में क्या योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में इस विषय पर कुछ लोगों ने यह प्रश्न उठाया था कि आज वंदे मातरम पर चर्चा क्यों होनी चाहिए।

**वंदे मातरम के दो टुकड़े न करते तो देश का विभाजन नहीं हुआ होता**

शाह ने कहा कि यह अमर कृति भारत माता के प्रति समर्पण, भक्ति और कर्तव्य के भाव जागृत करने वाली कृति है। गृह मंत्री ने कहा कि जिन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि आज इस पर चर्चा क्यों की जा रही है, उन्हें अपनी समझ पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस चर्चा को पश्चिम बंगाल में होने जा रहे चुनाव से जोड़ कर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग राष्ट्रीय गीत के महिमामंडन को बंगाल चुनाव से जोड़कर कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब वंदे मातरम की 1937 में स्वर्ण जयंती हुई तो जवाहरलाल नेहरू ने उसके दो टुकड़े कर उसे दो अंतरों तक सीमित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इसी समय तुष्टिकरण की शुरूआत हुई जिसकी परिणति बाद में जाकर देश के विभाजन के रूप में हुई।

शाह ने कहा, मेरे जैसे कई लोगों का मानना है, भले ही यह बात कांग्रेस को पसंद आए या नहीं आये, वंदे मातरमके दो टुकड़े तुष्टिकरण की नीति के तहत नहीं किए जाते तो देश का बंटवारा नहीं होता। देश आज पूरा होता। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम लिखे जाने के जब 100 साल पूरे हुए तो उस समय देश में आपातकाल लगा दिया गया था और इसे बोलने वालों को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जेल में डाल दिया था।

### सरकार के पास डरने या छिपाने जैसा कुछ नहीं

शाह ने कहा, हम मुद्दों पर चर्चा करने से नहीं डरते। संसद का बहिष्कार हम नहीं करते। संसद यदि चलने दें तो सब मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास डरने या छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है और यदि संसद चले तो हर मुद्दे पर चर्चा की जा सकती है। उन्होंने कहा, वंदे मातरमपर चर्चा को टालने की यह मानसिकता नयी नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि इस संसद में राष्ट्र गीत के गान को बंद करवा दिया गया।

### सवाल उठाने वालों को सोच पर विचार करना चाहिए

गृह मंत्री ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को देश भक्ति, त्याग और राष्ट्र चेतना का प्रतीक बताते हुए कहा जो लोग इस समय इसकी चर्चा करने के औचित्य और जरूरत पर सवाल उठा रहे हैं, उन्हें अपनी सोच पर नये सिरे से विचार करना चाहिए। शाह ने उम्मीद जतायी कि इस चर्चा के माध्यम से देश के बच्चे, युवा और आने वाली पीढ़ी यह बात समझ सकेगी कि वंदे मातरमका देश को स्वतंत्रता दिलाने में क्या योगदान रहा है।

## कोर्ट ने सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को जारी किया नोटिस

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और पुलिस से मतदाता सूची में जालसाजी से नाम शामिल किए जाने के आरोपों वाली याचिका पर जवाब मांगा।



**मतदाता सूची में नाम जोड़ने में जालसाजी के दावे पर मांगा जवाब**

याचिका में मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें इस आरोप की जांच से इनकार कर दिया गया था कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले ही सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने मजिस्ट्रेट अदालत के 11 सितंबर के आदेश के खिलाफ एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। मजिस्ट्रेट अदालत ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि शिकायत के आरोप अपर्याप्त तथ्य वाले और इस मंच के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई छह जनवरी के लिए सूचीबद्ध की।

## हस्तशिल्प हमारी सांस्कृतिक पहचान : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी। नई दिल्ली



**कारीगरों को विशिष्ट जीआई टैग हासिल करने पर देना चाहिए ध्यान**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि भारतीय शिल्पकारों ने अपने ज्ञान, समर्पण और कड़ी मेहनत से अपनी वैश्विक पहचान स्थापित की है तथा अब उन्हें अपने उत्पादों के लिए एक विशिष्ट जीआई (भौगोलिक संकेत) टैग प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

मुर्मू ने यहां 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि यह जीआई टैग अब भारतीय शिल्पकारों के उत्पादों की पहचान और विश्वसनीयता को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

## सार संक्षेप

### बांग्लादेश ने 47 भारतीय मछुआरों को स्वदेश भेजा

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने मंगलवार को 47 भारतीय मछुआरों को वापस स्वदेश भेजा, जबकि भारत ने 38 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा किया। भारत और बांग्लादेश की हिरासत में बंद मछुआरों की पारस्परिक वापसी की प्रक्रिया दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों सरकारों ने आज 47 भारतीय मछुआरों और 38 बांग्लादेशी मछुआरों को उनके परिचालन योग्य नौकाओं सहित रिहा करने और वापस भेजने का काम सफलतापूर्वक पूरा किया। उसने कहा कि मछुआरों और उनकी नौकाओं की अदला बदली की योजना दोनों पक्षों के मछुआरा समुदायों की मानवीय और आजीविका संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए बनाई गई। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत सरकार भारतीय मछुआरों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च महत्व देती है। उसने कहा, इस उद्देश्य से, वह बांग्लादेश की हिरासत से अपने मछुआरों की रिहायी सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

### निर्वाचन आयोग ने कड़ी की एसआईआर की निगरानी

**कोलकाता।** भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची पर्यवेक्षक सी. मुरुगन ने मंगलवार को कोलकाता के तिलजला क्षेत्र में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता अभिलेखों का निरीक्षण किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आयोग ने मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले पूरे पश्चिम बंगाल में निगरानी कड़ी कर दी है। दक्षिण 24 परगना जिले और कोलकाता दक्षिण लोकसभा सीट में एसआईआर की देखरेख कर रहे आईएएस अधिकारी मुरुगन ने बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के साथ मतदाता डेटा का निरीक्षण किया। उनकी समीक्षा में 2020 के रिकॉर्ड सहित पुरानी मतदाता सूचियों का जायजा लेना और माता-पिता से जुड़े दस्तावेजों का सत्यापन करना शामिल था अधिकारी ने बताया कि मुरुगन ने कुछ दिन पहले काकद्वीप का क्षेत्रीय दौरा किया था, जिसके बाद तिलजला में यह निरीक्षण किया गया।

## हमारे लिए परमवीर चक्र विजेता और बहादुर सैनिक महान : योगी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने वाले लोग गुलामी की सोच से ग्रस्त हैं और ऐसे हमलावर कभी भारत के आदर्श नहीं हो सकते। मुख्यमंत्री ने यहां सैनिक स्कूल में भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि पर उनके नाम पर बने सभाकक्ष का उद्घाटन किया, उनकी प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**विदेशी हमलावर हमारे लिए कभी महान या आदर्श नहीं हो सकते**

तमिलनाडु के कुन्नूर में आठ दिसंबर 2021 को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान दिए गए पंच प्रण की याद दिलाते हुए कहा, क्या कोई सच्चा भारतीय है जो एक कमजोर या गरीब भारत चाहेगा? हर सच्चा भारतीय एक सुरक्षित, विकसित और आत्मनिर्भर देश चाहता है। मुख्यमंत्री ने पूछा, हमें सिकंदर को महान क्यों कहना चाहिए? महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोबिंद सिंह जी, पृथ्वीराज चौहान या जनरल बिपिन रावत को क्यों नहीं? उन्होंने कहा, हमारे नायक, हमारे बहादुर सैनिक और परमवीर चक्र विजेता हैं।

## लूथरा के नाइट क्लब पर चला बुलडोजर

एजेंसी। पणजी

गोवा पर्यटन विभाग ने आग से तबाह हुए नाइट क्लब के फरार मालिकों - सौरभ और गौरव लूथरा के वागाटोर समुद्र तट पर स्थित रोमियो लेन के अवैध क्लब को मंगलवार को ध्वस्त कर दिया।

**इंटरपोल ने दोनों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया**

सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा शनिवार आधी रात के आसपास अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत के कुछ ही घंटों बाद थाईलैंड फरार हो गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सौरभ और गौरव लूथरा ने पर्यटन विभाग की जमीन पर क्लब का निर्माण किया था। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अधिकारियों को क्लब गिराने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था। अधिकारी ने बताया कि लकड़ी से बनी इस संरचना को मशीनों की मदद से गिरा दिया गया और पर्यटन विभाग ने 198 वर्ग मीटर जमीन को मुक्त कराया। पुलिस की मौजूदगी में दो घंटे के अंदर ही ढांचे को गिरा दिया गया।

**गोवा क्लब अग्निकांड**



### दो और मालिकों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

**पणजी।** गोवा पुलिस ने आग से तबाह हुए नाइट क्लब के मालिकों में शामिल अजय गुप्ता और सुरिंदर कुमार खोसला के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा के थाईलैंड भागने के कुछ घंटों बाद, गुप्ता और ब्रिटिश नागरिक खोसला के खिलाफ एलओसी जारी किया गया। क्लब में आग की घटना में 25 लोगों की मौत हो गई।

विमानन नियामक डीजीसीए का इंडिगो पर कड़ा एक्शन

## एयरलाइन की उड़ानों में 5 प्रतिशत की कटौती

एजेंसी। मुंबई

विमानन नियामक डीजीसीए ने परिचालन संकट से गुजर रही एयरलाइन इंडिगो को सर्दियों के दौरान अधिक मांग वाले मार्गों पर नियोजित उड़ानों में पांच प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की सेवाओं को सुव्यवस्थित करने की कोशिश कर रहा है।

**विमानन मंत्री ने कड़ी कार्रवाई का दिलाया भरोसा**

कड़े सुरक्षा नियमों के लिए योजना बनाने में नाकाम रहने की वजह से इंडिगो को देश भर में हजारों उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। डीजीसीए ने आठ दिसंबर के अपने आदेश में इंडिगो को बुधवार तक संशोधित उड़ान कार्यक्रम प्रस्तुत करने को कहा। वित्त वर्ष 2025-26 के शीतकालीन कार्यक्रम के तहत विमानन कंपनी प्रतिदिन 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित कर रही है। इंडिगो ने दो दिसंबर से 4,000 से भी अधिक उड़ानें रद्द की हैं जिससे हजारों यात्री फंस गए हैं। इससे उनकी छुट्टियों की योजनाएं, महत्वपूर्ण बैठकें व शादियां तक प्रभावित हुईं। विमानन कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 65 प्रतिशत से अधिक है। डीजीसीए ने इससे पहले इंडिगो के सीईओ और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) को व्यवधानों के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था।



### इंडिगो ने छह हवाई अड्डों पर 422 उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई।** इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान आठवें दिन भी जारी रहा और विमानन कंपनी ने मंगलवार को छह हवाई अड्डों से 422 उड़ानें रद्द कर दीं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कुल 422 उड़ानों में से दिल्ली हवाई अड्डे पर 152 और बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 121 उड़ानें रद्द हुईं। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद में इंडिगो की 58 उड़ानें रद्द हुईं, जबकि मुंबई में 41 उड़ानें रद्द की गईं। उन्होंने बताया कि इंडिगो ने चेन्नई हवाई अड्डे से 50 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। इस बीच, सरकार ने शीतकालीन कार्यक्रम के दौरान इंडिगो की उड़ान सेवा की संख्या में पांच प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है तथा विमानन कंपनी द्वारा स्वीकृत कार्यक्रम के अनुसार उड़ाने संचालित करने में विफल रहने के बाद उड़ानों को अन्य हवाई अड्डों को देने का निर्णय लिया है।

### इंडिगो का परिचालन पटरी पर लौटा : सीईओ

**मुंबई।** इंडिगो ने दावा किया कि कंपनी का विमान परिचालन पटरी पर लौट आया है और वह ग्राहकों को रद्द एवं विलंबित उड़ानों के टिकट का शुल्क लौटाने सहित सभी मुद्दों का समाधान करने में जुटी है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने अपने नए वीडियो संदेश में कहा कि उन ग्राहकों को टिकट का पूरा शुल्क लौटाने की प्रक्रिया दैनिक आधार पर जारी है, जिनकी उड़ानें रद्द कर दी गई थीं या विलंबित थीं। ऐसे लाखों ग्राहकों को उनके टिकट का पूरा शुल्क लौटाया जा चुका है। हालांकि, एल्बर्स ने उन ग्राहकों को दिए जाने वाले मुआवजे के बारे में कुछ नहीं कहा, जिनकी उड़ानें अंतिम समय में रद्द कर दी गईं या जिनमें काफी देरी हुई।

## अनिल अंबानी के बेटे पर सीबीआई का शिकंजा

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अनिल अंबानी और 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड' (आरएचएफएल) के खिलाफ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से कथित 228 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को लेकर मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

**228 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में एफआईआर दर्ज**

अधिकारियों ने बताया कि जय अनमोल अनिल अंबानी के आवास पर सीबीआई ने तलाशी भी ली। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने बैंक (पूर्ववर्ती आंध्रा बैंक) की ओर से 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड', जय अनमोल अनिल अंबानी और रवींद्र शरद सुधाकर (दोनों आरएचएफएल के निदेशक) के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई की।



### भुगतान करने में विफल रही कंपनी

अधिकारियों ने बताया कि कंपनी बैंक को किस्तों का भुगतान करने में विफल रही और इसलिए उक्त खाते को 30 सितंबर 2019 को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ग्रांट थॉर्नटन (जीटी) द्वारा एक अप्रैल, 2016 से 30 जून, 2019 तक की समीक्षा अवधि के लिए खातों की फॉरेंसिक जांच की गई।

### इग्नू के सभी 70 केंद्रों पर स्थापित होंगे स्किल सेंटर

# छात्रों को मिलेगी स्किल ट्रेनिंग



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

■ पीएमकेवीवाई के तहत पूरे देश के लिए किया एमओयू

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत पूरे देश में स्किल ट्रेनिंग को मजबूत करने के लिए 9 दिसंबर 2025 को एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया।

नई दिल्ली के कौशल भवन में इग्नू की वाइस चांसलर प्रो. उमा कांजीलाल और मंत्रालय की सेक्रेटरी देबाश्री मुखर्जी की मौजूदगी में हुए इस समझौते के तहत इग्नू के सभी 70 रीजनल सेंटर्स में स्किल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। ये सेंटर एनएसक्यूएफ-अनुरूप और इंडस्ट्री-फोकस्ड ट्रेनिंग प्रदान करेंगे। इग्नू अपने विशाल नेटवर्क और डिजिटल लर्निंग सिस्टम की मदद से पीएमकेवीवाई 4.0 के लिए आधिकारिक ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में काम करेगा। एमओयू के तहत ट्रेनर्स की ट्रेनिंग, इंडस्ट्री पार्टनरशिप, अप्रेंटिसशिप, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। यह पहल महिलाओं, ग्रामीण युवाओं, अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों और पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के लिए नए अवसर खोलेगी तथा स्थानीय रोजगार इकोसिस्टम को मजबूत करेगी। इग्नू और एमएसडीई का यह सहयोग शिक्षा और कौशल को एकीकृत कर भारत के आर्थिक विकास और भविष्य के वर्कफोर्स निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## आईआईटी दिल्ली ने हाईस्कूल की छात्राओं को दिखाई विज्ञान तकनीकी राह

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के अकादमिक आउटरीच एवं नई पहल प्रकोष्ठ की अग्रणी पहल ह्यमनस्वी के तहत हाई स्कूल छात्राओं को विज्ञान तकनीकी की राह दिखाई। एसटीईएम मेंटरशिप कार्यक्रम के चौथे संस्करण में एसटीईएम यानी साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स के क्षेत्रों में छात्राओं को मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम मई से दिसंबर 2025 तक चला, जिसमें लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया। इसके समापन समारोह में आईआईटी दिल्ली के डीन (योजना) प्रो. सोमनाथ बैद्य रॉय ने कहा कि आप विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निर्माण, नवाचार और नेतृत्व की योग्यता रखती हैं। आत्मविश्वास और धैर्य से आप किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं आईआईटी दिल्ली आपके साथ है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के अनुभव इसकी सफलता को दर्शाते हैं। कक्षा 9 की लक्ष्मी ने कहा इस कार्यक्रम ने विज्ञान की सभी शाखाओं को नए दृष्टिकोण से समझाया और मुझे विश्वास दिया कि मैं एसटीईएम में अपना भविष्य बना सकती हूं। वहीं कक्षा 11 की प्रियंशी ने कहा कि अपने हाथों से सौर लैम्प बनाना और प्रायोगिक कार्य करना अविस्मरणीय अनुभव था। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संस्थान ने घोषणा की कि पांचवें संस्करण के लिए आवेदन फरवरी-मार्च 2026 में खुलेंगे, और यह संस्करण पूर्णतः सरकारी स्कूलों की छात्राओं के लिए होगा, क्योंकि इस वर्ष 80 फीसद से अधिक भागीदारी इन्हीं विद्यालयों से रही।

## डीटीसी चालक की हत्या में पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अमन विहार इलाके में शनिवार देर रात रोडरेज के दौरान डीटीसी चालक विकास की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच ने पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को दबोच लिया। अमन विहार थाना पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों की पहचान 50 वर्षीय राजू, उसके बेटे हर्ष और भतीजे रोशन के रूप में हुई है। राजू मुंडका निवासी है और एमसीडी में कार्यरत है। शनिवार की रात रोशन के भाई की बारात अमन विहार के एक बैंक्वेट हॉल में आई थी। राजू वहीं पत्नी के साथ कार से पहुंचा था। उसी समय सड़क पर भीड़ के चलते जाम लग गया। पीछे से आ रही डीटीसी बस फंस गई। बस चालक विकास और परिचालक उमेश ने राजू से कार एक ओर करने को कहा। इसी बात पर कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला जानलेवा हमले में बदल गया।

राजू ने फोन कर अपने बेटे हर्ष, भतीजे रोशन और साथी राहुल को बुलाया था। चारों ने विकास और उमेश की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट रोकने आया एक राहगीर भी घायल हो गया। तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां 27 वर्षीय विकास ने दम तोड़ दिया।

# लूट का विरोध करने पर चाकू से गोदकर 12वीं के छात्र की हत्या

■ दो नाबालिगों समेत चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सराय रोहिल्ला थाना क्षेत्र में युवक ने मोबाइल फोन लूट का विरोध किया तो बदमाशों ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो नाबालिगों समेत चार आरोपियों को दबोच लिया है। उनके कब्जे से अपराध में प्रयुक्त चाकू भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शास्त्री नगर के रोशन, जीतू और दो नाबालिगों के रूप में हुई है। आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने के बाद रात झपटमारी और वाहन चोरी की वारदात को भी अंजाम दिया था। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से वाहन चोरी और झपटमारी के दो और मामलों को सुलझाने का दावा किया है।

उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, 30 नवंबर की देर रात को थाना सराय रोहिल्ला को सूचना मिली कि बंदर वाला पार्क, स्वामी नारायण मार्ग में बदमाशों ने एक लड़के को चाकू मार दिया है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया। बाद में घायल की पहचान प्रताब बाग के आर्यन के रूप में हुई। गंभीर हालत को देखते हुए पीड़ित को आरएमएल अस्पताल रेफर किया गया, जहां दो दिसंबर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान, मृतक के परिवार वालों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि आर्यन 12वीं कक्षा में पढ़ता था और 30 नवंबर की शाम को गुलाबी बाग इलाके में अपने किसी जानने वाले की शादी में शामिल होने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटा।



घटना की जगह और आसपास लगे 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल आरोपियों के आने-जाने के रास्तों की भी जांच की गई। फुटेज में चार लड़के घटनास्थल से शास्त्री नगर की ओर भागते दिखे। आगे की जांच में सीसीटीवी कैमरों समान हुलिए के दो संदिग्ध कैद हुए, जिन्होंने उसी रात कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास से एक स्कूटी चोरी की थी। उसके बाद वही संदिग्ध फुटेज में तब भी कैद हुए जब वे सुबह शास्त्री नगर इलाके में उसी स्कूटी पर झपटमारी करके भाग रहे थे। इसके मुखबिरों की निशानदेही पर आरोपितों में से एक रोशन को शास्त्री नगर से दबोच लिया गया। उसकी निशानदेही पर चोरी की स्कूटी बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि घटना वाल रात वह और उसके तीन साथी लूटपाट की फिराक में बंदर वाला पार्क के आसपास घूम रहे थे। इसी बीच, उन्हें एक लड़का दिखा। उन्होंने उसका मोबाइल फोन झपटने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया, तो आरोपियों में से एक ने लड़के की जांघ पर चाकू मार दिया और मौके से भाग गए। उसने बताया कि उसी रात उसके साथी जीतू ने गणेश पुरा, त्रिनगर के इलाके से एक स्कूटी चोरी की थी। इसके बाद सुबह दोनों ने उसी चोरी की स्कूटी पर साईं बाबा मंदिर, शास्त्री नगर के सामने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन भी झपटा था। बाद में उन्होंने झपटा हुआ मोबाइल फोन 2500 रुपये में फोर्टिस अस्पताल, शालीमार बाग के पास एक अज्ञात व्यक्ति को बेच दिया।

# दिल्ली में 13-14 दिसंबर को सनातन राष्ट्रीय शंखनाद महोत्सव का आयोजन

■ फरीदाबाद में आकर दिया महोत्सव का निमंत्रण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




राष्ट्रीय सनातन संस्था आगामी 13 और 14 दिसंबर को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सनातन राष्ट्रीय शंखनाद महोत्सव का आयोजन करने जा रही है। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में सनातन संस्कृति की सुरक्षा और भारत की सुरक्षा विषय पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्रपति शिवाजी महाराज के शास्त्रों और 17वीं शताब्दी के ऐतिहासिक मूल्य रखने वाले शास्त्रों की प्रदर्शनी होगी। इसके अतिरिक्त रामसेतु पत्थर, विभिन्न आकार के शालिग्राम, शंकर और रुद्राक्ष भी प्रदर्शनी में रखे जाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत करेंगे। इसमें भारत सरकार के ट्रांसपोर्ट मंत्री नितिन गडकरी और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शिरकत करेंगे। संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता चेतन हंसराज ने बताया कि पहले दिन 13 दिसंबर को स्वराज्य संवाद और भारतीय संस्कृति की सुरक्षा पर चर्चा होगी, साथ ही मंदिरों से जुड़े मुद्दों पर वातार्लाप होगी। दूसरे दिन भारत की सुरक्षा पर विशेष चर्चा आयोजित की जाएगी और संत समाज के दिग्गजों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम में भाग लें और सनातन राष्ट्रीय शंखनाद महोत्सव की आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर अपने सहभागिता सुनिश्चित करें।

## उमर खालिद ने बहन की शादी के लिए अंतरिम जमानत मांगी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली हिंसा की कथित साजिश से जुड़े मामले में आरोपी उमर खालिद ने मंगलवार को अदालत में अंतरिम जमानत याचिका दायर की। उसने अपनी बहन की 27 दिसंबर को होने वाली शादी में शामिल होने के लिए 14 से 29 दिसंबर तक अंतरिम राहत की मांग की है। उमर खालिद पर इस मामले में अन्य सह-आरोपियों के साथ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। कड़कड़डूमा स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी की अदालत इस याचिका पर 11 दिसंबर को सुनवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पहले भी खालिद को अपनी दूसरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए अस्थायी जमानत मिली थी। यूएपीए मामले में खालिद की नियमित जमानत याचिका उच्चतम न्यायालय में लंबित है।

# गुरुग्राम नगर निगम इंदौर मॉडल समझता ही रहेगा या कुछ काम भी करेगाः पंकज डावर

■ स्थानीय निकायों के सम्मेलन में रखे गए मॉडल पर कितना काम किया, नगर निगम स्पष्ट करे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने कहा कि पहले तो करोड़ों रुपये खर्च करके सरकार ने मानेसर में देशभर के शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन कराया। वहां पर अलग-अलग नगर निगमों, एजेंसियों द्वारा रखे गए मॉडल पर काम करते हुए गुडगांव की तस्वीर और तकदीर बदलने के बड़े-बड़े दावे किये गये। सम्मेलन के पांच महीने बाद भी उसमें रखे गए मॉडल पर गुडगांव नगर निगम एक कदम भी नहीं चला। अब बैठक करके फिर से वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट के साथ इंदौर मॉडल को समझने का दिखाया किया जा रहा है। पंकज डावर ने कहा कि तीन जुलाई 2025 को जोर-शोर से मानेसर इंटरनेशनल सेंटर ऑफ ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईकैट) में शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन सरकार की ओर से कराया गया था। लोकसभा के स्पीकर ने इसका शुभारंभ किया। सम्मेलन में अनेक राज्यों से एजेंसियों, वहां के स्थानीय निकायों के काम करने के तौर-तरीके मॉडल के रूप में पेश किए गए।

जिसकी खूब सराहना की गई। कई मॉडल को गुडगांव में लागू करके यहां की साफ-सफाई, जनसुविधाएं व अन्य सुविधाएं बेहतर करने के दावे किए गए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार और गुडगांव नगर निगम के अधिकारियों से सवाल किया है कि उस सम्मेलन से जो सीखा या जो मॉडल वहां रखे गए, उन पर कितना काम किया गया है, गुडगांव की जनता को यह बताया जाए। पंकज डावर ने कहा कि अगर स्थानीय निकायों के सम्मेलन में रखे गए मॉडल्स को शहर की तस्वीर बदलने के लिए सही माना गया था तो आज तक एक भी मॉडल लागू क्यों नहीं किया गया। क्योंकि गुडगांव की जनता को सुविधाओं के लिए तरसाया जा रहा है। अब नगर निगम फिर से एक दिखावा कर रहा है। वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट से इंदौर मॉडल समझ रहा है। जब सारे मॉडल स्थानीय निकायों के सम्मेलन में रखे गए थे तो अब क्या नया आ गया जिसे समझने के लिए नगर निगम इतनी गंभीरता दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि वे करीब एक साल से शहर की समस्याओं को मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से उठाते आ रहे हैं।

# प्रस्तावित एचईसीआई बिल के खिलाफ केवाईएस की रैली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

■ जंतर-मंतर पर उठी मुफ्त एवं समान शिक्षा की मांग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और प्रस्तावित उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई) बिल 2025 के विरोध में क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) ने ज्वाइंट फोरम फॉर मूवमेंट ऑन एजुकेशन (जेएएफएमई) द्वारा आयोजित जंतर-मंतर रैली और संसद मार्च में सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट रूप से मांग रखी कि एनईपी 2020 और एचईसीआई बिल को तुरंत रद्द किया जाए तथा देश के सभी विद्यार्थियों को केजी से पीजी तक मुफ्त और समान सार्वजनिक वित्त-पोषित शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। केवाईएस ने आरोप लगाया कि एनईपी 2020 ने देश की शिक्षा प्रणाली को बदतर कर दिया है और दोहरी शिक्षा व्यवस्था (निजी तथा सरकारी विद्यालयों) के माध्यम से सामाजिक गैरबराबरी को और मजबूत किया है। संगठन के अनुसार, नीति के चलते व्यवसायिक और अनौपचारिक शिक्षा को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे गरीब और हाशिये पर रहने वाले छात्रों को औपचारिक शिक्षा से दूर करके असंगठित श्रम बाजार की ओर धकेला जा रहा है। उच्च शिक्षा के संदर्भ में प्रदर्शनकारियों ने शुल्क वृद्धि, सीटों में कटौती, फंड में भारी कमी तथा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने जैसी नीतियों को जनविरोधी बताया।

## नाले में ई रिक्शा गिरने से बुजुर्ग चालक की मौत

**नई दिल्ली।** भलस्वा डेरी इलाके में मंगलवार सुबह ई रिक्शा गहरे नाले में गिर गया। इस हादसे में ई रिक्शा चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 60 वर्षीय प्रसादी दास के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। हादसा झंडा चौक के पास उस समय हुआ जब प्रसादी दास ढलान से नीचे उतर रहे थे और अचानक ई-रिक्शा पर से नियंत्रण खो बैठे। प्रसादी दास परिवार के साथ भलस्वा डेरी की झुग्गियों में रहते थे। इलाके में ई-रिक्शा चलाकर आजीविका चला रहे थे। नाला करीब छह फीट गहरा है। उसमें पानी नहीं है। गिरने के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से बेहोश हो गए। राहगीरों ने तुरंत उन्हें बुराड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# महाराजा शूर सैनी जी की जयंती पर होगा भव्य यज्ञ व जांच शिविर

■ शिविर में इस बार मेदांता फाउंडेशन की ओर से आएगी टीम

■ जयंती मनाने की तैयारियों के लिए गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच की हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



आगामी 21 दिसंबर को होने वाली सूर्यवंशी महाराजा शूर सैनी जी की जयंती मनाने की तैयारियों को लेकर गांव मौजाबाद में गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक बुधराम सैनी ने की। इस आयोजन में सैनी स भा मौजाबाद, जैतपुर के साथ समस्त सैनी समाज गुरुग्राम का सहयोग रहेगा।

संस्था के ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण सैनी ने बताया कि 21 दिसम्बर 2025 को महाराज शूर सैनी जी की जयंती के अवसर पर भव्य यज्ञ किया जाएगा। इसके अलावा मेदांता हॉस्पिटल फाउंडेशन के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर में रक्तचाप, रैंडम रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन परीक्षण, पीएफटी, ईसीजी, छाती का एक्स-रे, डॉक्टर परामर्श की जांच की जाएंगी। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों, पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां इस शिविर के लिए लगाई गई।

## हमें किसी के वंदे मातरम गाने या पढ़ने पर कोई आपत्ति नहीं : मदनी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



संसद में वंदे मातरम पर हुई बहस के संदर्भ में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बयान जारी कर कहा कि हमें किसी के वंदे मातरम पढ़ने या गाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन हम यह बात फिर से स्पष्ट करना चाहते हैं कि मुसलमान केवल एक अल्लाह की इबादत करता है और अपनी इस इबादत में किसी दूसरे को शरीक नहीं कर सकता। उन्होंने आगे कहा कि वंदे मातरम की कविता की कुछ पंक्तियां ऐसे धार्मिक विचारों पर आधारित हैं जो इस्लामी आस्था के खिलाफ हैं। विशेष रूप से इसके चार अंतरों में देश को दुर्गा माता जैसे देवी के रूप में प्रस्तुत किया गया है और उसकी पूजा के शब्द प्रयोग किए गए हैं, जो किसी मुसलमान की बुनियादी आस्था के विरुद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संविधान हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19) देता है। इन अधिकारों के अनुसार किसी भी नागरिक को उसके धार्मिक विश्वास के विरुद्ध किसी नारे, गीत या विचार को अपनाने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

### जनता दरबार में मेयर ने निगम क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए आमजन से मांगे सुझाव

# निगम क्षेत्र के प्रत्येक गांव में प्रॉपर्टी डाटा सुधार के लिए लगाए जाएंगे कैंप

■ गांव अलियर में आयोजित जनता दरबार में निगम की सभी विंग के अधिकारी रहे मौजूद

■ मेयर ने गांव अलियर में कम्युनिटी सेंटर बनाने की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नगर निगम मानेसर की मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने आपकी मेयर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को गांव अलियर में जनता दरबार लगाया। निगम अधिकारियों ने मौके पर आमजन की समस्याएं सुनते हुए समाधान निकालने की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया। जनता दरबार के दौरान आमजन को संबोधित करते हुए मेयर डॉ. इंद्रजीत कौर यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निगम अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर लोगों की समस्याओं से रूबरू करवाना है। अब ग्रामीणों को निगम अधिकारियों से मिलने के लिए कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि अधिकारी स्वयं वार्डों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने वहां मौजूद ग्रामीणों से निगम क्षेत्र की बेहतरी के लिए सुझाव मांगे और अधिकारियों को उन सुझावों पर अमल करने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि अधिकारियों के पास पूरे निगम के विकास का जिम्मा है, परंतु ग्रामीण अपने क्षेत्र की समस्या और उसके समाधान के बारे में थोड़ा बेहतर जानते हैं। मेयर ने कहा कि जल्द ही घरों से कूड़ा उठाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इस बार घरों से कूड़ा उठाने के लिए नगर निगम की गाडिड्यां अपने तय समय पर पहुंचेंगी। घरों के बाहर लगे आरएफआईडी टैग को स्कैन करने के बाद ही कूड़ा उठाया जाएगा। कूड़े से संबंधित शिकायत सीधा अब पोर्टल पर की जा सकेगी। ग्रामीणों फीडबैक लेने के बाद ही एजेंसी को भुगतान किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र को साफ रखना हमारी सामुहिक जिम्मेदारी है। घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कूड़े को भी अलग अलग करके डाला जाना चाहिए, ताकि कूड़े का निस्तारण करने के लिए ज्यादा समय न लगे। आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की भी अपील की।

सार्वजनिक सूचना

[illegible]

PUBLIC NOTICE

It is for general information that, I Rajinder Singh S/o Sh. Dhal Singh R/o H. No. DJ-40, Ward No. 13, Colony Road, Palwal, Haryana-121102, declared that name of mine and my wife have been wrongly written as Rajinder Singh Bhati and Suman Bhati in my Discharge Book and PPO No. 08/14/B/10916/2005. The actual name of mine and my wife are Rajinder Singh and Suman Rani, which may be amended accordingly.

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड जल संस्थान,
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 1901/निविदा/2025-26 दिनांक: 06.12.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा उत्तराखण्ड जल संस्थान, वृत्त-ऊधमसिंह नगर में पाईप लाईन सम्बन्धी कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से टेण्डर बॉक्स के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु मोहर बन्द निविदायें **दिनांक 23.12.2025 के अपरान्ह 3:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे शाखा स्तरीय टेण्डर कमेटी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर **दिनांक 09.12.2025 से दिनांक 22.12.2025 की सांय 5.00 बजे तक** कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान ऊधमसिंह नगर से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगाये जाने पर रु0 100.00 अतिरिक्त डाक व्यय देना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) | धरोहर राशि | ठेकेदार की श्रेणी | मद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाजपुर नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत वार्ड नं0 01 मझरा प्रभु (गिल चौक से लेवड़ा नदी तक) में पाईप लाईन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 1000+180.00 =1180.00 | 12500.00 | 'डी'/ उच्चतर | जिला योजना |
| 2 | विकास खण्ड रूद्रपुर की किच्छा इकाई के अन्तर्गत संचालित समस्त नगरीय एवं ग्रामीण पेयजल योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव कार्य। | 1000+180.00 =1180.00 | 12500.00 | 'डी'/ उच्चतर | ए.आर.एम. |

शर्तें :-
1. विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को ही निविदा प्रपत्र विक्रय किये जायेंगे।
2. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य है।
3. निविदा बिक्री/खुलने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश घोषित होने पर अगला कार्य दिवस मान्य होगा।
4. निविदा डाक द्वारा विलम्ब से प्राप्त होने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
5. शेष शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होंगी।

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय-जीवन संचय"

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 10 दिसंबर 2025



# भारत मंडपम दिल्ली में विशाल 'अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन'

- स्वामी रामदेव और जैन संत आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के मार्गदर्शन में 'हर मास - एक उपवास' महाभियान का शुभारंभ
- लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, अनेक केन्द्रीय मंत्री, सांसद इस समारोह में भाग लेंगे




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

> 12-13 दिसम्बर को होने वाले सम्मेलन में 'हर मास - एक उपवास' महाभियान के शुभारंभ पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह एवं कपिल मिश्रा, सांसद सुधांशु त्रिवेदी, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, इंडिया टीवी चेयरमैन रजत शर्मा, लीवर विशेषज्ञ डा. एस. के. सरीन, भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन. पी. सिंह, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. अनुराग वार्ष्णेय शामिल होंगे। वहीं, बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री डिजिटल संबोधन देंगे और आचार्य बालकृष्ण महाराज, गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज और महंत बालकनाथ योगी महाराज पावन सानिध्य प्रदान करेंगे।

दुर्लभ संयोग से योग और उपवास के दो शिरोमणी संत योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के पावन मार्गदर्शन में यह दो-दिवसीय 'अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन' होने जा रहा है। 'जनमंगल की सम्यग्दृष्टि : उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन' पर केंद्रित होगा।

बतादें कि दुनिया के जनमंगल हेतु योग ऋषि स्वामी रामदेव के अखंड-प्रचंड पुरुषार्थ से योग पूरी दुनिया में 'हरिद्वार से हर द्वार' तक पहुंचा और मानवता को वरदान मिला है।

ठीक उसी प्रकार आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने अतुलनीय 557 दिवस तक निरंतर उपवास करके (और अब तक 3500 से अधिक उपवास करके) 'उपवास साधना शिरोमणी' की प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

अब दोनों युग-पुरुषों ने जनमंगल के लिए 'हर मास -एक उपवास' का महाभियान आरंभ करने का निर्णय लिया है ताकि समस्त सिद्धिदायक 'उपवास' महामंत्र से मानवता का कल्याण हो सकें।

# कोर्ट ने स्वामी चैतन्यानंद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- चैतन्यानंद को 27 सितंबर को आगरा से गिरफ्तार किया गया था

दिल्ली की एक अदालत ने स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को कथित तौर पर फर्जी राजनयिक नंबर प्लेट के इस्तेमाल करने से जुड़े मामले में मंगलवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सरस्वती को आठ दिसंबर को दी गई एक दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिमेष कुमार के समक्ष पेश किया गया।

चैतन्यानंद वर्तमान में एक निजी संस्थान की 16 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में न्यायिक हिरासत में है। चैतन्यानंद को 27 सितंबर को आगरा से गिरफ्तार किया गया था। वह यौन उत्पीड़न मामले में जेल में बंद हैं, जहां से उसे सोमवार को एक दिन की हिरासत में पूछताछ के लिए भेजा गया था। चैतन्यानंद सरस्वती कई महिलाओं से छेड़छाड़ के आरोपों के चलते पहले से ही न्यायिक हिरासत में है।

# दिल्ली विस्फोटः अदालत ने आरोपी आमिर राशिद की हिरासत सात दिन के लिए बढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने लाल किला के पास विस्फोट मामले के आरोपी आमिर राशिद अली की एनआईए हिरासत मंगलवार को सात दिन के लिए बढ़ा दी। उसे दो दिसंबर को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत में भेजा गया था। लाल किला के पास विस्फोट में मदद करने के आरोपी जम्मू-कश्मीर निवासी आमिर को 16 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था।

मंगलवार को उसे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया गया। एनआईए ने इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा भंडाफोड़ किए गए एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा हुआ है। दस नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास कार में हुए विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। यह कार उमर उन नबी चला रहा था। घटना में दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। कार आमिर राशिद अली के नाम से पंजीकृत पाई गई थी। एनआईए ने पूर्व के एक बयान में कहा था, आमिर कार की खरीद में मदद करने के लिए दिल्ली आया था। इस कार का इस्तेमाल विस्फोट को अंजाम देने के लिए परिष्कृत विस्फोटक सामग्री (आईईडी) रखने में किया गया।₹ एजेंसी ने मृत चालक की पहचान उमर उन नबी के रूप में की, जो पुलवामा जिले का निवासी था और अल फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के जनरल मेडिसिन विभाग में सहायक प्रोफेसर था। एनआईए ने उमर का एक और वाहन भी जब्त कर लिया है, जिसकी मामले में सबूतों के लिए जांच की जा रही है। एजेंसी अब तक 73 गवाहों से पूछताछ कर चुकी है, जिनमें विस्फोट में घायल हुए लोग भी शामिल हैं।

## लाल किला विस्फोटः एनआईए ने अनंतनाग, कुलगाम में छापेमारी की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/श्रीनगर

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम ने दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट की जांच के तहत मंगलवार को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग और कुलगाम जिलों में कई जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से एनआईए के अधिकारी उन दो आरोपियों डॉ. अदील राठेर और जसीर बिलाल वानी को साथ लेकर आए, जिन्हें सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। यह छापेमारी उन दो आरोपियों की निशानदेही पर की गई जिन्होंने जांचकर्ताओं को अनंतनाग के मट्टन वन क्षेत्र और कुलगाम के काजीगुंड क्षेत्र के वनपोरा में अपने ठिकानों के बारे में बताया था।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस की मदद से नवंबर के पहले सप्ताह में सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े अंतरराज्यीय मॉड्यूल का खुलासा करते हुए तीन डॉक्टरों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2,900 किलोग्राम विस्फोटक जब्त किया गया था। विस्फोटकों में अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर शामिल थे। इसमें से 360 किलो ज्वलनशील पदार्थ और कुछ हथियार व गोला-बारूद फरीदाबाद में एक आरोपी के किराए के मकान से बरामद किए गए। इस मॉड्यूल के भंडाफोड़ के कुछ ही समय बाद, दिल्ली में लाल किले के पास विस्फोटक रखी एक कार में विस्फोट हुआ, जिसमें 15 लोगों की जान चली गई। अनंतनाग के नौगाम के बनपोरा में विभिन्न स्थानों पर लगे जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टरों की जांच से आतंकी नेटवर्क का खुलासा हुआ।

# नेहरू पार्क में बनेगा स्कल्प्चर पार्क, एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- निरीक्षण के दौरान पद्मश्री कलाकार अद्वैत गडनायक, वरिष्ठ कलाकार टूटू पटनायक और एनडीएमसी अधिकारी भी मौजूद रहे

एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने परिषद अध्यक्ष केशव चंद्रा के साथ नेहरू पार्क में प्रस्तावित स्कल्प्चर पार्क के लिए चयनित स्थान का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत @2047' विजन और कला-संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पद्मश्री कलाकार अद्वैत गडनायक, वरिष्ठ कलाकार टूटू पटनायक और एनडीएमसी अधिकारी भी मौजूद रहे।

श्री चहल ने बताया कि स्कल्प्चर पार्क के लिए अंतिम स्थान तय करने हेतु एक समिति गठित की जाएगी। स्थान चयन के बाद एनडीएमसी एक भव्य सिम्पोज़ियम आयोजित करेगा, जिसमें देशभर के लगभग 15 प्रसिद्ध मूर्तिकार—जिनमें पद्म और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार भी शामिल होंगे—एक महीने तक लाइव स्कल्प्चर तैयार करेंगे। हर मूर्ति 10 से 15 फीट ऊँची होगी और इन्हें नेहरू पार्क स्थित नए विकसित स्कल्प्चर पार्क क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि एनडीएमसी ने कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मई 2025 में आर्ट एंड कल्चर विभाग बनाया है। इस वर्ष कला-संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों के लिए 40 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जो एनडीएमसी के कुल खर्च का लगभग 1% है। इसके साथ एक अर्बन आर्ट्स एंड कल्चर फोरम भी गठित किया गया है, जो विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों और परियोजनाओं को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाएगा।

श्री चहल के अनुसार, यह पहल एनडीएमसी क्षेत्र को एक जीवंत, आकर्षक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जिला बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे न केवल कलाकारों को मंच मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी मजबूती मिलेगी, जिससे विकसित भारत 2047 के विजन को गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि भारत अपनी कला, संस्कृति और रचनात्मकताको वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करे। प्रस्तावित स्कल्प्चर पार्क इसी विजन का प्रतीक होगा, जहाँ आधुनिक सोच, सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मक ऊर्जा एक साथ दिखाई देंगी।

# महिला की संदिग्ध हालत में मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भजनपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है, महिला के परिजनों ने उसके पति और परिवार पर मृतका को मारने-पीटने और पैसों की मांग करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उसकी हत्या की गयी है फिलहाल मामले की जांच स्थानीय एसडीएम कर रहे है।

मृतका की पहचान निकिता जैन (32) वर्ष के रूप में हुई है। निकिता के पिता, 61 वर्षीय अवनीश जैन, ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की मौत स्वाभाविक नहीं है, बल्कि उसे प्रताड़ित कर मारा गया है। अवनीश जैन ने बताया कि निकिता की शादी अप्रैल 2019 में विकास जैन से हुई थी। विकास अपने परिवार के साथ यमुना विहार के सी ब्लॉक में रहते हैं। दंपती की 4.5 वर्ष की एक बेटी भी है।

पिता का आरोप है कि शादी के शुरूआती दिनों से ही विकास और उसके परिजन पैसों के लेनदेन को लेकर निकिता पर दबाव बनाते थे। बागपत जिले के बिनौली निवासी अवनीश जैन किसान हैं और उन्होंने बताया कि अपनी हैसियत के मुताबिक उन्होंने बेटी की शादी पूरे सम्मान और खुशी के साथ की थी उन्होंने बताया सोमवार तड़के पड़ोसियों ने भी घर में झगड़े की आवाजें सुनी थीं।

उन्होंने आशंका जताई कि इसी झगड़े के बाद निकिता की जान ली गई। चूंकि शादी को सात वर्ष पूरे नहीं हुए हैं, ऐसे में मामले की जांच एसडीएम बोर्ड द्वारा की जाएगी।

# बेरोजगारी और नशे की लत से एमबीए डिग्री धारक बना झपटमार, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका से झपटमारी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से चोरी के सात मोबाइल फोन और एक स्कूटर जब्त किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पालम निवासी आरोपी प्रदीप कुमार मलिक उर्फ राहुल ने एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है, लेकिन वह वर्तमान में बेरोजगार और नशे का आदी है। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को डीडीए पार्क में रेलवे लाइन के पास जाल बिछाकर झपटमार को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, द्वारका दक्षिण इलाके में स्कूटर सवार एक अपराधी द्वारा झपटमारी की कई घटनाएं सामने आई थीं। पुलिस ने 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया और अपराधी का पता लगाने के लिए स्थानीय मुखबिरों की मदद ली। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रेलवे लाइन के पास एक संदिग्ध को रोका। उन्होंने बताया कि रुकने का इशारा करने पर संदिग्ध ने कथित तौर पर भागने की कोशिश की लेकिन कुछ देर पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया गया।

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान मलिक ने बताया कि उसने डाबरी इलाके से एक स्कूटर की चोरी की थी और छीने गए मोबाइल फोन उसकी डिक्की में छिपा दिए हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर चोरी के स्कूटर के अलावा द्वारका दक्षिण और पालम गांव में हुई झपटमारी की घटनाओं से जुड़े पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, मलिक के पास से मिले दो अन्य फोन का अभी तक दर्ज मामलों से कोई संबंध नहीं है। पुलिस ने बताया कि मलिक का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और मामले की जांच जारी है।

## दिल्ली नगर निगम के बेड़े में नई मशीनें शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण कार्य, प्रदूषण नियंत्रण व सड़कों से धूल प्रदूषण हटाने जैसे कार्यों के लिए नई मशीनें अपने बेड़े में शामिल किया है। निगम मुख्यालय में मंगलवार को 17 बैकहो लोडर और दो सुपर सकर मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निगम के अनुसार, मशीनों के शामिल होने से एमसीडी के बैकहो लोडर बेड़े की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। बैकहो लोडर की प्रति यूनिट लागत 33.28 लाख रुपये है। एमसीडी में सुपर सकर यूनिटों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है। इस अवसर पर महापौर राजा इकबाल सिंह, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, निगम आयुक्त अश्वनी कुमार, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह तंवर और पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर ने इन मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# पूर्व सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील को चप्पल से पीटा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआइ) बीआर गवई पर जूता उछालने के आरोपी वकील राकेश किशोर पर हमले का मामला सामने आया है। कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में मंगलवार को राकेश किशोर पर एक वकील ने चप्पल से हमला कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में वकील राकेश किशोर इस दौरान 'सनातन धर्म की जय' का नारा लगाते हुए दिख रहे हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में हमलावर का चेहरा नहीं दिख रहा है। कोर्ट परिसर में बुजुर्ग वकील पर अचानक चप्पल से पीटा गया। राकेश किशोर ने भी हाथ चलाकर जवाब देने की कोशिश की। इस दौरान पहले वह यह पूछते रहे कि क्यों उन पर हमला किया जा रहा है। फिर वह 'सनातन धर्म की जय' का नारा लगाते रहे। आसपास मौजूद वकीलों और अन्य लोगों ने बीच बचाव करते हुए स्थिति को संभाला।

शाहदरा बार एसोसिएशन के महासचिव नरवीर डबास का कहना है कि एसोसिएशन को इस बाबत दो वकीलों के बीच कहासुनी की जानकारी मिली है। हालांकि किसी भी तरफ से कोई शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हुई है। यदि कोई भी पक्ष इस घटना की शिकायत करता है तो एसोसिएशन इस पर कार्रवाई करेगी।

71 साल के राकेश किशोर तब सुर्खियों में आए थे जब इसी साल 6 अक्टूबर को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई से दौरान तब ते सीजेआई बीआर गवई की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया। तत्काल प्रभाव से उनका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश ने अदालत के अधिकारियों और मौजूद सुरक्षाकर्मियों से इसे ह्यअनदेखाह्न करने को कहा और दोषी वकील को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

अदालत में मौजूद सुरक्षाकर्मी जब राकेश को बाहर ले जा रहे थे तब उन्हें चिल्लाते हुए सुना गया, सनातन का अपमान नहीं सहेंगे।

# गरीब परिवारों का सपना दिल्ली सरकार पूरा करेगी : रेखा गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने गरीबों के हित में कार्य नहीं किया। लेकिन, वर्तमान की भाजपा सरकार दिल्ली में रहने वाले गरीबों के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों से सिर्फ वादे किए, लेकिन उनके लिए कुछ नहीं किया। मौजूदा भाजपा सरकार यह पक्का करने के लिए काम कर रही है कि गरीब परिवारों के पास रहने के लिए सही घर हों।

रेखा गुप्ता ने मंगलवार को भलस्वा में ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का निरीक्षण किया। अधिकारियों को इस कैंपस में पार्किंग, मार्केट और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। यहां ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी तथा बच्चों व बुजुर्गों के लिए सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि ये फ्लैट्स भले ही सालों पहले तैयार हो गए थे, लेकिन पिछली सरकारों की लापरवाही के कारण खाली ही रह गए और अब जर्जर स्थिति में हैं। हमारी सरकार झुग्गियों में रहने वाले गरीब परिवारों को पक्का मकान देने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इस कड़ी में आज इन ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का निरीक्षण कर यहां की स्थिति का जायजा लिया।

सीएम ने कहा कि हमने जो प्लान बनाया है, उसमें फ्लैट को पूरी तरह से मॉडल बनाकर हर प्रकार की सुविधा होगी। दिल्ली की सरकार गरीबों के हित में कार्य करने वाली सरकार है। हम जो प्लान बनाकर लाए हैं, उसे इसी कार्यकाल में पूरा कर दिया जाएगा।

दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ भलस्वा स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का निरीक्षण किया। वर्षों पूर्व निर्मित ये फ्लैट्स पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण उपयोग में नहीं आ सके और अब जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं। अब हमारी सरकार इन परिसरों को पूरी तरह विकसित कर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में आज विस्तृत आकलन कर अधिकारियों को पार्किंग, मार्केट जोन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी, तथा बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक सामुदायिक सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए गए। ताकि झुग्गीवासी यहां बेहतर, सुरक्षित और सम्मानपूर्वक रह सकें।

# दिल्ली में नकली ऑटो पार्ट्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नामी ब्रांड के नाम पर नकली ऑयल फिल्टर बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर क्राइम ब्रांच ने फैक्ट्री मालिक को गिरफ्तार किया है। यह फैक्ट्री आनंद पर्वत औद्योगिक इलाके में चल रही थी।

फैक्ट्री पर छापा मार पुलिस ने वहां से बाश, टाटा और जेसीबी ब्रांड के 1917 ऑयल फिल्टर, टाटा के पांच डाई, जेसीबी के चार डाई, एक डाई प्रिंटिंग मशीन, स्टिकर, होलोग्राम और जेसीबी ब्रांड के कार्ड बॉक्स जब्त किए हैं।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए फैक्ट्री मालिक का नाम मनमीत सिंह है। वह आनंद पर्वत इलाके का रहने वाला है। इस संबंध में कॉपीराइट एक्ट और ट्रेडमार्क एक्ट के प्रविधान के तहत क्राइम ब्रांच में केस दर्ज कर लिया गया है। चार दिसंबर को सब इंस्पेक्टर इमरान खान को सूचना मिली कि आनंद पर्वत औद्योगिक एरिया में टाटा मोटर्स, बाश लिमिटेड और दूसरी कंपनियों के नाम नकली ऑटो पार्ट्स बनाए जा रहे हैं।

इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसीपी संजय कुमार नागपाल व इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी व राबिन त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टाटा मोटर्स, बाश लिमिटेड और जेसीबी इंडिया कंपनियों के अधिकारियो के साथ मिलकर पर्वत पर्वत इलाके में स्थित फैक्ट्री पर छापा मार मालिक मनमीत सिंह को मौके से पकड़ लिया।

पूछताछ में मनमीत सिंह ने बताया कि वह एक साल से अलग-अलग कंपनियों के नकली ऑटो पार्ट्स बनाकर उसे दिल्ली-एनसीआर में आपूर्ति कर रहा था।

वह अलग-अलग वेंडर्स से रा मटेरियल ऑर्डर करता था और अलग-अलग कंपनियों के नकली ऑटो पार्ट्स तैयार करने के बाद उन्हें वेंडर्स को वापस भेज देता था और मार्केट में डिमांड पर बेचता भी था। उसके पिता एक फैक्ट्री में काम करते थे। उसने दिल्ली के एक स्कूल से हायर सेकेंडरी तक पढ़ाई की। पहले वह लोकल ऑटो पार्ट्स बनाता था, लेकिन एक साल से अलग-अलग कंपनियों के नकली ऑटो पार्ट्स बनाकर सप्लाई करने लगा।

# डीआईसी ऑफिस के क्लर्क को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एंटी करप्शन ब्यूरो ने डीआईसी ऑफिस के एक क्लर्क को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता सरदार अमृत सिंह की ओर से दी गई लिखित शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत में बताया गया था कि क्लर्क ने अमृत सिंह से उनके चुनाव संबंधी काम कराने के नाम पर पैसे की मांग की।

शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम ने मामला गंभीरता से लिया और आरोपी के खिलाफ विशेष टीम गठित की। टीम ने आरोपी को बीके हॉस्पिटल के पास दबोचने की योजना बनाई। मौके पर जब आरोपी को पैसे देते समय पकड़ा गया, तो आरोपी के हाथों में लगे नोटों पर पाउडर परीक्षण में पुष्टि हुई कि नोट असली हैं। जांच अधिकारी इंस्पेक्टर राजकुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता ने भी इस कार्रवाई में एंटी करप्शन टीम का सहयोग किया और आरोपी को पकड़वाने में मदद की।

इस कार्रवाई से यह संदेश गया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिकारियों की सतर्कता और जन सहयोग से किसी भी स्तर पर रिश्वत लेने वाले कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जा सकता है। आरोपी क्लर्क के खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि ऐसे मामलों में तत्काल लिखित शिकायत दर्ज कराएं और किसी भी भ्रष्टाचार के प्रयास को नजरअंदाज न करें। इससे न केवल भ्रष्टाचार कम होगा, बल्कि प्रशासन और समाज में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि एंटी करप्शन टीम भ्रष्टाचार पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

# पांच वर्षीय बच्ची की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पल्ला थाना क्षेत्र में 5 वर्षीय बच्ची अनीशा के लापता होने और बाद में उसकी मृत्यु का मामला सामने आया है। बच्ची का शव मंगलवार को तिलपत रोड स्थित एक फार्महाउस के पीछे झाड़ियों में पाया गया। परिवार के अनुसार, बच्ची सोमवार शाम खेलते समय अचानक गायब हो गई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पड़ोसी युवक पिंटू (36) को गिरफ्तार किया है।

**घर से गायब हुई थी बच्ची:** अनीशा हरकेश नगर की गली नंबर 3 में अपने माता-पिता और दो छोटे भाई-बहनों के साथ रहती थी। पिता मूल रूप से आरा, बिहार के निवासी हैं और फरीदाबाद में फैक्ट्री में काम करते हैं। बच्ची सोमवार शाम लगभग 4:30 बजे घर से बाहर गई और फिर वापस नहीं लौटी। माता धारा देवी ने बताया कि बच्ची को उसने अपने भाई के ट्यूशन के लिए भेजा था। परिवार ने तुरंत मोहल्ले और पड़ोसियों के घर जाकर खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ घंटे बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचना दी।

**सीसीटीवी में दिखाई दिया पड़ोसी:** तलाश के दौरान पास के मेडिकल स्टोर के सीसीटीवी फुटेज में बच्ची को अपने मकान में ही रहने वाले पड़ोसी पिंटू के साथ जाते हुए देखा गया। परिजनों ने जब उससे संपर्क करने की कोशिश की तो उसका फोन बंद मिला। पुलिस ने तुरंत चार थानों– पल्ला, सेंट्रल, खेड़ी और सराय की टीमें और बॉर्डर सीआईए टीम को मौके पर लगाकर तलाश शुरू की। करीब नौ घंटे की खोजबीन के बाद रात 9 बजे सीआईए टीम ने पिंटू को हरकेश नगर इलाके से गिरफ्तार किया।

**पोस्टमॉर्टम हुआ :** पुलिस पूछताछ में पिंटू ने बच्ची को ले जाने की बात स्वीकार की और शव का स्थान भी बताया। पुलिस टीम रात करीब 1 बजे तिलपत रोड स्थित फार्महाउस के पीछे गई और झाड़ियों में बच्ची का शव बरामद किया। शव को पोस्टमॉर्टम करवाया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी शादीशुदा है और उसका परिवार बिहार में रहता है। अनीशा के परिवार ने बताया कि पिंटू शराब पीने का आदी था, लेकिन वह बच्चों के लिए खाने-पीने की चीजें लाता था और पड़ोस में घुल-मिलकर रहता था।

**सुरक्षा और जागरूकता की आवश्यकता:** पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। बच्चों को अकेले घर से बाहर न जाने दें और उनके खेलने या स्कूल आने-जाने के समय की जानकारी रखें। पड़ोस और समुदाय में सभी को सतर्क रहकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

**सख्त कार्रवाई की मांग:** मृतक बच्ची के मां-बाप और पड़ोसी ने बताया कि आरोपी पिंटू इस घर में पिछले 1 साल से किराएदार था।सीसीटीवी के चलते आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# अधिवक्ता के साथ मारपीट के मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



- अस्पताल के सामने खड़ी वैगनार गाड़ी हटाने के लिए कहा तो गाड़ी में बैठे लोगों ने गाली गलौच की
- अन्य साथियों को बुलाकर मारपीट की

7-8 दिसंबर की रात मेडीचैक अस्पताल के सामने रोड पर गाड़ी हटाने को लेकर अधिवक्ता सुनील भाटिया और उनके साथियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। इस मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुनील भाटिया ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि रात को मेडीचैक अस्पताल के सामने खड़ी वैगनार गाड़ी हटाने के लिए कहा तो गाड़ी में बैठे तीन-चार लोग गाली गलौच करने लगे। इसके बाद उन्होंने अपने अन्य साथियों को बुलाया और ईंट व डंडों से मारपीट की।

क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में नरेश (29), घनश्याम (20) निवासी पलवल, और अभिषेक (25), गौरव (22), उमाशंकर (19), अजय (25), आकाश (29) निवासी फरीदाबाद को 8 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि नरेश मेडीचैक अस्पताल में सुरक्षा कर्मी है और उस रात अपने साथियों के साथ शराब पी रहा था।

गिरफ्तार आरोपितों में एक डॉक्टर (बी.एम.एस) भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि आरोपितों को माननीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए गए। यह कार्रवाई फरीदाबाद पुलिस की सक्रियता और कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### 14 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

गुरुग्राम। ऊर्जा समिति द्वारा 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जायेगा। इस दिवस की मान्यता के अनुसार लोगो को ऊर्जा संरक्षण के लिए जागृत किया जायेगा। लोगों को बिजली बचत की जानकारी दी जाएगी। समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण एवं बचत पर आधारित इस राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की शुरूआत विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, वाणिज्यिक और घरेलू क्षेत्रों से की जाएगी। इसमें घरेलु व व्यवसायिक उपभोक्ताओं को बिजली को सुरक्षित करने तथा पर्यावरण के अनुकूल सौर ऊर्जा को अपनाने की प्रेरणा देकर जागृत किया जायेगा। अनेक संसाधनों के आधार पर बिजली की प्रति यूनिट की खपत के आकड़ों की जानकारी दी जाएगी।

### विआरसीसी इलेवन ने कॉर्पोरेट नाइट कप जीता



फरीदाबाद। पाली भूमि ग्राउंड में आयोजित 27वें रविंद्र फागना मिक्स कॉर्पोरेट नाइट कप 2025 में वि आर सी सी इलेवन ने शानदार खेल दिखाते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब नाइट वॉरियर्स को 84 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वि आर सी सी इलेवन ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 266 रन बनाए। टीम की ओर से आकाश शर्मा ने 41 गेंदों पर 8 चौके और 6 छक्कों की मदद से 96 रन बनाए, जबकि मोहसिन बत्रा ने 52 रन का अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब नाइट वॉरियर्स की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन ही बना सकी। उनकी ओर से शिवम ने 93 रन की पारी खेली। वि आर सी सी इलेवन की ओर से अमनप्रीत सिंह ने 3 विकेट झटके। आकाश शर्मा को मैन ऑफ द मैच और शिवम को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।

### 13वीं राष्ट्रीय गदा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते सात गोल्ड व एक सिल्वर



गुरुग्राम। मध्य प्रदेश में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय गदा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में गुरुग्राम के खिलाड़ियों ने सात गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर अपने जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में अनेक राज्यों से आए 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गुरुग्राम से कोच राजेन्द्र तंवर, कोच अंकज रावत, कोच सत्येंद्र यादव, कोच पिंटू, कोच अरविंद सागर, नीतू पोसवाल, प्रदीप राणा शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी आरोही, आकाश, राजन, आर्यन, शौर्य प्रताप और अंशू ने गोल्ड मेडल जीते। आदित्य ने सिल्वर मेडल जीता।

# 13 को लगाई जाएगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गुरुग्राम।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरमैन वाणी गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश कादियान के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को गुरुग्राम जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा।

डीएलएसए के सचिव सचिव राकेश कादियान ने बताया कि इस लोक अदालत का उद्देश्य अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से त्वरित व स्थायी समाधान करना है। इसमें विशेष रूप से ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, जमानती फौजदारी केस, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, राजस्व मामले और अन्य छोटे-मोटे वादों का निपटारा किया जाएगा। सीजेएम राकेश कादियान ने अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने लंबित विवादों को लोक अदालत के माध्यम से निपटवाकर त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें।

# फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 72वीं वार्षिक आमसभा की आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



- उद्योग जगत के योगदान एवं विकास पर हुआ मंथन

फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एफआईए) की 72वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन शहर में महत्वपूर्ण उद्योगपतियों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं एस्कॉर्ट्स कुबोटा समूह के चेयरमैन निखिल नंदा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने देश और समाज को संगठित करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देना चाहिए, ताकि मानवता का समग्र विकास संभव हो सके। उन्होंने एस्कॉर्ट्स समूह के संस्थापक एच.पी. नंदा के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि 1944 में स्थापित यह समूह मानवता, राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पण की भावना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है।

नंदा ने बताया कि एस्कॉर्ट्स कुबोटा समूह ने 81 वर्षों की अपनी यात्रा पूरी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने के तहत फरीदाबाद में अपना सबसे बड़ा आर एंड डी सेंटर स्थापित करने की योजना को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह कदम रोजगार, नवाचार और औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि एस्कॉर्ट्स समूह की योजनाएं न केवल फरीदाबाद, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। उन्होंने एफआईए द्वारा निखिल नंदा को आमंत्रित करने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे जिले के उद्योग जगत में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रदेश के राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि फरीदाबाद का भविष्य उज्ज्वल है।

# अवैध रेहड़ी-पटरी, खोखे हटाए, सामान भी किया जब्त



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर की सडकों, फुटपाथों व सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को निगम की स्ट्रीट वेंडिंग मैनेजमेंट टीम ने विभिन्न सेक्टरों में व्यापक कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लगी रेहडियों, पटरी बाजार, खोखे, ढाबे और अन्य अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया।

अभियान के दौरान टीम ने सेक्टर-46, 39, 32, 48, 33, 34 के साथ-साथ सोहना रोड पर भी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की।

नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, अतिक्रमण शहर की यातायात व्यवस्था, पैदल मार्गों की सुविधा और सार्वजनिक सुरक्षा को प्रभावित करता है। इसलिए इसे हटाने के लिए निगम की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं और जहां भी अतिक्रमण मिलता है, तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि शहर में सुचारू यातायात, स्वच्छता और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण पर सख्ती आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर को व्यवस्थित, स्वच्छ और नागरिकों के लिए सुगम बनाना है। रेहड़ी वेंडरों को निर्धारित वेंडिंग जोन में ही व्यापार करने की अनुमति है। सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मासिक जांच शिविर में 134 की जांच में 15 लोगों को मोतियाबिंद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मासिक नेत्र जांच शिविर पंजाबी धर्मशाला सोहना में सेंटीस फाउंडेशन की तरफ से आयोजित किया गया। महीने के दूसरे मंगलवार को नेत्र जांच शिविर इसी स्थान पर आयोजित किया जाता है।

मंगलवार को लगाए गए शिविर में 134 लोगों ने नेत्र जांच का लाभ उठाया। इसमें 40 मरीज आंखों की कमजोरी से पीड़ित पाए गए। 15 मरीज मोतियाबिन्द से ग्रसित पाए गए। उन्हें आहूजा हॉस्पिटल ले जाया गया और मुफ्त में ऑपरेशन कराए जाएंगे। 35 मरीजों की पिछले महीने आंखों की नजरें कमजोर पायी गयी थी, उन सभी मरीजों को इस महीने मुफ्त में चश्में दिए गए। मंगलवार को 41 मरीजों की नजरें कमजोर पायी गयी, उनको अगले महीने के दूसरे मंगलवार (13 जनवरी) को शिविर में दिए जाएंगे। सनातन धर्म राम मंदिर सोहना की तरफ से चंद्र प्रकाश पठान, लवली जुनेजा, तिलक राज डुडेजा, राजेन्द्र अरोरा, विपिन मल्होत्रा, विनीत रातोरा, गोपाल गेरा,चंद्रभान रोटरा, अंकुर पठान, मेहुल डुडेजा, अशोक चौधरी के सहयोग से यह नेत्र जांच शिविर संपन्न हुआ।

# मोहन पांडे से समझा इंदौर मॉडल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नगर निगम गुरुग्राम में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें इंदौर से आए वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट मोहन पांडे ने निगम अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। यह बैठक उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह की पहल एवं निमंत्रण पर आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव, संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) डा. प्रीतपाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

इंदौर में बीते वर्षों में लागू किए गए सफल सफाई मॉडल, कचरा प्रबंधन प्रणाली, प्रशासनिक ढांचे और सेग्रीगेशन व्यवस्था का प्रस्तुतीकरण किया गया। निगम अधिकारियों ने गुरुग्राम में चल रही मौजूदा व्यवस्था तथा आगामी योजनाओं की जानकारी एक्सपर्ट के साथ साझा की।

वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट मोहन पांडे ने अपनी कंपनी इंटरनेशनल वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इंदौर नगर निगम में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंदौर में सफाई कार्य के लिए लगभग 11,500 सफाई कर्मचारी तैनात हैं, जिनमें से 9,000 निगम के तथा 3,500 कर्मचारी उनकी कंपनी के हैं। इसके अलावा, मैनुअल सफाई के साथ-साथ शहर में बड़े स्तर पर मैकेनाइज्ड स्वीपिंग भी होती है। उनकी कंपनी प्रतिदिन 800 किलोमीटर सडकों की मशीनों से सफाई कराती है। उन्होंने बताया कि इंदौर में घर-घर से केवल सेग्रिगेट कचरा ही एकत्रित किया जाता है, जिसे छह अलग-अलग श्रेणियों में बांटा जाता है। यह प्रणाली इंदौर को लगातार स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष पर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**सफाई के लिए जल्द ही नए टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे :** बैठक के दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव ने गुरुग्राम में कचरा संग्रहण और सफाई प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहर में 400 वाहन घर-घर से कचरा एकत्रित करने के कार्य में लगे हुए हैं। नई आरएफपी फाइनल हो गई है।

# पवित्र नदियां ही सनातन को जोड़ने का मूल सूत्र हैं

**फरीदाबाद।** यमुना जल जन जागरण अभियान के तहत यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आर एन सिंह ने जोर खोड़ मंदिर में यमुना जी की अविरलता और निर्मलता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हथिनी कुण्ड से ब्रजक्षेत्र तक प्राकृतिक मार्ग में पवित्र यमुना जल का अभाव सनातन धर्म के सामूहिक स्नान-ध्यान और धार्मिक-अध्यात्मिक अनुष्ठानों को प्रभावित कर रहा है, जिससे स्थायी सनातन एकता संकट में है।

डॉ. सिंह ने कहा कि यमुना जल का नहीं होना केवल धार्मिक रूप से गलत नहीं है, बल्कि मानवाधिकार और प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन भी है। उन्होंने केंद्रीय और राज्य सरकारों की संवेदनहीनता पर भी चिंता जताई और जन जागरण के माध्यम से व्यापक आंदोलन का मार्ग सुझाया।

# सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल से पुलिस हिरासत से युवक हुआ फरार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



यहां सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में आपातकालीन विभाग के सामने पुलिसकर्मियों से हाथ छुड़ाकर भाग गया। पुलिस हिरासत से युवक के फरार होने की सूचना तुरंत फैल गई। शहर में पुलिस की सक्रियता से भागे आरोपी को करीब एक घंटे बाद काबू कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार एक अपराध में पुलिस ने रविवार को विभिन्न मामलों में चार युवकों को गिरफ्तार किया था। मंगलवार को उनका मेडिकल कराने के लिए पुलिसकर्मी उन्हें सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल लेकर आए थे। दोपहर करीब दो बजे जब वे अस्पताल के आपातकालीन विभाग के पास पहुंचे तो मौका पाकर पुलिसकर्मियों से हाथ छुड़ाकर फरार हो गया। इससे पुलिसकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस हिरासत से किसी आरोपी का फरार होना बहुत ही गंभीर मामला है। ऐसे में शहर में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई। आरोपी युवक अस्पताल परिसर में बने स्टाफ क्वार्टर्स की तरफ भागा था। उसे पकड़ने के लिए पुलिसकर्मियों ने उनका पीछा किया। करीब एक घंटे तक पसीना बहाने के बाद सेक्टर-10 पुलिस थाना की सीआईए टीम ने दबोचा लिया। आरोपी की पहचान कुलदीप के रूप में हुई है।

# अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सराय ख्वाजा में जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि भ्रष्टाचार समाज और देश को खोखला करने वाली दीमक है, जो विकास में बड़ी बाधा बनती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार इस दिवस का उद्देश्य विश्वभर में भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना और इससे बचने के उपायों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष विश्व में लगभग सत्तर लाख करोड़ रुपये रिश्वत के रूप में दिए जाते हैं।

# 'इंडिगो फ्लाइट प्रकरण आधुनिक ईस्ट इंडिया कंपनी का आभास'

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

- 14 को दिल्ली की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली मील का पत्थर साबित होगी

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित ऐतिहासिक वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली के लिए फर्रुखनगर खंड के गांवों में जनसंपर्क किया।

खुर्रमपुर, खेड़ा खुर्रमपुर, हरिनगर डूमा, मुशेदपुर, जराऊ सुंदरपुर, सिवाड़ी ढाणी, सिवाड़ी, माजरी, बिरहेड़ा, पालडी एवं अलीमुद्दीनपुर में जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि यह महारैली राष्ट्र के संविधान, लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निरंतर गिरती हुई गरिमा की सुरक्षा के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह महारैली देश के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य को परिवर्तित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। सुखबीर तंवर ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र की स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए इंडिगो हवाई सेवा में लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं, यात्रियों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार और केंद्र सरकार की नीतिगत विफलता पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी भी व्यापार के नाम पर आई थी। पहले सुविधायें, फिर एकाधिकार और फिर शासन तथा गुलामी।

# समय व गुणवत्तापूर्ण करें कार्य : सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




- सीईओ सुमित कुमार की अध्यक्षता में पीएमएजीवाई जिला स्तरीय बैठक

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमित कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के तहत गठित जिला स्तरीय अभिसरण समिति (डीएलसीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागों के समन्वय तथा चयनित गांवों के विकास प्रस्तावों की समीक्षा करना था।

बैठक में जिले के चयनित आदर्श गांवों लोहसिंघानी, लांगड़ा, मुजफ्फरा, फरीदपुर, राजपुरा और बस्तपुर में पीएमएजीवाई के तहत चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत प्रगति समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि गांवों में विभिन्न चरणों में सडक निर्माण, पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, शिक्षा ढांचे के सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार से जुड़े कार्य जारी हैं। सीईओ सुमित कुमार ने कहा कि पीएमएजीवाई का मुख्य उद्देश्य चयनित गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करना है। जहां सभी बुनियादी सुविधाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध हों।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का अभिसरण कर ग्रामीण क्षेत्रों में आवास, स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक संपर्क, डिजिटल कनेक्टिविटी और सामुदायिक संरचना जैसी आवश्यक सेवाओं को सुदृढ़ किया जाता है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे तैयार किए गए ग्राम विकास योजना के अनुसार निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करें, ताकि चयनित गांव जल्द से जल्द आदर्श ग्राम के मानकों को प्राप्त कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### कार कंपनी ने 27.50 लाख में खरीदा 0001 नंबर

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के एक निजी प्रतिष्ठान ने मर्सिडीज कार के लिए '0001' वीआईपी वाहन नंबर 27.50 लाख रुपये की रिकॉर्ड बोली लगाकर खरीदा है। परिवहन विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में किसी आकर्षक नंबर के लिए पहली बार वाहन मालिक की ओर से इतनी बड़ी राशि जमा कराई गई है। कंपनी ने बोली जीतने के बाद पूरी रकम जमा भी करा दी है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 'यूपी-16 एफएच' श्रृंखला के आकर्षक नंबरों की ऑनलाइन नीलामी में यह नंबर दवा कंपनी 'एम/एस अविओरियन प्राइवेट लिमिटेड' ने हासिल किया। विभाग के मुताबिक, '0001' नंबर का 'बेस प्राइस' एक लाख रुपये है, जिसके आधार पर नीलामी शुरू होती है। विभाग ने बताया कि कंपनी ने 27,50,000 रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई और नंबर अपने नाम सुरक्षित कर लिया। गौतमबुद्ध नगर के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) नंद कुमार ने बताया कि आकर्षक नंबरों के लिए लोगों में हमेशा विशेष उत्साह रहता है और कई वाहन मालिक इन्हें पाने के लिए ऊंची बोली लगाने में भी पीछे नहीं रहते। इस बार बोली न सिर्फ सर्वाधिक रही, बल्कि पूरे पैसे जमा भी करा दिए गए।

### महिला को बेसुध कर जेवर ले उड़े बदमाश

**गाजियाबाद।** सिहानीगेट थानाक्षेत्र में टप्पेबाजों ने रुमाल झाड़कर बेसुध करने के बाद महिला से लाखों रुपए के सोने के जेवर ठग लिए और फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़िता ने सिहानी गेट थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर बदमाशों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। शिब्बनपुरा में गुरुद्वारे के सामने वाली गली में रहने वाली बाला देवी का कहना है कि सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सब्जी लेने सोमवार बाजार गई थीं। कश्यप पार्क के पास एक युवक उनके पास पहुंचा और आनंद विहार जाने का रास्ता पूछने लगा। तभी दूसरा युवक भी वहां आ गया और पहले की बात सुनकर उनसे पहले वाले युवक को रास्ता बताने और मदद करने के लिए प्रेरित करने लगा। बाला देवी के मुताबिक इसी दौरान दूसरे युवक ने अपनी पैंट की जेब से एक रुमाल निकाला और उनके मुंह के पास झटक दिया। उसके बाद वह बेसुध सी हो गईं और दोनों युवकों की बातों में आकर उनके साथ चल पड़ी।

### अधिवक्ता से मारपीट करने वाले चार गिरफ्तार

**ट्रांस हिंडन।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में अधिवक्ता के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिवक्ता नीशू चंदपुरिया ने कार सवार युवकों पर अपहरण कर मारपीट, लूटपाट और रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में रवि, दीपक सिंह पांडा, सूरज सिंह बिष्ट और सुमित को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि छह दिसम्बर की रात उनकी अधिवक्ता से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। कहासुनी के चलते उन्होंने अधिवक्ता के साथ मारपीट कर दी थी। पकड़े गए आरोपियों के फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

### साझेदार पर धमकी देने का आरोप

**ट्रांस हिंडन।** दीपक विहार में रहने वाले जाकिर ने बताया कि फैजान निवासी सिटी सेंटर थाना बिसरख ग्रेटर नोएडा से उसका साझेदार था। उसने फैजान के साथ किए गए व्यापार का पूरा हिसाब-किताब कर दिया था। आरोप है कि बीते दिनों फैजान उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए हत्या की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर खोड़ा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### भाकियू महात्मा का निवाड़ी थाने पर प्रदर्शन

**मोदीनगर।** निवाड़ी थानाक्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों पर नियंत्रण की मांग को लेकर भाकियू महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने निवाड़ी थाने पर तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। आरोप है कि पुलिस पैसे लेकर एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है। भाकियू महात्मा टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी विनीत त्यागी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र होकर निवाड़ी थाने पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। किसान जमीन पर बैठ गए और धरना शुरू कर दिया। उन्होंने थाना प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

### हिंडन एयरपोर्ट से पटना और चेन्नई की उड़ान रद्द रही

**ट्रांस हिंडन।** इंडिगो की उड़ानें मंगलवार को आठवें दिन भी बाधित रहीं। पटना से आने और चेन्नई को जाने वाला विमान उड़ान नहीं भर सका। इसके चलते यात्रियों को परेशानी हुई। हिंडन एयरपोर्ट पर दिसंबर के दूसरे दिन से ही इंडिगो की उड़ानें बाधित हो रही हैं। हर दिन कोई न कोई उड़ान रद्द होती है। हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण के निदेशक डॉ. चिलका महेश ने बताया कि पटना से हिंडन एयरपोर्ट आने वाली उड़ान और हिंडन एयरपोर्ट से चेन्नई जाने वाली इंडिगो की उड़ान मंगलवार को रद्द रही।

### निगम मुख्यालय में एक और नई लिफ्ट लगेगी

**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में एक और नई लिफ्ट लगाई जाएगी। निगम ने इसका टेंडर जारी कर दिया है। पुरानी लिफ्ट नंबर दो को बदलने के लिए करीब 27.25 लाख रुपये खर्च होंगे। निगम ने लोगों की सुविधा के लिए दो नई लिफ्ट कुछ दिनों में लगाई है। तीसरी लिफ्ट लगाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। टेंडर की शर्तों में पुरानी लिफ्ट हटाकर नई लगाने और दो साल का रखरखाव शामिल किया है। यह लिफ्ट पांच लैंडिंग के साथ लगेगी। इसकी ट्रेवल हाइट 18,800 मिमी रहेगी। निगम अधिकारी ने बताया कि लिफ्ट संख्या दो काफी पुरानी हो गई है। लिफ्ट को बदलना जरूरी है। नई लिफ्ट लगने से लोगों को राहत मिलेगी।

### राशन का वितरण आज से होगा

**गाजियाबाद।** जिले में राशन का वितरण 10 दिसंबर से शुरू होगा, जो 28 दिसंबर तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को 21 किलोग्राम चावल और पात्र गृहस्थी राशन कार्ड पर प्रति यूनिट दो किलो गेहूं, तीन किलो चावल दिया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड तीन किलो चीनी 54 रुपये में वितरित की जाएगी। राशन लेने में समस्या आती है तो जिला पूर्ति अधिकारी के कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं।

नोएडा में कॉल सेंटर ठगी का भंडाफोड़

# बेरोजगार युवाओं से पैसे ठगने वाला मास्टरमाइंड गिरफ्तार

- 1 लैपटॉप, 3 चैकबुक, 19 डेबिट कार्ड, 29 सिम कार्ड, 30 मोबाइल फोन बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



भारत देश की मल्टी नेशनल कंपनियों में नौकरी दिलवाने के नाम पर बेरोजगार युवक-युवतियों से ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का थाना साइबर क्राइम व थाना फेस-1 पुलिस ने संयुक्त रूप भंडाफोड़ करते हुए मास्टरमाइंड साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 1 लैपटॉप, 3 चैकबुक, 3 पासबुक, 19 डेबिट कार्ड, 29 सिम कार्ड, 30 मोबाइल फोन व 172 वर्क कालिंग संबंधित डाटा बरामद किया है।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि आज थाना साइबर क्राइम व थाना फेस-1 पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से देश की मल्टी नेशनल कंपनियों में नौकरी दिलवाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए मास्टरमाइंड साइबर अपराधी विशाल कुमार पुत्र उमेश कुमार को सेक्टर-2 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि यह गिरोह फर्जी मेल आईडी, कॉल लेटर एंव अपॉइंटमेंट बॉड जैसे दस्तावेजों का उपयोग करते हुए लोगों से कमीशन के नाम पैसे लेता था।

डीसीपी ने बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया है कि कॉल सेन्टर के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को काल करके उनको मल्टिनेशल कम्पनी में नौकरी दिलाने का लालच देकर रजिस्ट्रेशन के नाम पर 4 हजार से 25 हजार रुपए की ठगी की जाती थी। विभिन्न कम्पनियों के नाम पर फर्जी ईमेल आईडी तैयार कर लोगों को ऑफर लेटर भेजकर उनसे प्लेसमेन्ट के नाम पर विभिन्न फर्जी बैंक खातों में धनराशि ट्रांसफर कराते थे। अभियुक्त, द्वारा करीब 10 से अधिक फर्जी बैंक खातों में बेरोजगार युवकों से लेनदेन करते थे। उन्होंने बताया कि सभी खातों को पुलिस द्वारा फ्रीज कराया गया है।

### शेयर बाजार में निवेश के नाम पर इंजीनियर से 50 लाख रुपये ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने इंजीनियर को शेयर बाजार में निवेश करने का झांसा देकर 50 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने पीड़ित को 20 से 30 प्रतिशत मुनाफा होने का विश्वास दिलाया। पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित उपवन सोसाइटी में रहने वाले राजेंद्र डोगरा गुजरात की प्राइवेट कंपनी के कार्यालय में कार्यरत हैं। वर्तमान में वह घर से कार्य कर रहे हैं। वह शेयर बाजार में निवेश करने में भी रुचि रखते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 20 सितंबर को प्रवीण पटेल नाम के व्यक्ति ने फोन कॉल कर खुद को शेयर बाजार का विशेषज्ञ होने का दावा किया।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से थोड़ी राहत



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दिल्ली-एनसीआर में कई दिनों से बनी विषाक्त हवा के बीच मंगलवार सुबह लोगों को थोड़ी राहत मिलती दिखाई दी। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही सतही हवाओं ने वायु प्रदूषण को कुछ हद तक कम किया है।

हवा की गति बढ़ने से प्रदूषक कण ऊपरी वायुमंडल में फैलने लगे हैं, जिसका असर सीधे तौर पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के स्तर पर देखा जा रहा है। शहर में प्रदूषण का स्तर लगातार 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी तक दर्ज किया जा रहा था, लेकिन आज कई मॉनिटरिंग स्टेशन 300 के नीचे आते दिखाई दिए।

नोएडा में एक्यूआई में सुधार, कुछ स्टेशनों पर स्तर 255 के करीब सीपीसीबी और यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानक स्टेशनों के अनुसार नोएडा के सेक्टर-62 में एक्यूआई 255, सेक्टर-125 में एक्यूआई 313 और सेक्टर-116 में एक्यूआई 307 दर्ज किया गया। दिल्ली में भी कुछ जगहों पर स्थिति सुधरी दिखाई दी है।

दिल्ली के कई मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई 300 के नीचे दर्ज किया गया। उपलब्ध डेटा के अनुसारः पुसा- 270, शादीपुर -239, विवेक विहार -323, वजीरपुर - 320 और आरके पुरम - 313 एक्यूआई दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमानः कल से छाएगा कोहरा।

### अवैध दवाओं की बिक्री पर 14 दुकानों का लाइसेंस निरस्त

**गाजियाबाद।** अवैध रूप से प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने पर औषधि विभाग ने 14 दुकानों के लाइसेंस निरस्त किए हैं। शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में कुछ मेडिकल स्टोर पर बिना रिकॉर्ड प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की शिकायत आ रही थी। इसको लेकर कार्रवाई की गई है। औषधि विभाग दवाओं की कालाबाजारी करने वालों पर नकेल कसने के लिए सख्ती कर रहा। इसके तहत बीते दिनों पुरानी दवाओं की खरीद और बिक्री का ब्योरा न देने पर 14 दुकानों का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। टीम को इनमें से कुछ दुकानें बंद मिलीं तो कुछ पर संबंधित कागजात नहीं मिले। विभाग की टीम इंदिरापुरम, नई बस्ती, मोदीनगर और राजनगर सहित विभिन्न पर संचालित हो रहीं दुकानों पर जांच कर रही।

## प्राचार्य को हटाने की मांग को लेकर एबीवीपी ने धरना दिया




पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित एमएम डिग्री कॉलेज में प्राचार्य कार्यालय के सामने मंगलवार को एबीवीपी के कार्यकताओं ने धरना दिया। उनकी मांग थी कि जब तक प्राचार्य को नहीं हटाया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। एमएम डिग्री कॉलेज परिसर में 15 दिन पहले एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री चिरायू शर्मा के साथ मारपीट हुई थी। इस मामले में प्राचार्य सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। आरोप है कि कॉलेज में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती में धांधली हुई है। उन्होंने प्राचार्य को तुरंत निलंबित करने की मांग की।

## बार-रेस्टोरेंट की सघन चेकिंग जारी, नव वर्ष से पहले सुरक्षा इंतजामों पर प्रशासन सख्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गोवा के नाइट क्लब में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के बाद गौतमबुद्धनगर प्रशासन पूरी तरह सतर्क मोड में आ गया है। जन-सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की ओर से जिलेभर में बार, रेस्टोरेंट और विभिन्न मनोरंजन स्थलों की संयुक्त सघन जांच जारी है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ), फायर सर्विस विभाग, आबकारी विभाग और विद्युत सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीमें शामिल हैं, जो सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच कर रही हैं।

अधिकारियों के अनुसार, इस चेकिंग अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले के किसी भी बार या मनोरंजन स्थल में अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा या जन-सुरक्षा नियमों की अनदेखी न होने पाए। गोवा जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन ने सभी संवेदनशील स्थानों पर औचक निरीक्षण तेज कर दिया है। अब तक लगभग 50 बार और रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहन जांच की गई। चेकिंग के दौरान टीमों द्वारा आपातकालीन निकास द्वारों की उपलब्धता और उनकी कार्यशीलता, फायर अलार्म, फायर एक्सटिंग्विशर जैसे उपकरणों की वैधता और स्थिति, इलेक्ट्रिकल वायरिंग, अर्थिंग और ओवरलोडिंग की संभावनाओं की गहन जांच की जा रही है। साथ ही गैस सिलिंडरों की सुरक्षित स्थिति, वेंटिलेशन और स्मोक मैनेजमेंट, निर्धारित क्षमता के अनुरूप भीड़ नियंत्रण और लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन भी प्रमुख रूप से किया जा रहा है।

## अस्पताल में आशा कार्यकर्ता और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बीच मारपीट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

महिला अस्पताल में मंगलवार आशा कार्यकर्ता और चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। आशा कार्यकर्ता अपने साथ आई गर्भवती से किसी दूसरी महिला मरीज की एचआईवी रिपोर्ट ले रही थी। ड्यूटी पर तैनात सफाईकर्मी के आपत्ति जताने पर बात बढ़ गई और मामला पुलिस तक जा पहुंचा। सीएमएस के हस्ताक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के मुताबिक विजयनगर निवासी आशा कार्यकर्ता शिल्पी अपने साथ महिला मरीज को लेकर महिला अस्पताल आई थी। आरोप है कि आशा अपने मरीज से किसी अन्य मरीज की एचआईवी रिपोर्ट भी लेना चाहती थी, लेकिन सफाई कर्मी सविता ने यह कहते हुए रोक दिया कि मरीज अपनी रिपोर्ट स्वयं लेगी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। कहासुनी के बीच शिल्पी ने सफाई कर्मी सविता को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद दोनों के बीच काफी देर तक धक्का मुक्की हुई। इस दौरान सभी सफाईकर्मी इकट्ठा हो गईं और आशा के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए काम बंद कर दिया। सफाईकर्मियों ने 112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। आशा और सफाई तीसरी मंजिल पर सीएमएस के कमरे के बाहर एकत्रित हो गए। बाद में पुलिस की मौजूदगी में आरोपी आशा ने सफाईकर्मी से माफी मांगी और भविष्य में घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने का आश्वासन दिया। वहीं सीएमएस की ओर से सफाईकर्मियों को आशा काउंटर ओपीडी से बाहर करने का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ।

## संजय निषाद के आपत्तिजनक बयान के खिलाफ प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ. संजय निषाद द्वारा बलिया जनपद और देशवासियों के प्रति दिए गए आपत्तिजनक और अमर्यादित बयान के विरोध में आज क्षत्रिय करणी सेना ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सूरजपुर स्थित जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सेना के कार्यकताओं ने महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम वेद प्रकाश पांडे को सौंपा।

जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के दौरान क्षत्रिय करणी सेना के नोएडा महानगर अध्यक्ष ठाकुर संग्राम सिंह चौहान ने कहा कि मंत्री संजय निषाद की टिप्पणी से क्षत्रिय समाज, बलिया निवासी और स्थानीय नागरिकों में गहरा रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि बलिया एक गौरवशाली और ऐतिहासिक जनपद है, जिसने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद मंगल पांडे जैसे वीरों को जन्म दिया है। ऐसे सम्मानित जनपद के लिए असंवेदनशील टिप्पणी कतई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और एक जिम्मेदार पद पर बैठे मंत्री से संयमित भाषा की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान न केवल संवैधानिक मयार्दा का उल्लंघन हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी बिगाड़ते हैं।

एसडीएम को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि मंत्री के विवादित बयान की न्यायिक जांच कराई जाए। सामाजिक भावनाओं को आहत करने के चलते उन्हें तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए। संवैधानिक मयार्दा भंग करने पर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो।

वहीं ज्ञापन में क्षत्रिय करणी सेना ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय के भीतर संजय निषाद को निलंबित नहीं किया गया और उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन पूरे उत्तर प्रदेश में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संगठन ने स्पष्ट किया कि इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के दौरान प्रदेश प्रवक्ता विपिन सिंह सूर्यवंशी, नोएडा महानगर अध्यक्ष ठाकुर संग्राम सिंह चौहान, जोगिंदर, शैलेंद्र, निक्कू राजा, सूरज, शिवम, सोनू, मोहित, आकाश सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाए गये सीएससी सेंटर

# नए साल से 11 पंचायतों को मिलेगी सीएससी की सौगात

- सेंटरों में विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, पेंशन, राशन कार्ड से लेकर अन्य सुविधाएं मिल सकेंगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उनमें कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) बनाए जा रहे हैं। यह सर्विस सेंटर नए साल से शुरू हो जाएंगे। इन सेंटरों में विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, पेंशन, राशन कार्ड से लेकर अन्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

जिले की पंचायतों में लोगों के जीवन को तकनीक के माध्यम से आसान बनाने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक सेंटर को पांच लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इन सेंटरों का संचालन जनवरी यानी नए वर्ष से शुरू किया जा सकेगा। इससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से लेकर अपने विभिन्न कार्य कराने के लिए सुविधा मुहैया हो सकेगी। यह सेंटर नाहल, मोह डबारसी, तलहेटा और मुरादगाम पुर्सी, रिवाली कला, बड़का आरिफपुर, मोरटी, नूरपुर, मसूरी, कौशलिया, सादतनगर इकला ग्राम पंचायत में बनाए जा रहे हैं। पांच लाख रुपये की लागत से बन रहे इन केंद्रों को कंप्यूटर सिस्टम, इंटरनेट कनेक्शन और साफ-सुथरे कार्यालय के साथ ग्रामीणों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं। इन भवनों का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है। अधिकांश केंद्रों में प्लास्टर, बिजली फिटिंग और फर्नीचर का काम पूरा हो चुका है।

**एक छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलेंगी:** अब तक ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र बनवाने, पेंशन से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करने, राशन कार्ड संशोधन कराने या पैन कार्ड बनवाने के लिए शहरों में स्थित साइबर कैफे या सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। इससे समय के साथ रुपये भी ज्यादा खर्च होते थे। इन ग्राम पंचायतों में सीएससी सेंटर के बनने से ग्रामीण लोगों को अपने घर के नजदीक ही एक छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल सकेंगी। लोगों को जन्म, मृत्यु, निवास, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन योजनाओं के लिए आवेदन, पैन कार्ड बनवाने से लेकर राशन कार्ड में नाम जोड़ने तक की सुविधाएं मिलेंगी।

**खर्च भी कम होने का दावा:** इस समय लोगों को अपने विभिन्न कार्य कराने के लिए अपने घर से दूर जाने के साथ अधिक राशि खर्च करनी पड़ती है। वहीं, इन केंद्रों के बन जाने से यहां निजी साइबर कैफे के मुकाबले कम खर्च में जाति, आय, मूलनिवास प्रमाण पत्र बनने से लेकर बैंकिंग सुविधाएं आदि कार्य हो सकेंगे। जिससे ग्रामीणों के समय की बचत के साथ रुपये की बचत हो सकेगी।

जाहिद हुसैन, पंचायती राज अधिकारी, कॉमन सर्विस सेंटर बनने से लोगों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिल सकेंगी। इन सेंटर को नए वर्ष से शुरू किया जाएगा। सीएससी पर लोग बैंकिंग सुविधाओं से लेकर विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र भी बनवा सकेंगे।

# एमएमजी अस्पताल में 15 बेड का विशेष कोल्ड वेव वार्ड तैयार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ठंड को देखते हुए एमएमजी अस्पताल में मरीजों के लिए 15 बेड का विशेष कोल्ड वेव वार्ड तैयार कर लिया गया। वार्ड में हीटर के अलावा गर्म हवा चलाने वाली मशीनें और अतिरिक्त कंबल उपलब्ध कराए गए हैं। सर्दी के मौसम में शीतलहर से बीमार होने वाले लोगों की संख्या बढ़ जाती है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह और जनवरी में शीतलहर चलने का अनुमान है। इसको देखते हुए अस्पताल में कोल्ड वेव वार्ड बनाया गया है। इसके अलावा लगातार बढ़ रही सर्दी की वजह से सामान्य, महिला, सर्जिकल और बच्चा वार्ड को पूरी तरह गर्म रखने के लिए इंतजाम किए गए हैं।

कोल्ड वेव वार्ड में मरीजों को ठंड से राहत देने के लिए हॉट वॉटर बैग, अतिरिक्त कंबल और वार्म कूलर की व्यवस्था की गई है। सीएमएस डॉ. राकेश कुमार का कहना है कि कोल्ड वेव के दौरान मरीजों की संख्या में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। ऐसे में विशेष वार्ड मरीजों को राहत देगा। हड्डी रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में 70 फीसदी मरीज ठंड से हड्डियों में जकड़न और दर्द की शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं।

एमएमजी अस्पताल में मंगलवार को 2449 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें 1232 महिलाएं, 540 पुरुष और 377 बच्चे शामिल रहे। इनमें से हड्डी रेग विशेषज्ञ की ओपीडी में 250 से ज्यादा मरीज इलाज के लिए पहुंचे। इनमें 70 फीसदी मरीज जोड़ों के दर्द से संबंधित थे। संयुक्त अस्पताल में 976 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 150 मरीज ऑर्थोपेडिक सर्जन के पास पहुंचे। 100 से ज्यादा महिलाओं और बुजुर्गों ने जोड़ों के दर्द की शिकायत की।

> अस्पताल के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. शेखर यादव का कहना है कि ठंड में शरीर का रक्त संचार प्रभावित होता है, जिससे जोड़ों में सूजन, अकड़न और दर्द बढ़ जाता है। बुजुर्गों में पहले से मौजूद ऑस्टियोआर्थराइटिस की दिक्कत सर्दियों में और बढ़ जाती है। वहीं, महिलाओं में कैल्शियम की कमी और हार्मोनल परिवर्तन भी दर्द को बढ़ाने में भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि दवा के साथ फिजियोथैरेपी कराने से भी मरीजों को दर्द से राहत दी जा रही।

## साइबर ठगी का जाल
# सुप्रीम कोर्ट सख्त

डिजिटल युग की तेज़ी से बदलती दुनिया में भारत जिस रफ्तार से तकनीक को आत्मसात कर रहा है, उसी गति से अपराधियों ने भी अपने मंसूबों को नया रूप दे दिया है। इंटरनेट बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट और मोबाइल आधारित सेवाओं ने जहां जनजीवन को सरल बनाया है, वहीं इसी सुविधा का दुरुपयोग करते हुए साइबर अपराधी अब ऐसे तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं जिनमें आम नागरिक को यह समझ ही नहीं आता कि वह कब जाल में फंस गया। हाल के महीनों में सबसे भयावह रूप में उभरा डिजिटल अरेस्ट स्कैम न केवल लोगों की कमाई को चूस रहा है, बल्कि नागरिकों के भीतर कानून, सुरक्षा व्यवस्था और डिजिटल तंत्र के प्रति भय भी पैदा कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी बढ़ते खतरे पर गहरी चिंता जताते हुए इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है और केंद्र सरकार से इस खतरे की जड़ों तक पहुँचने और इसे खत्म करने का हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष यह मुद्दा तब गंभीर रूप से उभरा जब अक्टूबर में स्वतः संज्ञान लिए गए इस मामले में गतिशील सुनवाई शुरू हुई और सामने आया कि डिजिटल अरेस्ट जैसे स्कैम में भारतीयों से तीन हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की ठगी हो चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान का नहीं, बल्कि उस भरोसे के टूटने का भी है जो आम नागरिक देश की साइबर सुरक्षा प्रणाली से रखता है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम का तरीका बेहद खतरनाक और मनोवैज्ञानिक दबाव से भरा होता है। इसमें पीड़ित के मोबाइल पर किसी सरकारी अधिकारी, पुलिस, सीबीआई, ईडी या अदालत के नाम से कॉल आता है। कॉलर द्वारा दावा किया जाता है कि पीड़ित किसी अपराध में शामिल है और उसकी तुरंत डिजिटल गिरफ्तारी की जा रही है। इसके बाद उससे कहा जाता है कि वह अपने मोबाइल का कैमरा चालू रखे, किसी कमरे में बंद हो जाए और किसी से बात न करे। अपराधी इस दौरान पीड़ित पर डर, तनाव और शर्मिंदगी का इतना दबाव बना देते हैं कि वह बिना समझे अपने पैसे उनके खातों में भेज देता है। यह पूरा घटनाक्रम न केवल अपराधियों की मानसिक तकनीकों को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि किस तरह बुजुर्ग और अकेले रहने वाले नागरिक ऐसे मामलों में आसानी से निशाना बन जाते हैं। 2025 में ही साइबर ठगी की 1.23 लाख शिकायतें दर्ज होना यह संकेत है कि साइबर अपराध अब सीमित दायरे की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय चुनौती का रूप ले चुकी है। इनमें से 17, 718 मामले केवल डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े पाए गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन ठगी मामलों में सबसे ज्यादा निशाना 60 वर्ष से ऊपर के नागरिक बने हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि लगभग 82 प्रतिशत पीड़ित बुजुर्ग वर्ग से संबंधित हैं, जिनमें से अधिकांश तकनीक के उपयोग में अपेक्षाकृत कम सहज होते हैं और डिजिटल धमकियों या सरकारी नाम के पीछे छिपी धूर्तता को तुरंत समझ नहीं पाते। युवाओं को लेकर चल रहे साइबर जागरूकता अभियानों के बीच यह वर्ग अभी भी सुरक्षा कवच से बुरी तरह वंचित दिखाई देता है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची शामिल हैं ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई भी नियम भारतीय कानून में अस्तित्व ही नहीं रखता। किसी व्यक्ति को केवल डिजिटल माध्यम से, वह भी बिना किसी विधिक प्रक्रिया के, अरेस्ट करना तो दूर, उसकी गतिविधियों को नियंत्रित करने का अधिकार भी किसी एजेंसी को नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि जिस तरह से अपराधी सरकारी एजेंसियों का नाम लेकर आम जनता को भयभीत कर रहे हैं, वह स्थिति अत्यंत गंभीर है और केंद्र सरकार को दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय, वित्तीय क्षेत्र नियामकों और आईटी कंपनियों की संयुक्त जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत अकेला देश नहीं है जो इस तरह के फिशिंग और धोखाधड़ी नेटवर्क का शिकार हो रहा है। म्यांमार, कम्बोडिया और लाओस जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में मौजूद साइबर ठगी के बड़े गिरोह इस तरह के अपराधों के प्रमुख स्रोत हैं।

# संघ का सनातन एवं प्रकृति-दर्शन

**ललित गर्ग**




भारत की सांस्कृतिक चेतना की जड़ में पंचमहाभूतों की जीवन-व्यवस्था है-भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश का संतुलन ही भारतीय ज्ञान-तंत्र की आत्मा है। ''भगवान'' शब्द के अक्षरों में निहित पंचतत्त्वों का सार यही दर्शाता है कि भारतीय जीवन-दर्शन में भगवान कोई बाहरी सत्ता नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति का सुसंगठित योग है। यही दृष्टि सनातन कहलाती है, नित्य प्रवाहमान, पुनर्जननशील, अविनाशी। जब भारत का जीवन इसी तत्त्वदृष्टि से संचालित था, तब वह न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी विश्व-गुरु था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में यह विचार और भी प्रासंगिक हो उठता है कि संघ का अस्तित्व ही सनातन जीवन-शैली की पुनर्स्मृति, पुनर्रचना और पुनर्स्थापना का प्रयत्न है। संघ नेतृत्व विशेषकर सरसंघचालक श्री मोहन भागवत की दृष्टि इस मूल दर्शन की आधुनिक व्याख्या है- ''भारत की पहचान धर्म से है और धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि वह जीवन-शैली है, जिसमें प्रकृति, समाज, संस्कृति और आत्मा का संतुलन हो।'' उनकी यह बात भारत की वैदिक चेतना को वर्तमान विश्व-यथार्थ में स्थापित करती है।

संघ के शताब्दी वर्ष का समय केवल एक संगठनात्मक उत्सव नहीं बल्कि भारत की सनातन जीवन पद्धति के पुनरुत्थान का क्षण है। संघ सरचालक श्री मोहन भागवत बार-बार यह कहते रहे हैं कि भारत का अस्तित्व किसी राजनीतिक ढांचे से नहीं बल्कि उसकी प्रकृति और संस्कृति के अखंड योग से बना है। भारतीय जीवन का यह सत्य पंचमहाभूतों के योग में निहित है, जिनसे सृष्टि बनी और जिनकी गति को भगवान कहा गया। मोहन भागवत का दृष्टिकोण इस सत्य को आधुनिक भाषा में समझाता है कि सनातन केवल कोई धर्म नहीं बल्कि वह जीवन-तंत्र है जो मानव और प्रकृति के संतुलन से चलता है। भारतीयता प्रकृति-पूजक है और संस्कृति को उसी प्रकृति की लय पर निर्मित करती है।

आज की दुनिया युद्ध, आतंक, प्रतिस्पर्धा और पकर्यावरणीय संकट से त्रस्त है। मानव की भूख केवल संसाधन और उपभोग तक सीमित होने से जीवन तनाव, प्रदूषण और अव्यवस्था का पर्याय बनता जा रहा है। यही पश्चिमी दुनिया की शोषणकारी दृष्टि रही जिसने प्रकृति पर नियंत्रण को प्रगति माना, जबकि भारत की दृष्टि पोषण और सहअस्तित्व की थी। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत का मार्ग ''सबका हित और सबके साथ'' पर आधारित है, क्योंकि भारतीय समाज ने प्रकृति को माता माना और संस्कृति को उसका स्वरूप। यह वही दृष्टि है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जीवन के चार आयाम हैं; जहां मोक्ष की चाह लालच रहित आनंद में है और जीवन को आरोग्य बनाना ही संस्कृति का प्रमुख लक्ष्य है। संघ का जीवन यही संदेश देता है कि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व तभी स्वस्थ होंगे जब मानव प्रकृति के साथ समरस जीवन जिएगा। आज जब राष्ट्रवाद को भौतिक शक्ति से मापा जा रहा है, तब मोहन भागवत इसके आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। राष्ट्र उनके लिए भू-भाग ही नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कृति, प्रण और परंपरा का जीवंत व्यक्तित्व है। वे कहते हैं कि भारत की शक्ति उसकी विविधता और सामंजस्य में है, और सनातन इसलिए सनातन है क्योंकि वह पुनर्जननशील है; वह कभी समाप्त नहीं होता क्योंकि उसका आधार प्रकृति है। यही कारण है कि संघ की जीवन शैली में ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य आधारित आहार-विहार, चरित्र निर्माण और संतुलित व्यवहार को स्थान दिया गया। गांव, गौ-संवर्धन, हस्तशिल्प, लोक-जीवन, जैविक खेती, नदी-पुनरुद्धार, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं आत्मनिर्भर भारत-ये नीतियां आधुनिक रूप में ''भू-सांस्कृतिक मानचित्र'' की पुनर्स्थापना हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जीवन दृष्टि को आधुनिक शासन में उतारा है। योग का विश्वदिवस घोषित होना, आयुर्वेद का पुनर्धर्म, ''माई लाइफ़ माई योगा'', ''पंचामृत'', ''लोकल टू ग्लोबल'', ''वोकल फॉर लोकल'', जी-20 की भारतीय दर्शन आधारित थीम ''वसुधैव कुटुम्बकम्'', मिशन लाइफ, प्राकृतिक खेती, पारंपरिक चिकित्सा मंत्रालय, मंदिरों का पुनर्जीवन, सांस्कृतिक आत्मविश्वास का उदय-ये सब उस सनातन दृष्टि के शासन रूप हैं जिसे संघ वर्षों से साधता आया है। मोदी के नेतृत्व में भारत की राजनयिक भूमिका आध्यात्मिक भाषा में उभर रही है, जहां युद्ध की भाषा की जगह सहजीवन की भाषा है, प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग की भूमिका है। मोहन भागवत कहते हैं कि ''भारत को दुनिया में नेतृत्व अपने धर्म से मिलेगा, किसी वर्चस्व से नहीं।'' यही धर्म प्रकृति और संस्कृति के संतुलन का वह सिद्धांत है जिसने भारत को दार्शनिक राष्ट्र बनाया।

आज दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, महामारी, अकेलापन, मानसिक तनाव और युद्ध के बीच टूट रही है। पश्चिमी विज्ञान समाधान के लिए रोबोट, जीन इंजीनियरिंग या डिजिटल कृतक जीवन की ओर जा रहा है, जबकि भारतीय अध्यात्म कहता है कि समाधान भीतर है, प्रकृति के साथ है, समरस संस्कृति के साथ है। यही संघ का कथन है कि ''मानव को मनुष्य बनाना ही राष्ट्र निर्माण है।'' संघ का जीवन तंत्र व्यक्ति में यह भरोसा जगाता है कि वह सृष्टि से जुड़ा है, पंचमहाभूतों का अंश है, और उसका धर्म है कि वह प्रकृति और समाज दोनों का पोषण करे। संघ की शाखाओं में हर प्रार्थना ''नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे'' यह स्मरण दिलाती है कि भारत माता केवल प्रतीक नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति का योग है, जिसे जीना ही सनातनता है। संघ के लिए सनातन केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि आधुनिक मनुष्य के लिए नैतिक और सामाजित अनुशासन की ऊर्जा है। संघ स्वयंसेवक जब शाखा में प्राणायाम, सूर्यनमस्कार, योगासन और सामूहिक भाव-विन्यास करते हैं, तो वे भारतीय संस्कृति के मूल सूत्र ''प्रकृति-संस्कृति योग'' को साधते हैं।

मोहन भागवत यह भी कहते हैं कि भारत का मार्ग किसी पर थोपने का नहीं है बल्कि जगत को दिखाने का है कि शांति, समृद्धि और संतोष कैसे प्राप्त हो सकते हैं। उनके वक्तव्यों में स्पष्ट है कि सनातन जीवन-पद्धति ''ग्रहण और उपभोग'' नहीं बल्कि सहजीवन और पोषण सिखाती है। एक ओर पश्चिमी मॉडल शोषण, नियंत्रण का जीवन देता है, विज्ञान भी वहां सत्ता का औजार है; दूसरी ओर सनातन दर्शन अध्यात्म और विज्ञान को पूरक बनाता है, भौतिकी को आध्यात्मिक चेतना से संचालित करता है। यही अंतर भारत और विश्व को दिशा देता है। उनकी दृष्टि में भारत की समस्याओं का समाधान शिक्षा प्रणाली के पुनर्संयोजन में है, जिसमें ज्ञान केवल तकनीक न हो बल्कि जीवन विद्या हो। वे कहते हैं कि यदि भारत प्रकृति आधारित संस्कृति को पुनर्जीवित करेगा तो आरोग्य, आनंद और मोक्ष की दिशा में एक नई मनुष्यता जन्म लेगी। यह केवल भारत के लिए नहीं बल्कि विश्व के लिए समाधान है क्योंकि विश्व के संकट का मूल मानव और प्रकृति के बीच का विभाजन है। आज संघ का शताब्दी वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह भारत के सनातन पुनरुत्थान का ऐतिहासिक मोड़ हो सकता है। संघ की जीवन शैली-साधारणता, संयम, समर्पण, समाज-धर्म, अनुशासन, सेवा और आत्मपरिष्कार, यह प्रकृति आधारित संस्कृति की आधुनिक अभिव्यक्ति है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शासन, संघ के जीवन तंत्र को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने का राजनीतिक-राजनयिक रूप है। इसलिए आज के हिंसा और युद्धग्रस्त विश्व के लिए भारत का संदेश स्पष्ट है कि समाधान हथियार से नहीं, जीवन दर्शन से होगा; विकास भौतिक उपभोग से नहीं, समरस संस्कृति से होगा; और भविष्य उस सभ्यता का है जो प्रकृति को माता और संस्कृति को सृष्टि का धर्म मानकर चलती है। सनातन जीवन दृष्टि केवल विश्वास नहीं, बल्कि मानवता के लिए जीवंत प्रस्ताव है।

संघ सरचालक मोहन भागवत का आग्रह इसी पर है कि भारत को अपने अक्षय ज्ञान पर पुनर्विश्वास करना होगा, क्योंकि वही वह शक्ति है जो संकटग्रस्त विश्व को दिशा दे सकती है। जब प्रकृति और संस्कृति का योग जीवन का आधार बनता है, तब व्यक्ति आरोग्यवान, समाज समृद्ध और राष्ट्र मोक्षपथगामी होता है। यही सनातन समृद्धि है और यही भारत का वैश्विक योगदान है, जिसकी उद्घोषणा संघ के शताब्दी वर्ष में अधिक स्पष्ट होती है कि ''विश्व बंधुत्व, प्रकृति सम्मान और मोक्ष-केंद्रित जीवन, यही भविष्य की सभ्यता है।''

# योगी की पातीः 2027 तक गरीबी मुक्त उत्तर प्रदेश का संकल्प

**कांतिलाल मांडोत**

**योगी ने कहा कि संविधान की मूल आत्मा -समानता, न्याय और बंधुत्व के अनुरूप समाज निर्माण ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने के संघर्ष में बीता और आज वही चिंतन जीरो पावर्टी अभियान के रूप में सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बना हुआ है**




भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के भव्य अनावरण अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी पाती के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 2027 तक गरीबी-मुक्त राज्य बनाने का संकल्प दोहराया। बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए योगी ने कहा कि संविधान की मूल आत्मा -समानता, न्याय और बंधुत्व के अनुरूप समाज निर्माण ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने के संघर्ष में बीता और आज वही चिंतन जीरो पावर्टी अभियान के रूप में सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में उल्लेख किया कि सरकार ने गरीबों, कमजोर वर्गों, श्रमिकों, महिलाओं और बच्चों तक विकास की हर योजना को तेज गति से पहुँचाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। आवास, श्रम योजनाएँ, पोषण व बाल-विकास कार्यक्रम, स्वास्थ्य सुविधाएँ और सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ अब जमीनी स्तर तक पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचा रही हैं। योगी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के मार्गदर्शन में जीरो पावर्टी अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का राष्ट्रीय संकल्प है, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन, सुरक्षित आवास और सशक्त भविष्य का अधिकार सुनिश्चित किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आने वाला 6 दिसम्बर सिर्फ परंपरागत श्रद्धांजलि का दिन नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा को जीवन में उतारने का अवसर है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील की कि वे समानता, न्याय और बंधुत्व को व्यवहार में अपनाकर एक समतामूलक, संवेदनशील और सहभागी व्यवस्था के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक भारत में बाबा साहेब जैसी युगान्तरकारी विभूतियों का मार्गदर्शन न केवल संविधान में संरक्षित है, बल्कि समाज-व्यवस्था के हर आयाम में प्रेरणा बनकर खड़ा है। शोषितों और वंचितों को न्याय दिलाने का उनका जीवन संघर्ष आज भी सरकारी नीतियों, सामाजिक आंदोलनों और मानव-केंद्रित विकास के लिए पथप्रदर्शक है।

अपने संबोधन में योगी ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रशिक्षण, छात्रावास सुविधा और आर्थिक सहायता जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और पिछड़े वर्गों की आत्मनिर्भरता के लिए ऐसी योजनाएँ लागू की हैं, जिन्होंने लाखों परिवारों को नई ऊर्जा और नया जीवन दिया है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से पारदर्शी भुगतान व्यवस्था ने अनियमितताओं पर रोक लगाई है और सुनिश्चित किया है कि लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँचे। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में जनता दर्शन की भूमिका पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जनता दर्शन मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि आम नागरिकों से सीधा संवाद है। प्रतिदिन मिलने आने वाले पीड़ितों की समस्याओं को सुनना, समाधान की दिशा में तुरंत कदम उठाना और प्रशासनिक मशीनरी को जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करना उनकी कार्यप्रणाली का मूल है। जमीनी विवादों, राजस्व मामलों, सामाजिक-न्याय से जुड़े प्रश्नों और पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाया जा रहा है। योगी ने कहा कि जनता दर्शन में आने वाले लोगों को वे सिर्फ पीड़ित नहीं, बल्कि अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। उनकी पीड़ा को समझना, उनसे अपनत्व से बात करना और बच्चों को चॉकलेट देकर उनका मन हल्का करना इस मानवीय संवाद का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास के जिस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, वह सामाजिक न्याय और आर्थिक समावेशन की नींव पर टिकाकर बनाया गया है। बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, उद्योगों को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसरों में वृद्धि, महिलाओं की सुरक्षा और किसानों के हितों की रक्षा के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नया विकास मॉडल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज की शक्ति तब बढ़ती है, जब उसका सबसे कमजोर व्यक्ति भी सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर महसूस करे। यही दृष्टि जीरो पावर्टी अभियान' के केंद्र में है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयास तभी सफल होंगे जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति संवेदनशीलता और समरसता को जीवन में उतारे। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक नागरिक अपने परिवार, मोहल्ले, गांव और कार्यस्थल पर समानता और सम्मान का व्यवहार अपनाए। बाबा साहेब की शिक्षाएँ केवल किताबों में सिमटने के लिए नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनाने के लिए हैं। यही सच्ची श्रद्धांजलि है और यही विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में पहला कदम। पाती के अंत में मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 तक उत्तर प्रदेश गरीबी के चक्र से पूरी तरह मुक्त होकर एक नए सामाजिक-आर्थिक उछाल का अनुभव करेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सपना ऐसा समाज जहाँ किसी व्यक्ति को उसकी जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति के कारण पीछे न रहना पड़े। अब साकार होने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय पर आधारित विकास है, जो हर नागरिक को छूए, हर घर में मुस्कान लाए और हर व्यक्ति को अवसर दे। योगी आदित्यनाथ की यह पाती न केवल नीति-निर्देशक दस्तावेज है, बल्कि संवेदनशील शासन की झलक भी, जहाँ सत्ता का केंद्र जनता है, और उसका उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति का उत्थान। बाबा साहेब के सपनों को वास्तविकता में बदलने का यह संकल्प आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश को नई दिशा, नई ऊर्जा और नया आत्मविश्वास देगा।

## आप की बात

### मतदाता पहचान और बीएलओ की मौतों पर बढ़ा राजनीतिक तनाव

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर (स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन) को लेकर संसद से लेकर सड़क तक जिस तरह का विवाद खड़ा है, वह एक आम पाठक के लिए कई सवाल छोड़ जाता है। दो दिन तक संसद का कामकाज ठप रहना, सरकार और विपक्ष का आमने-सामने खड़ा होना, और फिर मजबूरी में सरकार का चर्चा को तैयार होना–यह सब बताता है कि मामला सिर्फ तकनीकी नहीं है, राजनीतिक भी है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया आखिर इतनी विवादित क्यों हो गई? 1 दिसंबर और 2 दिसंबर को संसद के दोनों सदनों को दिनभर के लिए स्थगित करना पड़ा।इससे पाठक को यह एहसास होता है कि एसआईआर की गंभीरता सिर्फ चुनाव आयोग की प्रक्रिया भर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा है। पाठक के लिए मुख्य चिंता वहां से शुरू होती है, जहां सुप्रीम कोर्ट में यह सवाल उठता है कि क्या चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार है भी या नहीं? वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी का तर्क कि नागरिकता तय करना आयोग का काम नहीं है,सीधे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। इधर आयोग सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त नहीं कर पा रहा, उधर विपक्ष खासतौर पर राजद, कांग्रेस और एडीआर–लगातार दबाव बना रहे हैं। ऐसे में पाठक महसूस करता है कि एक संवैधानिक संस्था पर इतना भारी संदेह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं। पश्चिम बंगाल से आने वाली रिपोर्टें किसी भी आम नागरिक को विचलित कर सकती हैं। बीएलओ की मौतों के पीछे काम का अत्यधिक दबाव निर्धारित समय में गहन सत्यापन पूरा करने का तनाव जैसे कारण बताए जा रहे हैं। इससे एक साधारण पाठक के मन में यह प्रश्न उठता है–क्या मतदाता सूची बनाने वालों की जान की कीमत पर ह्यशुद्धिकरण' किया जाना चाहिए?

**अभिषेक सिंह, कानपुर**

### वन्देमातरम अखंड भारत की एकता का प्रतीक रहा

देश की आजादी के लिए "वन्देमातरम" कहते हुए स्वतंत्रता सेनानी शहीद हुए. हजारों कुर्बानियों के पश्चात अंग्रेजों के चंगुल से देश आजाद हुआ. बावजूद इसके स्वार्थपरक राजनीति के चलते व जाते-जाते एवं अपना वर्चस्व जमाते हुए अंग्रेजों ने "फूट डालो राज करो" की अपनी नीति के तहत 'स्वार्थी राजनीतिज्ञों" में भी बीज बो दिये. क्योंकि वे पहले भी बंगाल के दो हिस्से कर चुके थे. बाद में भी उन्होंने ऐसी लकीर खींची कि देश के भी दो भाग करवा दिए. देश की आजादी में अखंड भारत के हर देशभक्त ने भाग लिया जहाँ ना कोई राजनीति थी, न कोई जात-पांत और न कोई सम्प्रदायवाद। सिर्फ एक ही उद्देश्य था हर भारतीय देशभक्त का कि देश को आजाद कराना. एक ही जूनून था, एक ही झंडा था और एक ही नारा था "वन्दे मातरम्". और उसी को लेकर आजादी के हर दीवाने/परवाने (बच्चे-महिला-पुरुष) कई मुसीबतों को सहते/झेलते हुए "स्वतंत्रता संग्राम" में कूदे हुए थे. "वन्देमातरम" गीत ही नहीं बल्कि वो "स्वतंत्रता व स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक" के साथ ही वो धरती माता (भारत माता) के सभी प्राकृतिक स्वरूपों को भी दर्शाता है और उसे अपनाने के लिए प्रेरित भी करता है. ताकि सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय सदैव बना रहे. अतः वंदेमातरम्" पर राजनीति से ऊपर उठकर "देशभक्ति" को दर्शाते हुए स्वच्छ क्रिया-प्रतिक्रिया होनी चाहिए ताकि दुनिया में "मेरा देश और अधिक महान', ज्ञानवान व विश्वशांति का प्रतीक बनें और हर भारतीय को हार्दिक उम्मीद रहे कि फिर से वो प्राचीन स्वरूप "अखंड भारत" के रूप में उभरे और विश्वमार्यम का सन्देश सारी दुनिया को दे।

**शकुंतला महेश नेनावा, ५७, गिरधर नगर इंदौर (म.प्र.)**

### आरक्षण के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रस्त सोच सत्य स्वीकारने की हिम्मत नहीं जुटा पाती

देश में आरक्षण पर विवाद जारी है। कोई जाति आधारित आरक्षण का विरोध कर रहा है, तो कोई दुर्बल आय वर्ग के आरक्षण का। कभी कभी जातीय आधार पर क्रीमीलेयर को मिलने वाले आरक्षण पर भी चर्चा हो जाती है, किन्तु आरक्षण के प्रति पूर्वाग्रह ग्रस्त सोच सत्य स्वीकारने की हिम्मत नहीं जुटा पाती। पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बी. आर. गंवई ने जब अनुसूचित जातियों में क्रीमीलेयर आरक्षण समाप्त करने की बात कही, तो उन्हें अपनी ही जाति के लोगों की आलोचना का शिकार होना पड़ा। श्री गंवई ने फिर कहा कि डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर की नजर में आरक्षण ऐसा था, जैसे किसी पिछड़ गए व्यक्ति को साईकिल देना, ताकि वह बाकी लोगों के बराबर पहुँच सके। इसका मतलब यह नहीं कि वह हमेशा साइकिल पर चलता रहे तथा औरों के लिए रास्ता बंद कर दे। वस्तुस्थिति यह है कि आरक्षण देश को अक्षम और विकलांग बनाए रखने का साधन भर रह गया है। ऐसे में आवश्यक है, कि आरक्षण की पुनर्समीक्षा हो, यह जातीय आधार पर न होकर उस वंचित व्यक्ति के लिए हो, जिसे किसी भी प्रकार से आगे बढ़ने का अवसर न मिला हो। देश को पूर्व सीजेआई श्री बी. आर. गंवई के सुझाव का भी सम्मान करना चाहिए।

**डॉ. सुधाकर आशावादी ब्रह्मपुरी, मेरठ**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 10 दिसंबर 2025



# रेलवे बनभूलपुरा प्रकरण पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई आज

■ फैसले से पहले बनभूलपुरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस ने दिया शांति व सुरक्षा का पैगाम

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**

सुप्रीम कोर्ट में बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में सुनवाई के लिए 10 दिसंबर बुधवार की तिथि नियत है। निर्णय से एक दिन पहले मंगलवार को शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी है। एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टी.सी. द्वारा सभी अधीनस्थ प्रभारियों को कार्यवाही के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए गए है।

कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं निर्बाध रूप से सरकारी कार्यवाही किए जाने के लिए अत्याधुनिक अस्लाहों के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस दौरान





मंगलवार को एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल ने ड्यूटीरत पुलिस बल को ब्रीफ कर सतर्क रहने के निर्देश दिए। इसके बाद शांति का पैगाम देने के लिए प्रशासन, पुलिस एवं आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन, ढोलक बस्ती, गफूर बस्ती, लाईन नंबर 17, इन्द्रानगर बड़ी रोड, मुजाहिद चौक, गोपाल मंदिर, ठोकर, शनि बाजार रोड, छोटी रोड इन्द्रानगर, ठोकर, ताज मस्जिद, 16 नंबर तिराहा, गांधी नगर, बिलाली मस्जिद, लाईन नंबर 8, चोरगलिया रोड, ताज चौराहा, भारद्वाज चौराहा, रेलवे स्टेशन गेट, फर्नीचर लाईन से चोरगलिया रोड समेत आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। जिसका समापन थाना बनभूलपुरा में हुआ। वहीं फ्लैग मार्च के दौरान एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चन्द्रा,एडीएम विवेक राय, एसपी, क्षेत्राधिकारी लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित कुमार, सीओ फायर गौरव किरार तथा प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल सहित रेलवे पुलिस बल के अधिकारी सुखवंत सिंह इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर अब्दुल सलाम खान, इंस्पेक्टर तरुण वर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसएसपी नैनीताल की अपील

एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी ने क्षेत्रवासियो से अपील है कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करें, तथा अग्रिम कार्यवाही में शासन प्रशासन का सहयोग करें। शांति व्यवस्था बनाए रखें, अफवाह न फैलाएं, किसी भी तरह की गलत बयानबाजी तथा किसी प्रकार का व्यवधान करने एवं कानून व्यवस्था की स्तिथि को बिगाड़ने का प्रयास न करें। जनपद पुलिस फील्ड के साथ साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी सतर्क दृष्टि बनाए हुए है, किसी भी तरह से गलत हरकत करने से बचें। पुलिस का कड़ा पहरा, चप्पे चप्पे पर पुलिस की चैकिंग होगी। संदिग्धों के विरुद्ध प्रीवेंटिव डिटेंशन की कार्यवाही जारी रहेगी। लोकल की आईडी न होने पर कोर क्षेत्र में प्रवेश वर्जित रहेगा।

### पीआरडी जवानों के लिए बड़ी राहत

# बीमारी में अब 6 महीने तक नहीं रुकेगा मानदेय

■ बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देश किए जारी

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**

पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) जवानों के लिए राज्य सरकार ने बड़ी राहत की घोषणा की है। यदि कोई पीआरडी जवान बीमार होकर अस्पताल में भर्ती रहता है, तो अब उसका मानदेय 6 महीने तक बिना रुके मिलता रहेगा। धामी सरकार के इस निर्णय के बाद जवानों में खुशी की लहर है।

सचिवालय में आयोजित विभागीय बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि पीआरडी जवानों की जायज मांगों पर विभाग पूरी सहानुभूति के साथ विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी जवान के बीमार होने या अस्पताल में भर्ती रहने पर मानदेय रोकना उचित नहीं, इसलिए इसे तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पीआरडी जवानों को दी जाने वाली सहायता राशि बढ़ाने पर भी विभाग विचार कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीमार होने की स्थिति में जवानों को मानदेय नियमित रूप से दिया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। पीआरडी जवान लंबे समय से अपनी सुविधाओं व अधिकारों में सुधार की मांग कर रहे थे। सरकार के इस निर्णय को उनके हित में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बांटे 142 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को नियुक्ति पत्र

# असिस्टेंट प्रोफेसर छात्रों में सेवा भावना करें विकसित



■ जहां भी पद रिक्त हैं, उन्हें जल्द से जल्द आयोग के जरिए भरा जायेगा

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**

चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के जरिए 142 असिस्टेंट प्रोफेसर्स का चयन किया गया है। इनको प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में तैनाती दी गई है। ऐसे में चयनित 142 असिस्टेंट प्रोफेसर्स को नियुक्ति दिए जाने को लेकर मंगलवार को मुख्य सेवा सदन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 142 नव नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर्स को नियुक्ति पत्र वितरण किये। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवनियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये अवसर चिकित्सा के क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

सीएम ने सभी असिस्टेंट प्रोफेसर्स से आग्रह करते हुए कहा कि सभी अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ उनके भीतर संवेदनशीलता, सहानुभूति और सेवा की भावना भी विकसित करें, जिससे वे कुशल और दक्ष चिकित्सक बनने के साथ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भी पूरी ईमानदारी से निभाएं। राज्य सरकार, प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और बेहतरी की दिशा में लगातार काम रही है। राज्य के हर नागरिक को बेहतर और सस्ती चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सीएम ने कहा कि राज्य में पहले भर्तियों में भारी पक्षपात, धांधली और भ्रष्टाचार हुआ करता था। हमने, राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया। आज सभी चयन प्रक्रियाएं मेरिट के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनके कौशल और परिश्रम का पूरा लाभ मिल रहा है। अब तक प्रदेश के लगभग 27 हजार युवा सरकारी नौकरी पाने में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जहां भी पद रिक्त हैं, उन्हें जल्द से जल्द आयोग के जरिए भरा जायेगा।

### 17 लाख से ज्यादा मरीज उठा चुके हैं आयुष्मान कार्ड का लाभ

सीएम ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत अभी तक करीब 61 लाख आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। जिसके जरिए प्रदेश के 17 लाख से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया है। ऐसे में इन सभी मरीजों का 3,300 करोड़ रुपये से अधिक का कैशलेस उपचार किया गया है। सीएम ने कहा राज्य सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज बना कर रही है। जिससे सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को उनके जिले में ही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इनमें से पांच मेडिकल कॉलेज पहले से ही संचालित किए जा चुके हैं, जबकि दो और मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य चल रहा है। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी विभाग भी स्थापित किए गए है। सीएम ने कहा हल्द्वानी में राज्य के प्रथम आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही हेली एंबुलेंस, आपातकालीन परिस्थितियों में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही हैं। राज्य में मरीजों को पैथोलॉजिकल जांचों की भी निःशुल्क हो रही हैं। टेलीमेडिसिन सेवाओं के जरिए दूरदराज के गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों के जरिए परामर्श सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है।

इसके साथ ही सभी सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ की कमी को दूर किया जा रहा है। 142 असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र आज दिया गया है। साथ ही 356 असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा 1,248 नर्सिंग अधिकारियों और 170 टैक्नीशियनों को भी नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं, जबकि 600 नर्सिंग अधिकारियों की चयन प्रक्रिया चल रही है।

# जल संस्थान कर्मी को गुलदार ने बनाया निवाला, क्षेत्र में दहशत

■ गुलदार के हमले की एक महीने के अंदर दूसरी घटना

**पायनियर समाचार सेवा। चंपावत**



चंपावत जिले के लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र के बाराकोट ब्लॉक स्थित चुयरानी ग्राम सभा के धरगड़ा में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां गुलदार ने शौच के लिए गए जल संस्थान कर्मी देव सिंह अधिकारी पुत्र कल्याण सिंह अधिकारी पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मृतक घर से थोड़ी दूरी पर थे जब अचानक गुलदार ने उन पर हमला किया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की खबर पाते ही भारी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को आदमखोर घोषित कर मारने की मांग की।

जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम को ही गुलदार उनकी पत्नी पर हमला करने की कोशिश कर चुका था। देव सिंह अधिकारी के दो छोटे बेटे 9 और 10 वर्ष के हैं। यह जिले में गुलदार के हमले की एक महीने के अंदर दूसरी घटना है।

सूचना मिलने पर जिलाधिकारी मनीष कुमार, डीएफओ चंपावत, एसडीएम लोहाघाट नीतू डांगर, एसडीओ वन विभाग सुनील कुमार, रेंजर राजेश जोशी और दरोगा प्रकाश गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। डीएम चंपावत ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम ओखलंज के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। वन विभाग ने क्षेत्र में पिंजरे, ट्रैप कैमरे और ड्रोन कैमरों की मदद से गुलदार को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। एसडीओ वन विभाग सुनील कुमार ने लोगों से सावधानी बरतने और अकेले इधर-उधर न जाने की अपील की।

मृतक देव सिंह अधिकारी जल संस्थान में पीटीसी पद पर कार्यरत थे और परिवार का भरण-पोषण मजदूरी से भी करते थे। उनकी अचानक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पत्नी उषा देवी बेसुध पड़ी हैं।

### गंगोत्री नेशनल हाईवे चौड़ीकरण पर विवाद

# ग्रामीणों ने पर्यावरणविदों के खिलाफ किया प्रदर्शन

■ पर्यावरणविदों ने इस क्षेत्र में सैकड़ों देवदार के पेड़ों के कटान के विरोध में उठाई आवाज

**पायनियर समाचार सेवा। उत्तरकाशी**

गंगोत्री नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण को लेकर उत्तरकाशी के टकनोर क्षेत्र में हाल ही में विवाद और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने पर्यावरणविदों द्वारा चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न करने के प्रयासों के खिलाफ जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपते हुए विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने विरोध स्वरूप पुतला दहन भी किया।

गंगोत्री नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण को लेकर उत्तरकाशी के टकनोर क्षेत्र में हाल ही में विवाद और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने पर्यावरणविदों द्वारा चौड़ीकरण में बाधा उत्पन्न करने के प्रयासों के खिलाफ जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपते हुए विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने विरोध स्वरूप पुतला दहन भी किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क चारधाम यात्रा और चीन सीमा तक जाने वाले मार्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क के



चौड़ीकरण से क्षेत्र का विकास, पर्यटन और सामरिक महत्व दोनों सुनिश्चित होंगे। वहीं, पर्यावरणविदों ने इस क्षेत्र में सैकड़ों देवदार के पेड़ों के कटान के विरोध में आवाज उठाई है। ग्रामीणों का तर्क है कि ये पेड़ उनके पूर्वजों द्वारा लगाए गए हैं, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए यदि इन्हें हटाना आवश्यक है तो वे इसका समर्थन करने को तैयार हैं। उनका कहना है कि पर्यावरणविदों का विरोध सीधे तौर पर क्षेत्र के विकास में बाधा डालने का प्रयास है। इस मामले में प्रशासन ने फिलहाल स्थिति को शांत करने और दोनों पक्षों के बीच बातचीत के लिए कदम उठाए हैं। क्षेत्रवासियों का यह विरोध स्थानीय विकास और सड़क विस्तार की आवश्यकता को उजागर करता है।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

■ ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा। हरिद्वार**

हरिद्वार जिले के रानीपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित टिहरी विस्थापित कॉलोनी में 23 वर्षीय नवविवाहिता अंजली शर्मा की फंदे से लटककर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

पोस्टमार्टम के बाद जब मृतका के मायके पक्ष के लोग उत्तर प्रदेश के संभल जिले से हरिद्वार पहुंचे, तो उन्होंने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का गंभीर आरोप लगाया। इसके बाद मायके वालों ने जोरदार हंगामा भी



किया। जानकारी के अनुसार, अंजली शर्मा की शादी को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था, जिससे मामला और भी संवेदनशील हो गया है।

पुलिस ने मृतका के माता-पिता की तहरीर पर ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे प्रकरण की गहन जांच कर रही है, जबकि मृतका के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस लाइन अल्मोड़ा में कार्यरत कर्मचारी का शव खाई में मिला

**नैनीताल।** पुलिस लाइन अल्मोड़ा में कार्यरत कर्मचारी का शव खैरना की खाई में मिला है। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर शव बरामद किया है। मंगलवार दोपहर भवाली कोतवाली को सूचना मिली कि पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही पोस्ट खैरना से एसडीआरएफ की टीम आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गई।

टीम को जानकारी मिली कि एक व्यक्ति रात के समय गहरी खाई में गिर गया था, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक का नाम उमेश सिंह कुंवर है और वो पुलिस लाइन अल्मोड़ा में कार्यरत था। जिसके बाद टीम ने रेस्क्यू कर्मियों की सुरक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सावधानीपूर्वक ऑपरेशन चलाकर शव को खाई से बाहर निकाला और विधिक कार्यवाही के लिए पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

# दून अस्पताल के त्वचा रोग विभाग द्वारा सीएमई का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**

दून अस्पताल के त्वचा रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. श्रुति बर्नवाल द्वारा सुबह 9:30 से दोपहर 2:30 बजे तक सीएमई का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. नवीन कंसल (एआईआईएमएस ऋषिकेश), डॉ. वाई.एस. बिष्ट (जॉली ग्रांट अस्पताल), डॉ. नीति कुमारी (श्री महंत इंद्रेश अस्पताल) और डॉ. आर्टेरियो (हरिद्वार मेडिकल कॉलेज) ने अपने-अपने पीजी रेज़िडेंट्स के साथ भाग लिया। सीएमई में लगभग 15 जटिल और दुर्लभ त्वचा बीमारियों पर विस्तृत चर्चा की गई, जो आमतौर पर नहीं पाई जातीं। इस कार्यक्रम के लिए उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल द्वारा ढाई क्रेडिट आवर प्रदान किए गए। सीएमई का सफल संचालन त्वचा विभाग की टीम डॉ. भाव्या, डॉ. आदित्य, डॉ. कृति जैन और डॉ. मनजीत द्वारा किया गया।

### नर्सिंग बेरोजगार युवतियों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्रता

# महिला कांग्रेस ने किया पुलिस मुख्यालय का घेराव

■ सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर तेज किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**

नर्सिंग बेरोजगार युवतियों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान महिला पुलिसकर्मियों द्वारा की गई अभद्रता और थप्पड़ मारने की घटना के विरोध में उत्तराखंड महिला कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से चलकर पुलिस मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर घेराव किया।

महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस मुख्यालय से पहले ही बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया जहां उन्होंने बैरिकेडिंग पर चढ़कर उत्तराखंड सरकार का पुतला दहन किया। नर्सिंग बेरोजगारों को और महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस गाड़ियों में भरकर एकता विहार छोड़ दिया। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि रोजगार की मांग करने वाली बेटियों



के साथ इस प्रकार का अपमानजनक और दमनकारी व्यवहार सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करता है। धामी सरकार युवाओं की आवाज सुनने के बजाय उन पर शक्ति प्रदर्शन कर रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर पुलिस मुख्यालय का घेराव किया और सरकार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

रौतेला ने कहा कि नर्सिंग की बेटियां अपने अधिकार और रोजगार मांग रही थीं, लेकिन सरकार ने उनके सवालों का जवाब संवाद से देने की बजाय थप्पड़ों और धक्कों से दिया। यह न केवल लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है बल्कि महिलाओं के प्रति सरकार की दमनकारी मानसिकता को भी दर्शाता है।

महिला कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर तेज किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी हर उस बेटी के साथ मजबूती से खड़ी है जिसके साथ अन्याय हुआ है, और उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष उर्मिला थापा, प्रदेश महासचिव निधि नेगी, सुशीला शर्मा, पुष्पा पवार, अनुराधा तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अनीता सकलानी, सचिव रेखा ढींगरा, सेवादल से सावित्री थापा और मंजू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# पांडुकेश्वर में शीतकालीन दर्शन के लिए बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या

**पायनियर समाचार सेवा। ज्योर्तिमठ**

बद्रीनाथ धाम की यात्रा के प्रमुख पड़ाव और पांडु नगरी के रूप में विख्यात पांडुकेश्वर में इन दिनों शीतकालीन यात्रा दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन हो रहा है। बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद तीर्थयात्री शीतकाल में यहां स्थित योग ध्यान बदरी मंदिर और श्री कुबेर मंदिर में दर्शन-पूजन कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पांडु नगरी के युवक मंगल दल और महिला मंगल दलों ने सामूहिक दायित्व निभाते हुए आज सभी मंदिरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के माध्यम से तीर्थ यात्रियों को स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। पंच बदरी समूह से जुड़े इन मंदिरों में प्रतिदिन भगवान श्री बदरी विशाल जी के वरिष्ठ देवगण- श्री उद्धव जी, श्री कुबेर जी की नियमित अभिषेक और विशेष पूजाएं संपन्न की जा रही हैं। शीतकाल में यही देवगण अपने-अपने शीतकालीन गद्दी स्थलों यानी पांडुकेश्वर स्थित योग ध्यान बदरी और कुबेर मंदिर में विराजमान रहते हैं।



### शीतकालीन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह

शीतकालीन अवधि में बद्रीनाथ धाम बंद रहने के दौरान श्रद्धालु पांडुकेश्वर पहुंचकर इन दोनों मंदिरों में दर्शन-पूजन कर सकते हैं और शीतकालीन यात्रा का विशेष पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। पांडुकेश्वर में स्वच्छता, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ इस समय यात्रा माहौल पूरी तरह आस्था से सराबोर दिखाई दे रहा है।

### थानाभवन-बाबरी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, असलहों का बड़ा जखीरा बरामद

# अंतर्राज्यीय डकैत सामा मुठभेड़ में ढेर

- सामा पर था 50 हजार का इनाम, पांच बदमाश फरार, दबिशें जारी

पायनियर समाचार सेवा। शामली

सहारनपुर बॉर्डर से सटे थाना क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से डकैतों की गतिविधि बढ़ने की सूचनाओं के बीच सोमवार देर रात पुलिस को बड़ी सफलता मिली। थानाभवन और बाबरी पुलिस की संयुक्त टीम ने भैंसानी इस्लामपुर के एक बंद पड़े ईंट भट्टे पर डेरा जमाए बदमाशों को घेर लिया। आत्मसमर्पण की चेतावनी पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 50 हजार रुपये का इनामी और अंतर्राज्यीय हिस्ट्रीशीटर समयदीन उर्फ सामा मारा गया। मुठभेड़ में एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हुआ है। सूत्रों के अनुसार करीब दस दिनों से



डायल-112 पर डकैतों के देखे जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। इस पर एसपी शामली एनपी सिंह के निर्देश में एएसपी के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के पर्यवेक्षण में टीम लगातार भ्रमणशील थी। इसी दौरान सोमवार रात मुखबिर ने सूचना दी कि डकैतों का गिरोह भैंसानी इस्लामपुर के ईंट भट्टे पर मौजूद है और किसी बड़ी वारदात की फिराक में है। सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक थानाभवन बिजेंद्र सिंह रावत और थानाध्यक्ष बाबरी राहुल सिसौदिया फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी कर आत्मसमर्पण को कहा, लेकिन बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसमें कांस्टेबल अनुज यादव गोली लगने से घायल हो गया। वहीं, बदमाशों की एक गोली थानाध्यक्ष बाबरी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, जिससे उनकी जान बच गई। जवाबी कार्रवाई में इनामी कुख्यात बदमाश समयदीन उर्फ सामा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी थानाभवन से जिला अस्पताल रैफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### 29 मामलों में था वांछित, तीन राज्यों में फैला था अपराधिक नेटवर्क

**शामली।** समयदीन उर्फ सामा यूपी के शामली-सहारनपुर के साथ कर्नाटक, तेलंगाना और राजस्थान में लूट, डकैती, चोरी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के 29 मुकदमों में नामजद था। वह थाना कांधला का हिस्ट्रीशीटर था और 17/18 अक्टूबर 2025 को पुलिस पर जानलेवा फायरिंग कर फरार हो गया था। पुलिस को उसके पास से कर्नाटक का आधार कार्ड भी मिला है। जानकारी के अनुसार कर्नाटक में वांछित होने के बाद वह हरियाणा के जाखल में एक महिला के साथ छिपकर रह रहा था। उसके गिरोह के पांच अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस ने काम्बिंग अभियान तेज कर दिया है।

### पीएम मोदी ने सराहा सुप्रभात कार्यक्रम

**सहारनपुर।** मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान की निदेशक गुरु मां तथा पूर्व राजनयिक आचार्य प्रतिष्ठा के योग कार्यक्रम की प्रधानमंत्री प्रशंसा करते हुए एक्स पर ट्वीट किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर ट्वीट करके डी डी न्यूज यूट्यूब और सोशल मीडिया पर गत दो वर्षों से हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार सुबह सात बजे प्रसारित होने वाले कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे योग ध्यान और भारतीय ज्ञान परंपराओं व मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम से दिन की ताजगी भरी सुंदर शुरूआत के लिए सराहा है।

ज्ञातव्य है कि इस कार्यक्रम की शुरूआत से ही इसका योग सेगमेंट मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान की निदेशक गुरु मां के रूप में ख्याति पा चुकी पूर्व राजनयिक आचार्य प्रतिष्ठा निरंतर दे रही हैं जिसने सुप्रभातम को लोकप्रियता के चार चांद लगाए है। प्रधान मंत्री मोदी ने इससे पहले भी सेना द्वारा किए गए सर्जिकल ऑपरेशन पर बहुत अधिक वायरल हुई आचार्य प्रतिष्ठा की वीडियो को सराहा था।

# तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

- व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर बतायी जा रही बारीकियां

पायनियर समाचार सेवा बेहट

तहसील क्षेत्र के ग्राम जोधेबांस में स्थित सरस्वती मॉडर्न पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस शिविर में छात्र,छात्राओं को स्काउटिंग गाइडिंग के मूल सिद्धातो और व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर सभी बारीकियां से अवगत कराया जायेगा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं में व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व की क्षमता को बढ़ावा देना है। विद्यालय प्रांगण में हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड शिविर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धक द्वारा संयुक्त रूप से रिबन



काटकर व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये। स्काउट एवं गाइड़ प्रशिक्षिका हर्षिता कश्यप ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गाइड्स की गतिविधियों से बच्चों में साहस, धैर्य, संयम और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायता होती है। यह प्रशिक्षण छात्र छात्राओं को निर्भीक होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है। स्काउटिंग गाइडिग की गतिविधियों द्वारा बच्चों का समुचित विकास होता है। मुख्य स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षक परमजीत पंवार ने बच्चों को प्रार्थना गीत,झण्डा गीत,स्काउट एवं गाइड के नियम,विभिन्न प्रकार की तालियाँ और शिविर गान का ज्ञान कराया। ऐसी गतिविधियों से बच्चे नैतिक मूल्यों की समझ और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कहां कि इससे जिम्मेदारी अनुशासन और देश सेवा की भावना विकसित करने वाला बताया। इस मौके पर राजेश सिरोही, मंजूषा काम्बोज, जूली सैनी, आंचल, कोमल, नैनसी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बैठक में गूंजा किसानों के शोषण का मुद्दा



**नागल।** मंगलवार को कस्बे के खंड विकास कार्यालय प्रांगण में भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक विद्युत कर्मियों के द्वारा किसानों का शोषण का मुद्दा छाया रहा और उन्होंने समस्या संबंधी तीन सूत्रीय ज्ञापन खंड विकास प्रभारी अधिकारी को सौंपा। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष मूसा प्रधान ने कहा कि बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ को करीब एक माह का समय बीत चुका है लेकिन अभी भी किसानों का गत वर्ष का बकाया नहीं मिला है। इसके बावजूद विद्युत विभाग के कर्मचारी विद्युत बिल को लेकर उनका शोषण कर रहे हैं और उनके नलकूपों पर छापेमारी कर रहे हैं। जबकि सरकार किसानों को मुफ्त में बिजली देने का वादा कर रही है उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती आवारा पशुओं की संख्या किसानों की फसलों को बर्बाद करने का काम कर रही है जिन पर लगाम लगाना अति आवश्यक है। उन्होंने तीन सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन पत्र प्रभारी खंड विकास अधिकारी को सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की। बैठक में संजय कुमार, सुरेश सैनी, अकरम, महिपाल, शाहनवाज, राजेंद्र, इकबाल, शहजाद, जाहिद आदि मौजूद रहे।

### विधायक खेल स्पर्धा 12 व 13 दिसंबर को

**सहारनपुर।** क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि सहारनपुर नगर विधानसभा में विधायक खेल स्पर्धा 2025-26 का आयोजन आगामी 12 व 13 दिसम्बर को स्थानीय डा.भीमराव स्पोट्स स्टेडियम में होगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन बालक/पुरूष व बालिका/महिला वर्ग में सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में होगी । इस प्रतियोगिता एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबडडी, बैडमिंटन व कुश्ती आदि शामिल किये गये है।

### सीएमओ ने कैदियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**सहारनपुर।** अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव, परिवार एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण कुमार एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा सर्वेश कुमार सिंह ने जेल अधीक्षक डा सत्य प्रकाश सिंह के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम को लेकर जेल अस्पताल में निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जेल अस्पताल और जेल की ओ पी डी मे टीम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से प्रत्येक मरीज से वार्ता कर के व्यक्तिगत रूप से हालचाल जाना एवं उनकी जांच की। इस मौके पर टीम में जेल चिकित्साधिकारी डा प्रवीण पुंडीर, डा नासिर खान, वरिष्ठ फार्मासिस्ट सुनील डोबवाल, जेल फार्मासिस्ट दिनेश सजवाल, वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम पी सिंह चावला, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अशोक पँवार के साथ साथ इस दौरान जेलर प्रशांत उपाध्याय, डिप्टी जेलर विजय गौतम एवं डिप्टी जेलर गुंजन लौहान शामिल रहे।

### थाने से कुछ कदम दूर हुई लूट का खुलासा करना पुलिस के लिए अग्नि परीक्षा

**खतौली।** कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर शुक्रवार देर रात हुई दुस्साहसिक लूट ने खतौली पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जबकि एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत खुद आये दिन थाना कोतवाली पहुंचकर जांच की कमान संभाले हुए हैं। जिले की क्राइम ब्रांच, एसओजी और स्वॉट की टीमें बदमाशों की तलाश में लगातार छानबीन कर रही हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बताते चलें कि मोहल्ला लाल मोहम्मद निवासी प्रॉपर्टी डीलर नाजिम अली के घर पर तीन नकाबपोश बदमाश इलेक्ट्रिशियन बनकर पहुंचे थे। बदमाशों ने पिस्टल कनपटी पर रखकर घर की चार महिलाओं को बंधक बना लिया था। इसके बाद बदमाशों ने अलमारियां तोड़कर करीब 65 तोला सोना-चांदी और 11 लाख रुपये नकद समेत लगभग 80 लाख रुपये का माल समेट लिया था। पूरे घटना क्रम के दौरान बदमाश लगातार एक ही सवाल पूछते रहे थे कि दो करोड़ रुपये कहां रखे हैं? यही सवाल पुलिस की जांच का सबसे बड़ा आधार बन गया है। नाजिम ने हाल ही में 10 बीघा जमीन करीब दो करोड़ रुपये में बेची थी, जिसकी जानकारी केवल घर के बेहद नजदीकी लोगों को थी। ऐसे में पुलिस का शक घर के भेदी पर और गहरा गया है। दरवाजा खुलवाने के लिए बदमाश का खाला जान बोलकर दरवाजा खुलवाना भी पुलिस की जांच का विशेष बिंदु है। घटना के समय घर के कुछ सदस्य मुजफ्फरनगर में वलीमा दावत में गए हुए थे। घर में नाजिम, उसकी पत्नी सबीना, भतीजा नदीम और उसकी पत्नी शीबा मौजूद थे, जिन्हें अलग-अलग कमरों में बंद कर दिया गया।

# राकेश टिकैत ने बीज विधेयक का किया विरोध, पांच प्रमुख खतरों को गिनाया

- देश भर में किसान संगठनों के साथ आंदोलन की रणनीति तैयार करने का किया ऐलान
- दिल्ली में जल्द बैठक बुलाने की हुई घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने प्रस्तावित बीज विधेयक के खिलाफ कड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को कानून के दायरे में लाने के लिए यह विधेयक लेकर आ रही है, जो सीधे तौर पर किसान विरोधी है।

टिकैत ने निज निवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधेयक के पांच प्रमुख खतरों गिनाया। उन्होंने बताया कि इससे किसानों को खराब बीज पर कोई मुआवजा नहीं मिलेगा, बीजों की



कीमतों पर कोई सीमा नहीं रहेगी और विदेशी कंपनियों को खुली छूट मिलेगी। उनका कहना था कि किसानों को नुकसान होने के बाद कंपनियों को फायदा होगा। भाकियू प्रवक्ता ने कहा कि 11 दिसंबर को यह विधेयक संसद में प्रस्तावित किया जाएगा। इसके मद्देनजर भाकियू अन्य किसान संगठनों के साथ रणनीति बनाकर देश भर में इसका विरोध करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में जल्द किसान संगठनों की बैठक बुलाकर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। टिकैत ने एसआईआर अभियान का स्वागत करते हुए सभी लोगों से निर्वाचन सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिनके दो स्थानों पर वोट हैं, वे एक वोट कटवाने की प्रक्रिया पूरी करें। इस दौरान बाबरी मस्जिद को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में टिकैत ने कहा कि बाबरी मस्जिद के नाम से भाजपा को फायदा होगा और भाजपा सरकार की शह पर ही इसका निर्माण कार्य चल रहा है। कार्यक्रम में भाकियू के अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय किसान भी उपस्थित रहे और उन्होंने विधेयक के संभावित प्रभावों पर चिंता व्यक्त की।

### किशोर से धोखाधड़ी करने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** रामराज पुलिस ने किशोर से दोस्ती कर उसे धोखाधड़ी का शिकार बनाने वाले अमृतसर के दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 1 लाख 62 हजार रुपये नगद और दो मोबाइल बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल ने बताया कि रामराज के आलमपुर गांव निवासी गुरचरन सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका नाबालिग पुत्र घूमने के लिए अमृतसर गया था। वहां उसकी एक मोबाइल शॉप संचालक से मित्रता हो गई। कुछ समय बाद किशोर के पास फोन आया और उसे पैसे निवेश करने के लिए कहा गया, जिसमें किशोर ने अपने परिजनों को बिना बताए कई बार बड़ी रकम उनके खाते में ट्रांसफर कर दी। बाद में किशोर ने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने खुद को पुलिस कमिश्नर बताकर डराया और 45 हजार रुपये अपने खाते में ले लिए।

# कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी का मनाया जन्मदिन



पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर

जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के संयुक्त नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस ने केक काटकर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं कांग्रेस संसदीय दल के नेता सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभारी सपना सोम ने जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी व महिला कांग्रेस की

- 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय रैली के संबंध में हुई चर्चा

जिलाध्यक्ष एवं आज के कार्यक्रम की संयोजिका श्वेता सैनी के साथ मिलकर केक काटा और केक में मिठाई से सभी का मुंह मीठा कराया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्वेता सैनी ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए महिला कांग्रेस पदाधिकारी को उनकी नियुक्ति के संदर्भ में मनोनयन पत्र सौंपे।

# अगवा छात्रा की बरामदगी को लेकर विरोध-प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर

- परिजन और हिंदू संगठन ने पुलिस कार्रवाई पर जताया आक्रोश

मिमलाना गांव से चार दिन पहले अगवा हुई 11वीं की छात्रा की बरामदगी नहीं होने के विरोध में मंगलवार को महिलाओं और पुरूषों ने एसएसपी कार्यालय के बाहर धरना देकर हंगामा किया।

परिजनों और स्थानीय हिंदू संगठनों का आरोप था कि पुलिस इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही है। जानकारी के अनुसार, मिमलाना गांव की छात्रा को किसी लड़के ने अगवा कर लिया था, जिससे परिजन और समाजजन आक्रोशित हैं।

प्रदर्शनकारियों ने शिकायत के बावजूद पुलिस की धीमी कार्रवाई पर नाराजगी जताई और चेतावनी दी कि जब तक छात्रा सुरक्षित नहीं बरामद होती, उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। धरने के दौरान अधिकारियों ने परिजनों और प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही छात्रा को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।

### किशोरी लाखों के जेवरात लेकर डॉक्टर संग फरार

**कैराना।** मैन बाजार स्थित निजी क्लीनिक के डॉक्टर पर एक किशोरी को अपने जाल में फंसाकर लाखों के जेवरात लेकर भाग ले जाने के आरोप में पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित ने बताया कि वह गोरखपुर में कपड़ों का व्यापार करता है, जबकि परिवार कैराना में रहता है। उसकी बेटी के दांत में दर्द की शिकायत पर उपचार के लिए उसे अक्सर गोविंद क्लीनिक में तैनात डॉक्टर सौरभ के पास ले जाया जाता था। शिकायत के अनुसार, छह दिसंबर की शाम करीब चार बजे डॉक्टर ने फोन कर किशोरी को बहाने से बुलाया और घर में रखे जेवरात व नकदी साथ लाने को कहा। आरोप है कि किशोरी सोने के आठ कंगन (करीब दो तोला), डेढ़ किलो चांदी और दो जोड़ी सोने की बालियां लेकर डॉक्टर के साथ चली गई। जब देर रात तक वह घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। छोटी बहन ने बताया कि शाम को डॉक्टर घर आया था और बहन से बातचीत कर रहा था।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। बेहट

थाना फतेहपुर क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई इसमें एक 15000 का इनामी बदमाश घायल हो गया जबकि दो बदमाश अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। रात को फतेहपुर पुलिस रुड़की रोड पर बंगाली मोड़ के पास चेकिंग कर रही थी इसी दौरान संदिग्ध तीन व्यक्ति बाइक पर आते दिखे।

पुलिस ने रुकने का इशारा किया मगर वह पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने फायरिंग खोल दी जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। घायल व्यक्ति की पहचान शाहरुख पुत्र छोटा उर्फ फैय्याज निवासी ग्राम गंदेवड़ा थाना फतेहपुर सहारनपुर के रूप में हुई इसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर,एक खोखा,एक जिंदा कारतूस 315 बोर और एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पकड़ा गया शाहरुख थाना फतेहपुर का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, गैंगस्टर आर्म्स एक्ट और गोकशी सहित एक दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज है।

### सड़क हादसा : झपकी ने ली युवक की जान, चार साथी गंभीर घायल

**खतौली।** देर रात मेरठ-खतौली नेशनल हाइवे पर भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब कार चालक को झपकी आने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और कई पलटे खाते हुए हाइवे के रॉन्ग साइड जा पलटा। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नरा निवासी पाँच दोस्त 17 वर्षीय रिहान पुत्र कल, हिमांशु पुत्र धनपाल, जानू पुत्र जाउल, शमशेर पुत्र जावेद और सोनू पुत्र ताज अली कार द्वारा थाना फलावदा, मेरठ से अपने गांव नरा लौट रहे थे। रात लगभग 12 बजे जब उनकी कार खतौली क्षेत्र के भैसी गांव के समीप रामेश्वर होटल के पास पहुंची, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया। तेज रफ्तार में कार डिवाइडर से टकराई और कई बार पलटते हुए हाइवे के रॉन्ग साइड जाकर उलट गई। हादसे में रिहान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चारों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए खतौली सीएचसी में ले जाकर भर्ती कराया।

### किक्की जैन गिरोह की जड़ें खंगालने में जुटी पुलिस

# ब्लैकमेलर के गुर्गों की लिस्ट हो रही तैयार

- पीड़ितों की तहरीरों का दौर जारी
- सभी मामलों की जांच तेज गति से की जा रही है : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। खतौली

कस्बे के चर्चित व शातिर ब्लैकमेलर किक्की जैन के जेल जाने के बाद उसके काले कारोबार की परतें एक-एक कर खुलती जा रही हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने अब किक्की के उन गुर्गों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है, जो उसके साथ मिलकर ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के नेटवर्क को संचालित कराने में किक्की की मदद करते थे। पुलिस के अनुसार किक्की जैन पर रंगदारी के तीन मुकदमों सहित



कुल पांच मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। वहीं अब उसके सहयोगियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की तैयारी शुरू हो गई है। सूत्रों का कहना है कि इन मीडिया कथित सहायकों में वे लोग भी शामिल हैं, जिन पर पहले भी रंगदारी मांगने के केस दर्ज हैं। मंगलवार को किक्की जैन के शिकार बने तीन पीड़ित नोशाद पुत्र इब्राहिम, शिक्षक कांता स्वरूप सिंगल, और विद्याभूषण उर्फ पिंची पुत्र ओमप्रकाश

**व्हाट्सऐप से चलता था ब्लैकमेलिंग का खेल**

खतौली। कथित ह्मीडिया कर्मी बनकर घूमने वाले कुछ लोग नगर में हो रहे निर्माण, जीएसटी विवाद और अन्य गतिविधियों की तस्वीरें व शिकायतें किक्की जैन को भेजते थे। इसके बाद किक्की पीड़ितों से मोटी रकम वसूलता और वसूली का हिस्सा इन लोगों को भेज दिया जाता था। पुलिस ऐसे सभी संदिग्धों की सूची तैयार कर जांच में जुट गई है।

अपने समर्थक व्यापारियों के साथ कोतवाली पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग की। विद्याभूषण ने आरोप लगाया कि उससे 25 हजार रुपये की रंगदारी मांगी गई, जिसे किक्की के बेटे ने ऑनलाइन वसूल किया था।

व्यापारियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से कस्बे में ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली का ऐसा माहौल बना हुआ था कि कई व्यापारियों ने भय के कारण अपना कारोबार अन्य शहरों में शिफ्ट कर दिया। इसके अलावा एक और सक्रिय गिरोह का भी खुलासा हुआ है, जो आम नागरिकों के नाम पर तहसील, पालिका व अन्य विभागों में फर्जी शिकायतें डालकर वसूली करता है। इस गिरोह के सरगना के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है और जांच जारी है।

किक्की के जेल जाने के बाद लगातार पीड़ित सामने आ रहे हैं और शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सभी मामलों की जांच तेज गति से की जा रही है और जल्द ही नेटवर्क के बाकी सदस्यों पर भी कार्रवाई होगी।

# एक करोड़ से अधिक सामान के साथ तीन गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर

एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देशन में जनपद पुलिस अपराध करने वाले अपरधियों पर कहर बनकर टूट रही है। थाना मंडी प्रभारी इंस्पेक्टर रोजन्त त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी की सिलसिलेवार वारदातों का बड़ा खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। रात चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बेगम कब्रिस्तान के सामने तीन शातिर चोरों मुंतजिर उर्फ काला, राशिद और अरशद को दबोच लिया।

इनके कब्जे से थाना मण्डी, थाना नागल और थाना देहात थानों के कई मुकदमों से जुड़े तकनीकी उपकरण, आर.आर.एच यूनिट्स, कार्ड, राउटर, क्लैम्प, फैन सहित भारी मात्रा में चोरी का सामान और दो वाहन बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमे में धाराओं की वृद्धि की गई है तथा अभियुक्तों को न्यायालय सुपूर्द कर दिया।

## यूपी सीएसआर राउंडटेबल 2025

# तीस से अधिक कंपनियों ने की सहभागिता

❖ कौशल विकास एवं रोजगार सृजन को गति देने के लिए उद्योग-सरकार साझेदारी पर गहन विमर्श हुआ



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा लखनऊ में 'उत्तर प्रदेश सीएसआर राउंडटेबल 2025 ऑन स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी' का सफल आयोजन किया गया। इस परामर्श-सत्र में देश की 30 से अधिक प्रमुख कंपनियों, फाउंडेशनों एवं संस्थानों ने भाग लेकर प्रदेश के कौशल एवं रोजगार पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत चर्चा की। योगी सरकार के नेतृत्व में राज्य को एक भविष्य-उन्मुख, सक्षम एवं कौशल-प्रधान अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने के निरंतर प्रयासों की श्रृंखला में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करना, प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारना, उभरते कौशल क्षेत्रों में पहुंच का विस्तार तथा उद्योग-संलग्न प्रशिक्षण मॉडल को बढ़ावा देना विभाग की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। योगी सरकार के विजन के अनुरूप युवाओं को उद्योग-उन्मुख कौशल से जोड़कर उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार अवसरों का विस्तार किया जा रहा है। प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग डॉ. हरि ओम ने कहा कि प्रदेश सरकार कौशल-आधारित मानव संसाधन निर्माण के लिए व्यापक संरचनात्मक सुधार कर रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य में प्रशिक्षण अवसंरचना को जिला एवं ब्लॉक स्तर तक सुदृढ़ करने, स्मार्ट लैब्स एवं आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रमों का विकास तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों तक ले जाने हेतु विभाग एक व्यापक कार्ययोजना पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत के साथ बढ़ती साझेदारी से राज्य में रोजगारपरक कौशल विकास को नई गति मिल रही है और युवाओं के लिए उन्नत अवसरों का विस्तार हो रहा है।

मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन पुलकित खरे, आईएएस ने कहा कि सीएसआर आधारित सहयोग से उद्योग-आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार और अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि यूपीएसडीएम द्वारा डिजिटल कौशल, हरित कौशल, उन्नत विनिर्माण तकनीक, सेवा-क्षेत्र आधारित रोजगारों तथा महिला-प्रधान आजीविका कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की सक्रिय भागीदारी अपरेंटिसशिप को मजबूत करेगी और प्रदेश का युवा वर्ग सीधे उद्योग से जुड़कर अधिक रोजगार-सृजन में सक्षम होगा।

राउंडटेबल में एचसीएल, एक्सिस बैंक, ह्युंडई, सीमेंस, टाटा ट्रस्ट्स, रिलायंस फाउंडेशन, शिव नादर फाउंडेशन सहित अनेक अग्रणी संगठनों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने जिला-स्तरीय कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप सीएसआर हस्तक्षेपों के संरेखण, पाठ्यचर्या में उद्योग की मांग के अनुरूप सुधार, तथा प्रशिक्षण के परिणामों को मजबूत करने संबंधी सुझाव प्रस्तुत किए। सीएसआरबॉक्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी भौमिक शाह ने कहा कि यह राउंडटेबल उत्तर प्रदेश में कौशल एवं रोजगार सृजन के लिए उद्देश्य-प्रधान साझेदारियों को नई दिशा देगा और राज्य की विजन 2047 की यात्रा में इसकी भूमिका और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम के अंत में आईबीएम, लेनोवो, सीमेंस तथा बजाज (टाटा स्ट्राइव के माध्यम से) ने लक्षित कौशल विकास पहलों के लिए लेटर ऑफ इंटेंट प्रस्तुत किए। जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन ने रोजगार-उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसके माध्यम से युवाओं को उद्योग-संगत कौशल प्रदान करने के नए अवसर खुलेंगे।

### गाजियाबाद में 'पासपोर्ट लोक अदालत' कल

लखनऊ। लंबित पासपोर्ट मामलों के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद एक विशेष 'पासपोर्ट लोक अदालत' का आयोजन कर रहा है। इस पहल का मकसद नागरिकों को पासपोर्ट से जुड़ी सेवाएं त्वरित एवं पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराना है। यह लोक अदालत 11 दिसम्बर (गुरुवार) को शाम 3 बजे से 5 बजे तक कक्ष संख्या 320, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद (हापुड़ चुंगी, कमला नेहरू नगर) में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप, भारतीय विदेश सेवा, स्वयं उपस्थित रहेंगे और आवेदकों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। स्वरूप ने बताया कि यह लोक अदालत विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित की जा रही है।

### विभिन्न अनुभागों के लिए जन सूचना अधिकारी नामित

लखनऊ। राज्यपाल सचिवालय में विभिन्न अनुभागों में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रतिवेदनों के समयबद्ध निस्तारण के लिए साइमन डेविड पौल अनु सचिव शिक्षा प्रभाग को शिक्षा अनुभाग-1, राज्यपाल सचिवालय, शोभन्त कुमार अनुभाग अधिकारी शिक्षा अनुभाग-2 को शिक्षा अनुभाग-2, राज्यपाल सचिवालय, पवन कुमार शुक्ला, अनुभाग अधिकारी सामान्य अनुभाग-1 को सामान्य अनुभाग-1, राज्यपाल सचिवालय, एवं कमल सिंह यादव, अनुभाग अधिकारी सामान्य अनुभाग-2 को सामान्य अनुभाग-2, राज्यपाल सचिवालय, का जन सूचना अधिकारी नामित किया गया है।

# सपा प्रमुख के बाद अब मायावती ने भी की एसआईआर की डेट बढ़ाने की मांग

❖ आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों पर ही यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वह खुद अपना रिकार्ड बताएं



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

सपा मुखिया अखिलेश यादव के बाद अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने एसआईआर की तारीख बढ़ाए जाने की मांग चुनाव आयोग से की है। मायावती ने इसके पीछे दलील दी है कि बीएलओ बिना किसी दबाव के आराम से मतदाता सूची का काम कर सकें। मतदाता सूची से बेवजह हड़बड़ाहट में किसी का नाम न काटा जाए। वहीं मायावती ने चुनाव आयोग सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों पर ही यह जिम्मेदारी डाली जाए कि वह खुद अपना रिकार्ड बताएं । छुपाने पर सजा दी जाए, यह काम पार्टी के ऊपर न डाला जाए। चुनाव ईवीएम की बजाय बैलेट पेपर से कराए जाएं। क्योंकि ईवीएम से चुनाव पर बार-बार गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। मायावती ने ऐक्स पर पोस्ट कर लिखा कि जैसा कि विदित है कि आज से संसद में चूंकि चुनाव सुधार को लेकर चर्चा हो रही है। अतः बीएसपी की ओर से इस सम्बन्ध में यह कहना है कि चुनाव की प्रक्रिया में अन्य सुधार लाने के साथ-साथ निम्न तीन ख़ास सुधार लाना बहुत जरूरी हैं। एसआईआर को लेकर जो पूरे देश में व्यवस्था चल रही है बीएसपी उसके विरोध में नहीं है। लेकिन बसपा का यह कहना है कि इस सम्बन्ध में मतदाता सूची में नाम भरने की जो भी प्रक्रिया होनी है, उसके लिए जो समय सीमा निर्धारित की गई है वो बहुत ही कम है, जिसकी वजह से बीएलओ के ऊपर भी काफी दबाव है और कई बीएलओ काम के दबाव के वजह से अपनी जान भी गवां चुके हैं। जहां करोड़ों मतदाता हैं वहां बीएलओ को उचित समय मिलना ही चाहिए और ख़ासतौर पर उस प्रदेश में जहां जल्दी ही कोई भी चुनाव नहीं है।मायावती ने आगे लिखा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 15.40 करोड़ से भी ज़्यादा मतदाता हैं और अगर वहां रक्फ़ का कार्य जल्दबाज़ी में पूरा करने की कोशिश की जायेगी तो इसका नतीजा यह होगा कि अनेकों वैध-मतदाता ख़ासतौर पर जो गरीब हैं और काम करने के सिलसिले में बाहर गये हैं, तो फिर उनका नाम मतदाता सूची से रह जायेगा और वो बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा ऐसे व्यक्तियों को दिया गया वोट डालने का संवैधानिक अधिकार से वंचित कर देगा, जो कि पूर्ण रूप से अनुचित होगा। अतः ऐसे में एसआईआर की प्रक्रिया को पूरी करने में जल्दबाज़ी ना करते हुए उचित समय दिया जाना चाहिये अर्थात वर्तमान मे दी गई समय सीमा को बढ़ाना चाहिये। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार चुनाव आयोग द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। ऐसे लोग जिनका कोई भी आपराधिक इतिहास है उन्हें अपने हलफनामें में इसका अपने आपराधिक इतिहास का पूरा ब्योरा देना होगा और इसके साथ-साथ स्थानीय अख़बारों में भी इसका पूरा विवरण भी प्रकाशित करना होगा तथा जिस राजनैतिक पार्टी से वे चुनाव लड़ रहे हैं, उस राजनैतिक पार्टी की भी जिम्मेदारी होगी कि वह इस सूचना को अपने स्तर से भी राष्ट्रीय अख़बारों में भी प्रकाशित करेगी।

इस संबंध में बसपा का कहना है कि अक्सर यह पाया गया है कि जिस व्यक्ति को चुनाव लड़ने के लिए टिकट-सिम्बल दिया जाता है उनमें से कुछ लोग अपना आपराधिक इतिहास पार्टी को नहीं बतातें हैं तथा कुछ लोगों के सम्बन्ध में स्क्रूटनी के समय ही पार्टी को इसका पता लग पाता है, जिसकी वजह से इसकी जिम्मेवारी पार्टी के ऊपर आ जाती है और वैसे भी ऐसे प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास को राष्ट्रीय अख़बारों में छपवाने की ज़िम्मेवारी पार्टी के ऊपर डाली गयी है। जबकि इस सम्बन्ध में हमारी पार्टी का यह सुझाव है कि आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों के सम्बन्ध में सभी औपचारिकताएं पूरी करने की जिम्मेवारी उन्हीं पर डालनी चाहिये ना कि पार्टी के ऊपर होनी चाहिये। और अगर आगे चलकर यह मालूम होता है कि किसी प्रत्याशी ने अपना आपराधिक इतिहास छुपाया है तो इससे सम्बंधित हर प्रकार की कानूनी लाइबेलिटी और जिम्मेदारी भी उसी पर आनी चाहिये ना कि पार्टी के ऊपर।

# 2जी आधारित स्मार्ट प्रीपेड मीटर परियोजना की विफलता उजागर



**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

यूपी में वर्ष 2018 में ऊर्जा दक्षता सेवाएं लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 40 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का निर्णय ओपेक्स मॉडल में लिया गया था। यह परियोजना 8 वर्ष की अवधि के लिए संचालित की जानी थी। उपभोक्ता परिषद ने प्रारंभ से ही इस तकनीक का विरोध किया था क्योंकि ये मीटर 2जी तकनीक पर आधारित थे, जो समय के साथ निष्प्रभावी होने वाली थी। परिषद ने चेतावनी दी थी कि भविष्य में यह तकनीक बंद होने पर उपभोक्ताओं को गंभीर समस्याओं एवं आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

उपभोक्ता परिषद की आज के क्रम में विद्युत नियामक आयोग के निर्देश के बाद पावर कारपोरेशन ने 11 दिसंबर 2019 को सभी मीटर को 4जी तकनीकी में कन्वर्ट करने के लिए ईईएसएल को पत्र लिखा लेकिन वह केवल मामले को डालता रहा या वर्तमान में इंटली स्मार्ट जो स्मार्ट प्रीपेड मीटर आरएसएस में लग रही है इस कंपनी की एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड पैतृक कंपनी है। उपभोक्ता परिषद की आशंकाएं अगस्त 2020 में सही साबित हुईं जब जन्माष्टमी के दिन एकाएक 1,58,000 स्मार्ट मीटर बंद हो गए। इसके बाद विद्युत नियामक आयोग ने भी इन मीटरों को उच्च तकनीकी (4जी) में परिवर्तित करने के आदेश जारी किए। तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा द्वारा भी उपभोक्ता परिषद के पक्ष को सही माना गया। राज्य सरकार ने इस घटना की एसटीएफ जांच भी कराई, परंतु दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आज उपभोक्ता परिषद की चेतावनी एक बार फिर सही सिद्ध हुई है। पावर कॉरपोरेशन ने निर्णय लिया है कि ईईएसएल द्वारा लगाए गए 12 लाख स्मार्ट मीटरों में से 11,32,506 सक्रिय मीटरों को आरडीएसएस परियोजना के अंतर्गत मार्च 2027 तक नए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से बदल दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं देश की सर्वोच्च ऊर्जा क्षेत्र की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि–'यदि उपभोक्ता परिषद की बात समय रहते मान ली गई होती, तो पावर कारपोरेशन को यह भारी आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़ता। 2जी आधारित मीटर शुरुआत से ही त्रुटिपूर्ण तकनीक पर आधारित थे जिसका खामियाजा आज प्रदेश की जनता भुगत रही है। वर्मा ने बताया कि ईईएसएल को इन मीटरों के लिए प्रति मीटर प्रति माह 101 रुपये पावर कॉरपोरेशन द्वारा दिया जा रहा है। 11,32,506 मीटरों पर निगम द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 137 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। 7 वर्षों में यह राशि बढ़कर लगभग 959 करोड़ रुपये हो गई। अब इन सभी मीटरों को नए स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से बदला जाएगा। यदि वर्तमान दर 6016 रुपये प्रति मीटर के अनुसार लागत जोड़ी जाए तो लगभग 681 करोड़ का अतिरिक्त खर्च आएगा। इस तरह कुल मिलाकर हजारों करोड़ रुपये की सार्वजनिक धनराशि बर्बाद हो चुकी है।



# राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ चार मुद्दों पर कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद ने मंगलवार को सनातन आस्था और हिंदू समाज के सम्मान से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री से मांग करते हुए यात्रा निकाली। जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने संगठन के बैनर व नारेबाजी लगाते हुए यात्रा को लक्ष्मण पार्क से शुरु करते हुए व के.डी सिंह बाबू स्टेडियम से होते हुए गांधी प्रतिमा, जीपीओ हजरतगंज पर समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री को नामित ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश दुबे ने कहा कि विगत महीनों में अराजक तत्वों ने देवी-देवताओं, धार्मिक स्थलों और सनातन परंपराओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणियों की घटनाएँ बढ़ी हैं, जिनसे पूरे हिंदू समाज में गहरा असंतोष है। वहीं सोशल मीडिया और व्यक्तिगत विवादों के दौरान की जाने वाली जातिगत टिप्पणियों पर रोक लगाने की भी मांग की। इसके अलावा नशीले पदार्थों, पटाखों और अन्य अर्यादित उत्पादों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाले की मांग करते हुए कहा कि ऐसे उत्पादों से आस्था का अपमान होता है और सनातन भावनाओं पर अनावश्यक चोट पहुँचती है।

# चिकित्सा शिक्षा को किराये की बिल्डिंग में शिफ्ट किये जाने का महासंघ ने किया विरोध

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

जवाहर भवन-इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ की एक आपात बैठक सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुयी जिसमें चिकित्सा शिक्षा विभाग को जवाहर भवन से शहीद पथ पर किराये की बिल्डिंग में शिफ्ट करने की साजिश पर जोरदार चर्चा हुई।

महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय तथा कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार 'बच्चा' ने बताया है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग जो वर्षों से जवाहर भवन में स्थित है जहां पर अधिकारियों कर्मचारियों को सभी सुविधा भी मिल रही हैं, और सुरक्षा और आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी भी नही है। सचिवालय बगल मे है, जिससे मीटिंग आदि के लिए बेहतर सुविधा मिल रही है, सरकारी भवन के कारण कोई किराया भी नही देना पड़ता है, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बैठने की भी उचित व्यवस्था है, कर्मचारी जवाहर भवन की सुविधाओं को देखते हुए जाना भी नही चाहता है, यहां पर शिक्षा से जुड़े हजारों छात्र आने-जाने में बेहतर सुविधा मिलती है।

परन्तु उच्च पदों पर बैठे बड़े लोग अनावश्यक रूप से लाखों रूपये में प्रत्येक महीने में खर्च कराकर शासकीय धन का दुरूपयोग कराकर शहीद पथ पर किराये की बिल्डिंग ली जा रही है, जिसका महासंघ कड़ा विरोध करता है।

### वाणिज्य में कर्मचारियों की भारी कमी से जूझता लेसा : पाण्डेय

लखनऊ। कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ कि बैठक एवेरेडी चौराहा स्थित कैम्प कार्यालय में किया गया जिसमें संगठन पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि लखनऊ में पुरानी व्यवस्था के स्थान पर वर्टिकल व्यवस्था लागू किया गया है जिसमें कहां गया था कि वर्टिकल व्यवस्था के तहत 33 के वी/11 के वी एवं एलटी व वाणिज्य के कार्यों की जिम्मेदारी अलग-अलग अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जाएगा। जिसके बाद वाणिज्य क्षेत्र जहां वसूली, नये संयोजन देने, नोटिस आदि देने के कार्यों को करने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई जो काफी कम है जिस कारण कार्य समय से पूरा नहीं हो पा रहा है।

# 18 से आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय संगीत सम्मलेन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ शुभारम्भ सत्र में देश के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा पेश करेंगे अपनी मनमोहक गायकी

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष अपार उत्साह, गौरव और भव्यता के साथ मनाने जा रहा है। इस अविस्मरनीय अवसर पर 18 से 20 दिसम्बर तक विश्वविद्यालय के कला मण्डपम सभागार एवं विश्वविद्यालय परिसर में एक त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगीत सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशिष्ट कलाकार अपनी भव्य और रससिक्त प्रस्तुतियों द्वारा लखनऊ के कला प्रेमियों एवं रसिकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। शुभारम्भ सत्र में देश के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पद्मभूषण पं. साजन मिश्रा अपनी मनमोहक गायकी प्रस्तुत करेंगे। सायंकालीन सत्र में नृत्य एवं वादन की स्वरलहरियां दर्शकों को रोमांचित करेंगी। कार्यक्रम में विश्वविख्यात नृत्यांगना पद्मविभूषण डॉ. सोनल मानसिंह के शिष्यों का विशेष नृत्य-प्रदर्शन होगा। तत्पश्चात विश्वप्रसिद्ध सरोद वादक पद्मविभूषण उस्ताद अमजद अली खान, अयान अली बंगश और अमान अली बंगश के साथ अपनी अद्वितीय सरोद वादन-कला से रसिकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। 19 दिसम्बर नृत्य, ताल और नाट्य का संगम। प्रथम सत्र कथक नृत्य को समर्पित होगा, जिसमें कथक जगत के दिग्गज पं. राम मोहन महाराज, पं. जयकिशन महाराज, पं. दीपक महाराज और पं. त्रिभुवन महाराज अपनी साधना और ज्ञान दोनों को छात्रों, शोधार्थियों और अगली पीढ़ी के कलाकारों के साथ साझा करेंगे। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक उस्ताद अकरम खान एकल प्रस्तुति देंगे तथा तबले की बारीकियों पर विशेष चर्चा भी करेंगे। सायंकालीन सत्र नाट्य कला प्रेमियों के लिए समर्पित होगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध रंगकर्मी पद्मश्री प्रो. वामन केंद्रे अपने दल के साथ महाकवि भास की संस्कृत रचना मध्यम व्यायोग पर आधारित नाट्य प्रस्तुति 'मोहे पिया' का मंचन करेंगे। अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक श्री संजू सहाय एवं वरिष्ठ कथक नृत्यांगना पद्मश्री शोवना नारायण विद्यार्थियों एवं प्रतिभाओं से अपने अनुभव साझा करेंगे तथा अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से दर्शकों को अभिभूत करेंगे।

# हस्तशिल्प सप्ताह के अंतर्गत 50 हस्तशिल्पियों को बांटें गए टूल किट

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

## लखनऊ से अंबेडकरनगर तक चल रहे हस्तशिल्प सेवा केंद्र के कार्यक्रमों से हस्तशिल्पी हुए लाभान्वित



प्रदेश में पारंपरिक हस्तशिल्प को नई पहचान दिलाने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 8 से 14 दिसंबर तक मनाए जा रहे 'हस्तशिल्प सप्ताह' के अंतर्गत हस्तशिल्प सेवा केंद्र, लखनऊ द्वारा विविध जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान कारीगरों को न केवल आधुनिक संसाधनों से सशक्त किया जा रहा है, बल्कि उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में ठोस पहल की जा रही है।

हस्तशिल्प सप्ताह की शुरुआत 8 दिसंबर को भिटौली, लखनऊ में हुई, जहां हस्तशिल्प सेवा केंद्र, लखनऊ एवं मे. ग्लोबल फाउंडेशन, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 50 अनुसूचित जाति के जरी-जरदोजी हस्तशिल्पियों को उन्नत टूल किट्स का वितरण किया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी विनय कुमार सिंह ने स्वयं कारीगरों को टूल किट्स वितरित किए और उन्हें विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और कारीगर बाजार की मांग के अनुसार बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार कर सकेंगे।

मंगलवार को हस्तशिल्प सप्ताह के दूसरे दिन टांडा, अंबेडकरनगर स्थित टांडा हस्तशिल्प उत्पादक कंपनी से जुड़े हस्तशिल्पियों को हस्तशिल्प पहचान पत्र वितरित किए गए, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा। इसी दिन हस्तशिल्पियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें कुशल चिकित्सकों द्वारा उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही कारीगरों को स्वास्थ्य सुरक्षा, बीमा योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से जुड़ी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विनय कुमार सिंह के साथ राकेश कुमार श्रीवास्तव, निदेशक, टांडा हस्तशिल्प उत्पादक कंपनी सहित सैकड़ों की संख्या में हस्तशिल्पी उपस्थित रहे।

हस्तशिल्प सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में अयोध्या में तीन दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शन सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है, जो 11 से 13 दिसंबर तक केडी पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में कुशल हस्तशिल्पियों द्वारा अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा, वहीं छात्राओं और स्थानीय नागरिकों को पारंपरिक कला, डिज़ाइन और विपणन से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त सप्ताह के दौरान अन्य जिलों में भी विभिन्न हस्तशिल्प क्लस्टरों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हस्तशिल्प सेवा केंद्र, लखनऊ द्वारा संचालित यह पूरा अभियान प्रदेश के पारंपरिक कारीगरों को तकनीकी सहायता, पहचान, स्वास्थ्य सुरक्षा और बाजार से जोड़ने की दिशा में एक सशक्त प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश में नारी शक्ति को मिली नई उड़ान

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ योगी सरकार का आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन पर जोर, आत्मनिर्भर दीदी बना रहीं समृद्ध यूपी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद से ही आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पर जोर दिया है। नारी को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति पर सरकार का जोर है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नारी सम्मान का ऐसा मॉडल बना है, जहां सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से महिलाओं को नई दिशा मिल रही है। मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया मॉडल है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश है 'नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है'। 24 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत हर विभाग प्रतिदिन जागरूकता अभियान चला रहा है। पुलिस चौपालों से लेकर सड़क रैलियों तक 'सुरक्षा और सम्मान, नारी का अधिकार' का उद्घोष गूंज रहा है। ग्रामीण-शहरी हर क्षेत्र में व्यापक महिला बीट प्रणाली और एंटी रोमियो स्क्वॉयड के माध्यम से हर महिला को अभूतपूर्व सुरक्षा का कवच प्रदान किया जा रहा है। पिंक पेट्रोल 24७७ उपलब्धता के साथ स्कूल, कॉलेज और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तुरंत पहुंच रहा है। तकनीक का व्यापक उपयोग- 1090, साइबर मॉनिटरिंग सेल और डिजिटल ट्रैकिंग ने स्टॉकिंग, फर्जी अकाउंट्स पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की है। कॉलेजों में साइबर सुरक्षा वर्कशॉप से छात्राओं को सशक्त बनाया जा रहा है। महिला अपराधों में त्वरित जांच से हर पीड़िता को पूर्ण न्याय सुनिश्चित, अभूतपूर्व निस्तारण दर के साथ कठोर सजाएं दी जा रही हैं।

मिशन शक्ति केंद्रों में प्रशिक्षित अधिकारी 3-5 वर्ष तक तैनात रहेंगे। आर्थिक सशक्तिकरण में भी क्रांति आ रही है। ग्राम पंचायतों में बीसी सखी, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी जैसी योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन ने बेटियों को नई उड़ान दी है। मिशन शक्ति के साथ ही उज्ज्वला और स्वामित्व योजना ने घर-घर तक सशक्तिकरण पहुंचाया है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 10 दिसंबर 2025



## स्वदेशी के मंत्र से ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण होगा

भाषा। रायपुर



■ उपमुख्यमंत्री ने रायपुर वासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने राजधानी रायपुर में स्वदेशी संकल्प यात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना किया और कहा कि स्वदेशी के मंत्र से ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण होगा। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और स्वदेशी जागरण मंच, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित स्वदेशी संकल्प यात्रा को उपमुख्यमंत्री साव ने आज रायपुर के तेलीबांधा तालाब परिसर में ध्वज दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर आयोजित मोटरसाइकिल रैली में शामिल होकर साव ने रायपुर वासियों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के माध्यम से ही छत्तीसगढ़ और देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। साव ने राजधानीवासियों को संबोधित करते हुए कहा, "भारत को खुशहाल और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से स्वदेशी का संदेश घर-घर पहुंचाने का यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। 22 दिनों तक चलने वाली यह स्वदेशी संकल्प यात्रा पूरे प्रदेश में सकारात्मक वातावरण तैयार कर रही है।"

उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने का यह संकल्प हमें आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और स्वाभिमानी बनाएगा तथा भारत माता के गौरव और वैभव को पुनः स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के विधायक और व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### वंदे मातरम् पर बोले राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन

## एक राष्ट्र के रूप में साथ खड़े होने का संकल्प लें

भाषा। नई दिल्ली



राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को मातृभूमि के प्रति प्रेम की भावना से देश को जोड़ने वाला "अमर स्तुति गीत'' बताते हुए सभी से एकता और राष्ट्रीय सेवा का संकल्प लेने का आ''ान किया।

वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने पर उच्च सदन में चर्चा से पहले सभापति ने कहा कि यह गीत उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत की याद दिलाता है, जो इसे गाते हुए फांसी के तख्ते तक निर्भीकता से पहुंचे।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने वंदे मातरम् को हर घर, हर स्कूल, हर संघर्ष और हर भारतीय के हृदय तक पहुंचाया।

राधाकृष्णन ने कहा, ₹वंदे मातरम् सिर्फ एक गीत ही नहीं है बल्कि यह हमारे राष्ट्र की धड़कन है। यह असंख्य माताओं की मौन प्रार्थना, शोषितों की आशा और स्वतंत्रता का स्वप्न देखने वालों का अटूट साहस है।

उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह अमर गीत औपनिवेशिक दमन के दौर में स्वतंत्रता की आकांक्षा का प्रतीक बना और इसने धर्म, भाषा और भूगोल की सीमाएं पार कर पूरे राष्ट्र को मातृभूमि-प्रेम की एक भावना में बांधा।

उन्होंने कहा, ₹वंदे मातरम् स्वतंत्रता सेनानियों का अंतिम उद्घोष था, जिसे वे गर्व से गाते हुए फांसी पर चढ़े। उनकी बलिदान कथा इस गीत की हर पंक्ति में गूंजती है।₹

सभापति ने सुब्रमण्यम भारती की एक देशभक्तिपूर्ण कविता का भी उल्लेख किया।

गृह मंत्री अमित शाह को चर्चा शुरू करने की अनुमति देने से पहले राधाकृष्णन ने कहा, ₹वंदे मातरम्-एक संकल्प है—हमारी पहचान का, हमारी एकता का, और हमारी सामूहिक नियति का। इसकी रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आइये, हम सभी अपने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करें।

उन्होंने कहा, ₹आज हम संकल्प लें—ईमानदारी से देश की सेवा करने का, एक जनता और एक राष्ट्र के रूप में साथ खड़े होने का, और गर्व से वंदे मातरम् कहने का।

राज्यसभा में 'वंदे मातरम्' पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

## अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के तुरंत बाद चुनावों की घोषणा होगी

भाषा। कूच बिहार



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि कानूनी चुनौतियों से बचने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद फरवरी में अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के तुरंत बाद राज्य में विस चुनावों की घोषणा की जाएगी।

ममता बनर्जी ने कूचबिहार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया का इस्तेमाल मतदाताओं में डर उत्पन्न करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, फरवरी में एसआईआर की अंतिम सूची जारी होने के तुरंत बाद चुनाव घोषित किए जाएंगे, ताकि किसी को भी इसे कानूनी रूप से चुनौती देने का मौका न मिले। ऐसा इसलिए किया जाएगा ताकि चुनाव उसी सूची के आधार पर हों।₹

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा चार नवंबर को एसआईआर लागू करने से लोगों के बीच डर का माहौल बन गया है और उन्हें यह आशंका है कि उनके नाम मनमाने ढंग से मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा, ₹अब हमें अपनी नागरिकता साबित करनी होगी? इससे बड़ी शर्म की बात और क्या हो सकती है? जो लोग पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं, उनसे यह साबित करने के लिए कहा जा रहा है कि वे कौन हैं।₹

मुख्यमंत्री ने केंद्र पर हमला तेज करते हुए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर 'अराजक और निरंकुश' शासन चलाने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो पार्टी बंगाल की संस्कृति, भाषा और विरासत को नष्ट कर देगी।

ममता ने यह भी दावा किया कि अगर तृणमूल कांग्रेस सरकार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को रोक दिया होता तो केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा देती।

## मप्र: वक्फ के नाम पर 40,000 वर्ग फुट कब्जा हटाया

भाषा। खंडवा

मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में प्रशासन ने 40,000 वर्ग फुट पर फैली सरकारी जमीन से कथित तौर पर वक्फ के नाम पर किया गया अवैध कब्जा मंगलवार को हटा दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) बजरंग बहादुर ने बताया," सिहाड़ा गांव में कुछ व्यक्तियों ने शासकीय जमीन को वक्फ की संपत्ति बताकर इस पर अवैध कब्जा कर लिया था। हमने शासकीय संपत्ति से अवैध कब्जा हटा दिया।''जिला मुख्यालय से सात किमी दूर गांव में 40,000 वर्ग फुट पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस बल तैनात किया गया था।

सिहाड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि हेमंत सिंह चौहान ने कहा,"जिस जगह को वक्फ की संपत्ति बताया जा रहा था, वह सरकारी भूमि है। इस भूमि पर ग्राम पंचायत ने दुकानें बनाने का प्रस्ताव पारित किया है।''

## सिंध का प्राचीन वाद्ययंत्र 'बोरींडो' यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल

भाषा। नई दिल्ली



पाकिस्तान के सिंध प्रांत का प्राचीन लोक संगीत वाद्ययंत्र बोरींडो और उसकी धुनें, पैराग्वे की प्राचीन चीनी मिट्टी की शिल्पकला और केन्या के दाईदा समुदाय के म्वाजिंडिका आध्यात्मिक नृत्य को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची (आईसीएच) में मंगलवार को शामिल किया गया, जिन्हें तत्काल संरक्षण की आवश्यकता है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि समिति द्वारा मंगलवार को नामांकनों पर विचार किया जा रहा है ताकि उन्हें आईसीएच में जगह दी जा सके। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर-सरकारी समिति (आईसीएच) का 20वां सत्र 8 से 13 दिसंबर तक यहां लाल किले में आयोजित किया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को)के एक अधिकारी ने बताया कि सूची में शामिल नयी प्रवृष्टियों में वियतनाम के डोंग हो लोक वुडब्लॉक प्रिंटिंग (लकड़ी पर चित्रकारी) बनाने की कला, पाकिस्तान से लुप्त हो रहे प्राचीन लोक संगीत वाद्ययंत्र बोरींडो और उसकी धुनें, ज्ञान और कौशल, तथा फिलीपीन के बोहोल द्वीप के बोहोलानो समुद्री नमक असिन तिबूक बनाने की प्रथा शामिल है।

विश्व निकाय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट कर सूची में शामिल नयी प्रविष्टियों की जानकारी दी।

यूनेस्को ने कहा, "अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की तत्काल सुरक्षा सूची में नया नाम केन्या के डेडा समुदाय का म्वाजिंडिका आध्यात्मिक नृत्य।''

विश्व निकाय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, "तत्काल संरक्षित की जाने वाली अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में नया नाम पाकिस्तान का बोरींडो, प्राचीन लुप्त हो रहा लोक संगीत वाद्ययंत्र, इसकी धुन, ज्ञान और कौशल।'' यह पहली बार है कि भारत यूनेस्को के किसी सत्र की मेजबानी कर रहा है।

पेरिस स्थित विश्व निकाय के अनुसार, समिति इस सत्र के दौरान यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने के लिए लगभग 80 देशों द्वारा प्राप्त 'कुल 67 नामांकनों' पर विचार करेगी। यूनेस्को ने पोस्ट किया कि तत्काल संरक्षण की आवश्यकता वाली अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में अन्य नए नाम पनामा की आवास निर्माण शैली 'क्विंचा हाउस और जुंटा डी एम्बारे/एम्बारा, पैराग्वे की पारंपरिक चीनी मिट्टी शिल्पकला नाइउपो कला, पुर्तगाल के एवेरो क्षेत्र की नौसैनिक बढ़ईगीरी कला मोलिसिरो नाव, तथा उज्बेकिस्तान की कोबीज शिल्पकला और वादन कला है। यूनेस्को ने इसी के साथ अरब देशों की 'बिष्ट'कला, बेलारूस में गोमेल क्षेत्र के वेतका जिले की 'नेगलिबुका' कपड़ा बुनाई परंपरा, अल्बानिया का लहुटा वाद्य यंत्र, उसका वादन और गायन को भी सूची में शामिल करने को हरी झंडी दे दी है।

## कंबोडिया ने बढ़ते सीमा संघर्ष के बीच थाईलैंड के खिलाफ कड़े संघर्ष की प्रतिबद्धता जताई

एपी। सुरिन (थाईलैंड)



कंबोडिया की सीनेट के अध्यक्ष हुन सेन ने मंगलवार को कहा कि उनका देश थाईलैंड के खिलाफ कड़ा संघर्ष करेगा।

दक्षिण-पूर्व एशियाई पड़ोसी देशों के बीच दूसरे दिन व्यापक रूप से फिर से शुरू हुए संघर्ष के कारण हजारों लोग सीमावर्ती क्षेत्रों से पलायन कर गए हैं। रविवार रात को झड़प के बाद लड़ाई शुरू हो गई जिसमें थाईलैंड का एक सैनिक मारा गया, जबकि जुलाई में क्षेत्रीय दावों को लेकर संघर्ष विराम हुआ था। पांच दिनों तक चली लड़ाई में दोनों पक्षों के कई लोग मारे गये थे और 100,000 से अधिक नागरिकों को वहां से पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा।

दोनों पक्षों ने लड़ाई जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने मंगलवार को कहा कि कंबोडिया ने संभावित वार्ता के लिए अभी तक थाईलैंड से संपर्क नहीं किया है और लड़ाई जारी रहेगी, जिससे यह संकेत मिलता है कि कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा, "हमें वही करना होगा जो हमें करना है। सरकार पहले से तय सभी तरह के सैन्य अभियानों का समर्थन करेगी।'' उन्होंने सोमवार को कहा था कि देश की संप्रभुता की रक्षा और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैन्य कार्रवाई आवश्यक है। फेसबुक और टेलीग्राम पर पोस्ट किये गये एक बयान में, हुन सेन ने दावा किया कि उनके देश ने सोमवार को जवाबी कार्रवाई करने से परहेज किया था, लेकिन रात में थाईलैंड की सेना पर जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी और कहा कि कंबोडिया "जवाबी हमलों के जरिये दुश्मन सेना को कमजोर और नष्ट कर देगा।''थाईलैंड की सेना ने कहा कि कंबोडिया ने मंगलवार को तोपखाने, रॉकेट और ड्रोन से थाई ठिकानों पर हमला किया।

थाईलैंड का कहना है कि कंबोडियाई सेना ने रविवार और सोमवार को भी उसके सैनिकों पर गोलीबारी की, लेकिन दोनों पक्ष पहले गोलीबारी के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। हुन सेन ने कहा, "कंबोडिया शांति चाहता है, लेकिन कंबोडिया को अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए वापस लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।''

कंबोडिया की सेना ने मंगलवार को कहा कि फिर हुए संघर्ष में सात नागरिक मारे गये और 20 अन्य घायल हो गये।

## यतींद्र ने नेतृत्व पर जो कहा, वह समझ में नहीं आया : शिवकुमार

भाषा। बेलगावी (कर्नाटक)



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि उनके और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बीच कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने साथ ही कहा कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के मुद्दे पर मुख्यमंत्री के बेटे द्वारा की गई टिप्पणी उन्हें समझ में नहीं आयी।

सिद्धरमैया के बेटे एवं विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) यतींद्र सिद्धरमैया ने कहा था कि फिलहाल नेतृत्व परिवर्तन का "कोई सवाल ही नहीं है'' और उनका मानना है कि सिद्धरमैया पांच साल तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस टिप्पणी ने संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को फिर से हवा दे दी है। यह टिप्पणी सिद्धरमैया और शिवकुमार के बीच नाश्ते पर मुलाकात के एक दौर के बाद आयी है।

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार से जब इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "सब कुछ ठीक है। मेरे और मुख्यमंत्री के बीच कोई मतभेद नहीं है। यह कभी नहीं था, यह आज नहीं है और यह भविष्य में भी नहीं रहेगा। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने (यतींद्र) क्या कहा है। मैं उनसे बात करूंगा।''

उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस आलाकमान के साथ हुई अपनी बातचीत का ब्योरा देने या इस बारे में बताने से इनकार कर दिया कि अगली बार बैठक के लिए कब बुलाया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस ने उनके समर्थन में बोलने वालों को नोटिस क्यों जारी किया, लेकिन यतींद्र को नहीं, तो शिवकुमार ने बस इतना कहा, "मैं उनसे बात करूंगा..।'

यतींद्र की टिप्पणी के बाद, सिद्धरमैया ने सोमवार को दोहराया कि पार्टी आलाकमान जो भी फैसला लेगा, वह उसका पालन करेंगे। यतींद्र ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, "कोई कुछ भी कहे, कहने दीजिये। मुझे जो कहना था, कह दिया है। मैं आगे कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता।'' कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल के ढाई वर्ष 20 नवंबर को पूरे होने के बाद नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज हो गई थीं।

## टीएमसी की महिला इकाई ने मार्च निकाला

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस की महिला इकाई ने संविधान सभा की पहली बैठक की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को मध्य कोलकाता में एक मार्च निकाला और "बंगाल के अधिकारों की रक्षा'' करने का संकल्प लिया।

मार्च का नेतृत्व राज्य की वित्तमंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और कैबिनेट मंत्री शशि पांजा ने किया। यह मार्च ललित कला अकादमी से शुरू होकर धर्मतला की ओर बढ़ा। कोलकाता नगर निगम के पार्षद और महापौर परिषद के सदस्यों ने भी इसमें हिस्सा लिया। मार्च में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं ने "बंगाल के अधिकारों की रक्षा के लिए शपथ लें'' और "एकजुट हों, तैयार हों'' जैसे नारे लिखी तख्तियां ले रखी थी।

## कर्नाटक : विरोध मार्च के दौरान भाजपा नेताओं, किसानों को हिरासत में लिया गया

भाषा। बेलगावी (कर्नाटक)

कांग्रेस सरकार की कथित 'किसान विरोधी नीतियों' के खिलाफ सुवर्ण विधान सौध की ओर मार्च कर रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र सहित कई प्रदर्शनकारियों को मंगलवार को हिरासत में ले लिया गया।

विजयेंद्र, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाडी नारायणस्वामी के अलावा कई विधायकों, विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ मालिनी सिटी ग्राउंड में एकत्र हुई।

कर्नाटक विधानसभा का 10 दिवसीय शीतकालीन सत्र यहां सुवर्ण विधान सौध में जारी है, जो आठ दिसंबर को शुरू हुआ था।

बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के बीच, भाजपा नेता और किसान ग्राउंड से सौध की ओर कूच करने लगे, जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया और पुलिस वैन में ले जाया गया।

प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए कांग्रेस सरकार पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

पार्टी नेताओं ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन राज्य से संबंधित विभिन्न मुद्दों और कांग्रेस सरकार की "विफलताओं'' को उजागर करने के मकसद से किया गया।

इससे पहले, विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ कांग्रेस के आंतरिक संघर्ष के कारण 'नीतिगत पंगुता' हो गयी है, जिससे सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली सरकार किसानों की चिंताओं का समाधान करने में असमर्थ हो गई है।

उन्होंने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, "कर्नाटक में बिल्कुल भी विकास नहीं हुआ है। अंदरूनी कलह और मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिये होड़ के कारण प्रशासन पूरी तरह से चरमरा गया है। इसलिए आज हमने इस सरकार के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया। हमारी मांग है कि सिद्धरमैया सरकार किसानों से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान करे।''

उन्होंने कहा, "एफआरपी (उचित एवं लाभकारी मूल्य) तय करना केंद्र की जिम्मेदारी है, लेकिन राज्य को एफआरपी से अधिक कीमत घोषित करने से कुछ भी नहीं रोकता।

## न्यूयॉर्क टाइम्स की 67 सबसे 'स्टाइलिश' सूची में शाहरुख

**नयी दिल्ली (भाषा)।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा जारी 2025 के 67 सबसे 'स्टाइलिश' लोगों की सूची में जगह बनाई है। अन्य मशहूर हस्तियों में सबरीना कारपेंटर, डोएची, विवियन विल्सन, निकोल शेर्ज़िंगर, वाल्टन गोगिंस, जेनिफर लॉरेंस और कोल एस्कोला शामिल हैं। शाहरुख को साल की शुरुआत में 'मेट गाला' में उनकी आकर्षक उपस्थिति के लिए यह पहचान मिली, जहां उन्होंने डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी द्वारा डिजाइन किया गया परिधान पहना था। दुनिया के मशहूर अभिनेताओं में से एक शाहरुख मेट गाला में पहली बार मेहमान बनकर आए।

## संक्रांति से सभी सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराएं

भाषा। अमरावती



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे संक्रांति त्योहार से लोगों को सभी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराएं।

'रियल टाइम गवर्नेंस सिस्टम' (आरटीजीएस) की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन सेवाओं से पारदर्शिता आएगी और शासन के प्रति लोगों की ₹संतुष्टि₹ भी बढ़ेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, 'मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को अगली संक्रांति से सभी सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी विभागों से इस दिशा में कदम उठाने को कहा है।'

तेदेपा के प्रमुख के अनुसार, सरकार की सभी सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को ड्रोन सेवाओं में विविधता लाने और इस उद्देश्य के लिए एक मास्टर प्लान बनाने का निर्देश दिया।

## 'वोट चोरी' राष्ट्र विरोधी कृत्य, सत्तापक्ष के लोग यह कर रहे हैं : राहुल गांधी

भाषा। नई दिल्ली



■ कहा, सत्ता में बैठे लोग 'आइडिया ऑफ इंडिया' (भारत की अवधारणा) नष्ट कर रहे हैं

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को 'वोट चोरी' को "सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी कृत्य'' करार दिया और आरोप लगाया कि सत्तापक्ष में बैठे लोग इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं तथा 'आइडिया ऑफ इंडिया' (भारत की अवधारणा) नष्ट कर रहे हैं।

उन्होंने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निर्वाचन आयोग तथा दूसरी संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव से एक महीने पहले सभी राजनीतिक दलों को मशीन से पढ़ने योग्य मतदाता सूची उपलब्ध कराई, मतदान के समय की सीसीटीवी फुटेज दी जाए तथा ईवीएम संरचना के बारे में जानकारी दी जाए। उनका कहना था कि वर्ष 2023 के उस कानून को बदलिए जो निर्वाचन आयुक्तों को "यह ताकत देता है कि वो जो चाहें वो करें।''

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा-शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत तीन सदस्यीय चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं।

राहुल गांधी ने कहा, "हम सिर्फ सबसे बड़े लोकतंत्र नहीं हैं, बल्कि हम सबसे महान लोकतंत्र भी हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि कि इस महान देश को नष्ट किया जा रहा है और सब जानते हैं कि यह हो रहा है। राहुल ने हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों के विधानसभा चुनावों में हेराफेरी का आरोप दोहराते हुए कहा, "सबसे बड़ा राष्ट्र विरोधी काम वोट चोरी है। इससे बड़ा राष्ट्र विरोधी काम कुछ नहीं है। जब आप वोट खत्म करते हैं तो देश के तानेबाने को नष्ट करते हैं, आप आधुनिक भारत को नष्ट करते हैं और भारत की अवधारणा को नष्ट करते हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग यह राष्ट्र विरोधी कृत्य कर रहे हैं।

राहुल ने दावा किया कि के 'प्रोजेक्ट' के तहत विभिन्न संस्थाओं और निर्वाचन आयोग पर कब्जा किया गया। "30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी जी की छाती में तीन गोलियां लगीं...लेकिन प्रोजेक्ट यहीं ख़त्म नहीं हुआ।

## सिद्धरमैया ने अरहर की एमएसपी को लेकर पीएम को पत्र लिखा

भाषा। कर्नाटक



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दो केंद्रीय एजेंसियों के जरिये अरहर दाल की एमएसपी पर खरीद के लिए तुरंत मंजूरी देने का आग्रह किया है।

उन्होंने राज्य के प्रमुख खरीद केंद्रों पर इनके संचालन की व्यवस्था शीघ्र प्रभाव से कराने का भी आग्रह किया है ताकि फसल की अधिकतम आमद शुरू होने से पहले ही खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि इस महत्वपूर्ण मोड़ पर किसी भी प्रकार की देरी से किसानों में असंतोष पनप सकता है और कीमतों में गिरावट हो सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी को आठ दिसंबर को लिखे और मंगलवार को मीडिया के साथ साझा किए गए एक पत्र में सिद्धरमैया ने याद दिलाया कि कर्नाटक सरकार ने पहले ही राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) के माध्यम से अरहर दाल की एमएसपी आधारित खरीद के लिए तत्काल मंजूरी को लेकर एक औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

# आईपीएल 2026 की नीलामी में 240 भारतीयों सहित 350 खिलाड़ी शामिल

एजेंसी। मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 16 दिसंबर को अबुधाबी में होने वाली नीलामी में कुल 350 क्रिकेटरों की बोली लगेगी जिनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। हाल ही में वनडे में संन्यास से वापसी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक का नाम भी अंतिम सूची में शामिल किया गया है। उनका आधार मूल्य एक करोड़ रुपये है। इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भी शामिल हैं, जिनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। स्मिथ आखिरी बार 2021 में आईपीएल में खेले थे। आईपीएल की एक विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों की नीलामी के लिए कुल 1390 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। इसे बाद में घटाकर 1005 पर दिया गया था। इन खिलाड़ियों में से ही अंतिम 350 खिलाड़ियों की सूची तैयार की गई है। आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी टीमें इन 350 खिलाड़ियों में से ही बाकी बचे 77 स्थान को भरेंगे। नीलामी में खिलाड़ियों के पहले सेट में भारत और मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी साव और सरफराज खान शामिल हैं। इन दोनों ने अपना आधार मूल्य 75 लाख रुपये रखा है। साव 2018 से 2024 तक आईपीएल में खेले थे, लेकिन पिछली बार नीलामी में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था। सरफ़राज़ 2021 के बाद से इस प्रतियोगिता में नहीं खेले हैं।आईपीएल द्वारा साझा की गई सूची में दो आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरन ग्रीन और जेक फ्रेजर मैकगर्क के अलावा न्यूजीलैंड और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर भी शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा रिलीज किए गए ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने अपना आधार



मूल्य दो करोड़ रुपये रखा है। सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले कुणाल चंदेला और अशोक कुमार भी नीलामी की अंतिम सूची में शामिल हैं। तीन बार की विजेता केकेआर 64.3 करोड़ रुपये की सबसे अधिक धनराशि के साथ नीलामी में उतरेगी। उसके बाद पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का नंबर आता है जिसके पास 43.4 करोड़ रुपये की धनराशि बची है। एक बार आईपीएल खिताब जीत चुकी सनराइजर्स हैदराबाद 25.5 करोड़ रुपये के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर है। नीलामी की अंतिम सूची में इंग्लैंड के 21 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ, तेज गेंदबाज गस एटकिंसन, लियाम लिविंगस्टोन और टेस्ट सलामी बल्लेबाज बेन डकेट शामिल हैं। इस नीलामी में ग्रीन पर बड़ी बोली लगने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के कुल 19 खिलाड़ी सूची में शामिल हैं। इनमें ग्रीन के अलावा जोश इंगलिस, मैथ्यू शॉर्ट, कूपर कोनोली और ब्यू वेबस्टर अन्य प्रमुख नाम हैं। दक्षिण अफ्रीका के 15 खिलाड़ी नीलामी सूची का हिस्सा हैं। इनमें डिकॉक और मिलर के साथ तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, गेराल्ड कोएट्जी और ऑलराउंडर वियान मुल्डर भी शामिल हैं। नीलामी की सूची में जगह बनाने वाले वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और शमर जोसेफ, एकीम ऑगस्टे, शाई होप और रोस्टन चेस शामिल हैं। श्रीलंका के जिन 12 खिलाड़ियों ने नीलामी सूची में जगह बनाई है उनमें वानिंदु हसरंगा, दुनीथ वेल्लालेज, महेश तीक्षाना, त्रवीन मैथ्यू, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कुसल परेरा भी शामिल है। न्यूजीलैंड के 16 और अफगानिस्तान के 10 खिलाड़ियों को नीलामी सूची में जगह मिली है। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों में रचिन रवींद्र भी शामिल हैं जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने रिलीज कर दिया था। अफगानिस्तान के खिलाड़ियों में रहमानुल्लाह गुरबाज और नवीन उल हक भी शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### उथप्पा, स्टेन व मॉर्गन एसए20 की कमेंट्री टीम में शामिल

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व दिग्गज टी20 खिलाड़ी रोबिन उथप्पा, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन एसए20 लीग के आगामी सत्र के लिए कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। एसए20 का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा जबकि फाइनल 25 जनवरी को खेला जाएगा। भारत में एसए20 का प्रसारण जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा।अपनी पीढ़ी के महानतम तेज गेंदबाजों में शामिल स्टेन और इंग्लैंड की 2019 एकदिवसीय विश्व कप विजेता टीम के कप्तान मोर्गन के जुड़ने से कमेंट्री टीम को और मजबूती मिली है।पिछले सत्र में भी इस लीग के कमेंट्री पैनल का हिस्सा रहे उथप्पा एसए20 लीग के साथ अपना जुड़ाव जारी रखेंगे।मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार कमेंट्री पैनल में शामिल अन्य सदस्य इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज केविन पीटरसन, पूर्व प्रथम श्रेणी कमेंटेटर और दिग्गज क्रिकेट विशेषज्ञ मार्क निकोलस, टी20 क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में शामिल एबी डिविलियर्स और दक्षिण अफ्रीका के उनके हमवतन जेपी डुमिनी, एश्वेल प्रिंस, क्रिस मौरिस तथा वनर्न फिलेंडर हैं। नताली जर्मानोस, एमपुमेलेलो म्बांगवा, कास नायडू, मार्क बूचर, निखिल उत्तमचंदानी, लेसेगो पू, मोत्शिदिसी मोहोनो और क्रिया गंगिया भी 34 मुकाबलों का विश्लेषण करते नजर आएंगे। दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित टी20 लीग में से एक एसए20 के मुकाबलों का आयोजन डरबन, जोहानिसबर्ग, केपटाउन, पार्ल, सेंचुरियन और गक्बेरहा में किया जाएगा।

### डेजर्ट वाइपर्स ने सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हराया

**दुबई।** सैम करेन और डैन लॉरेंस के शानदार प्रदर्शन से स्कोर बराबर करने के बाद डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हरा दिया।जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 179 रन बनाए थे। वाइपर्स ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद नौ विकेट पर 179 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर ओवर में वाइपर्स ने 13 रन बनाए। नसीम शाह ने जायंट्स को सिर्फ नौ रन पर रोककर वाइपर्स को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। वाइपर्स ने अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में जायंट्स को हराया है।इससे पहले करेन (36 गेंदों पर 44 रन) और डैन लॉरेंस (31 गेंदों पर 56 रन) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वाइपर्स ने स्कोर बराबर कर दिया। अज़मतुल्लाह उमरज़ई ने जायंट्स के लिए चार विकेट लिए। गल्फ जायंट्स ने आक्रामक शुरुआत की। उसकी तरफ से पथुम निसांका (29 गेंदों पर 56 रन) और रहमानुल्लाह गुरबाज़ (31 गेंदों पर 41 रन) ने पहले विकेट के लिए सात ओवर में 73 रन जोड़े।उनके अलावा जेम्स विंस ने 22 गेंदों पर 25 रन और उमरजई ने 13 गेंदों पर 20 रन का योगदान दिया।

### कोलकाता दौड़ में ओलंपिक और विश्व चैंपियन सहित 23000 धावक भाग लेंगे

**कोलकाता।** दो बार के ओलंपिक और तीन बार के विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी सहित दुनिया भर के 23000 से अधिक धावक 21 दिसंबर को यहां होने वाली 10वीं टाटा स्टील वर्ल्ड 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे। युगांडा के चेप्टेगी और महिला वर्ग में गत चैंपियन सुतूम असेफा केबेडे इस दौड़ का मुख्य आकर्षण होंगे जिसे विश्व एथलेटिक्स की तरफ से गोल्ड लेबल रोड रेस का दर्जा हासिल है। प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने भी इस बार 1:11:08 (एक घंटा, 11 मिनट, 08 सेकंड) का विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाले किसी भी एथलीट को 25,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की घोषणा की है। इस दौड़ की कुल पुरस्कार राशि 142,214 डॉलर है, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं के लिए बराबर की पुरस्कार राशि रखी गई है।शीर्ष तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 15,000 डॉलर, 10,000 डॉलर और 7,000 डॉलर का इनाम मिलेगा। प्रतियोगिता का नया रिकार्ड बनाने वाले खिलाड़ियों को 5,000 डॉलर का अतिरिक्त बोनस भी मिलेगा।

### पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास आयोजित मैराथन में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया

**मेंढर/जम्मू** । जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को सेना द्वारा आयोजित की गई मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। भीमबेर गली ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर राहुल कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और युवाओं को फिटनेस को जीवन शैली के रूप में अपनाने और सशस्त्र बलों में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।सेना के एक अधिकारी ने बताया कि यह मैराथन दूसरी बार आयोजित किया जा रहे मेंढर महोत्सव का हिस्सा थी। यह महोत्सव 23 नवंबर को शुरू हुआ और 11 दिसंबर को समाप्त होगा।अधिकारी ने बताया कि चुनौतीपूर्ण भूभाग और संवेदनशील स्थान होने के बावजूद इस मैराथन में 1,500 से अधिक धावकों ने भाग लिया।उन्होंने कहा कि फिटनेस के अलावा मैराथन नागरिकों और सेना के बीच आपसी संबंध मजबूत करने सशक्त माध्यम बन गया है।

## जूनियर हॉकी विश्व कप में आज अर्जेंटीना के खिलाफ

# नौ साल बाद पदक जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

एजेंसी। चेन्नई

जर्मनी के हाथों करारी हार के साथ खिताब का सपना टूटने के बाद भारतीय टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के कांस्य पदक के मुकाबले के लिये बुधवार को अर्जेंटीना के खिलाफ उतरेगी तो नौ साल बाद पदक जीतने के लिये उसे दबाव में गलतियां करने की आदत से पार पाना होगा। पिछले दो विश्व कप में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम को उन गलतियों को दोहराने से बचना होगा जो उसने सेमीफाइनल में सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ की और 1-5 से पराजय झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर में 2021 में और कुआलालम्पुर में 2023 में हुए जूनियर विश्व कप में भारत क्रमशः फ्रांस और स्पेन से 3-1 से हारकर चौथे स्थान पर रहा था। होबर्ट में 2001 के बाद भारत ने दूसरा और आखिरी खिताब 2016 में लखनऊ में जीता था।

तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुके भारतीय टीम के मुख्य कोच पी आर श्रीजेश को बखूबी पता है कि यह पदक उनकी टीम के लिये कितना जरूरी है लेकिन उन्हें यह भी अहसास है कि सेमीफाइनल में स्पेन के खिलाफ आखिरी मिनटों में गोल गंवाकर 1-2 से हारी



अर्जेंटीना की चुनौती को कमतर नहीं आंका जा सकता। दो बार की चैम्पियन अर्जेंटीना ने 2021 में फाइनल में जर्मनी को 4-2 से हराकर खिताब जीता था ।राउंड रॉबिन चरण में शानदार फॉर्म में रही भारतीय टीम ने 29 गोल किये थे और एक भी गोल गंवाया नहीं था लिहाजा गोलकीपर और डिफेंस को कोई चुनौती नहीं मिल सकी थी। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद तीन मिनट के भीतर कप्तान रोहित और शारदानंद तिवारी के गोलों के दम पर भारत ने बढत बना ली लेकिन आखिरी सीटी बजने से एक मिनट बाकी रहते गोल गंवाकर मैच को पेनल्टी शूटआउट में जाने दिया। शूटआउट में हालांकि भारत ने जीत दर्ज की लेकिन मैच निर्धारित समय के भीतर ही खत्म हो सकता था । इसके बाद पिछली चैम्पियन जर्मनी के सामने तो डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया और फॉरवर्ड पंक्ति गोल करने के मौके ही नहीं बना सकी।

### जमशेदपुर में पहली बार ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग का आयोजन

**जमशेदपुर।** भारतीय फुटबॉल में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत सात ट्रांसजेंडर टीमों ने जमशेदपुर सुपर लीग (जेएसएल) के तहत रविवार को एक विशेष टूर्नामेंट की शुरुआत की। जमशेदपुर एफटी, चाईबासा एफसी, चक्रधरपुर एफसी, जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी, नोआमुंडी एफसी, सरायकेला एफसी और कोल्हान टाइगर एफसी की पांच-पांच खिलाड़ियों की टीमें इस लीग में हिस्सा ले रही हैं। शुरुआत में ट्रांसजेंडर्स लीग में केवल चार टीमें ही प्रतिस्पर्धा करने वाली थीं, लेकिन बाद में तीन और टीमें इसमें शामिल कर ली गईं। यह टूर्नामेंट जमशेदपुर सुपर लीग का एक हिस्सा है, जिसमें आयु-वर्ग लीग जैसी अन्य प्रतियोगिताएं भी होती हैं। जमशेदपुर एफटी ने ट्रांसजेंडर लीग के शुरुआती दिन उद्घाटन मैच में चाईबासा एफसी को 7-0 से जबकि कोल्हान टाइगर एफसी ने चक्रधरपुर एफसी को 3-0 से हराया। जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी और नोआमुंडी एफसी के बीच मैच गोलरहित ड्रॉ खेला गया। जमशेदपुर एफटी के लिए चार गोल करने वाली पूजा सोय ने फुटबॉल खिलाड़ी के तौर पर खुद की पहचान बनने पर खुशी जताते हुए ने कहा, फुटबॉल एक बहुत ही खूबसूरत खेल है। पहली बार मुझे ऐसा लगा कि मुझे मेरे लिंग के लिए नहीं बल्कि मेरे खेल के लिए देखा जा रहा है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी इस ट्रांसजेंडर लीग का आयोजन कर रही है।

## ईरानी कप शतक : तेंदुलकर ने गुरशरण को किया याद

एजेंसी। मुंबई



सचिन तेंदुलकर ने मंगलवार को पूर्व भारतीय खिलाड़ी गुरशरण सिंह के उस जज्बे को याद किया जिसमें वह 1989-90 में दिल्ली के खिलाफ ईरानी कप मैच में शेष भारत के लिए हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आये ताकि मास्टर ब्लास्टर अपना शतक पूरा कर सके। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने शेष भारत को 309 रनों से हरा दिया था। इस मैच में टीम के लिए सिर्फ तेंदुलकर ही डट कर बल्लेबाजी कर सके। उन्होंने नाबाद 103 रन की पारी खेली जबकि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज डब्ल्यूवी रमन 41 रनों के साथ दूसरे सर्वोच्च स्कोरर थे। शेष भारत की टीम ने 554 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 209 रनों पर नौ विकेट गंवा दिए थे। भारत, दिल्ली और पंजाब के पूर्व खिलाड़ी गुरशरण इसके बाद हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और तेंदुलकर का साथ दिया। दोनों ने अंतिम विकेट के लिए 36 रन जोड़े। तेंदुलकर का शतक पूरा होने के बाद गुरशरण रिटायर आउट हो गये। इस तरह शेष भारत की दूसरी पारी 245 रन पर सिमटी। तेंदुलकर ने यहां 'एजियास फेडरल लाइफ इंश्योरेंस' के एक कार्यक्रम में कहा, ''जैसा कि कहा जाता है, वादे निभाने के लिए होते हैं। मुझे लगता है कि मैं एक कदम आगे जाकर कहूंगा कि वादे निभाने के लिए होते हैं, लेकिन उन्हें पूरा भी करना होता है... और यही हमारा डीएनए है। उन्होंने कहा, मुझे एक घटना याद है। बहुत पहले 1989 में जब मैं ईरानी ट्रॉफी खेल रहा था। यह भारत के लिए चुने जाने से पहले एक ट्रायल मैच जैसा था। मैं 90 रन के आस पास बल्लेबाजी कर रहा था, और मेरे साथी गुरशरण सिंह को चोट लग गई थी ।उनके हाथ में फ्रैक्चर था और उन्हें बल्लेबाजी नहीं करनी थी। तेंदुलकर ने कहा, चयन समिति के अध्यक्ष राज सिंह डूंगरपुर ने हालांकि उन्हें मैदान पर जाकर बल्लेबाजी करने और अपने साथी (तेंदुलकर) का साथ देने के लिए कहा। गुरशरण आए और उन्होंने मुझे शतक तक पहुंचने में मदद की और उसके बाद मैं भारत के लिए खेलने के लिए चुन लिया गया। उन्होंने कहा, इसके बाद गुरशरण भी भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बने।

## भारतीय टी20 टीम में हार्दिक जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं: बांगड़

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने हार्दिक पंड्या की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय टी20 टीम में उनके जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है क्योंकि यह स्टार ऑलराउंडर विशेषज्ञ बल्लेबाज या गेंदबाज के रूप में भी टीम में जगह बनाने में सक्षम है। एशिया कप के दौरान चोट लगने के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने वाले हार्दिक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टी20 श्रृंखला से भारतीय टीम में वापसी करेंगे।जियोस्टार के विशेषज्ञ बांगड़ ने कहा, ''विश्व क्रिकेट के सभी ऑलराउंडर पर गौर करिए। क्या इंग्लैंड के पास बेन स्टोक्स की जगह लेने के लिए कोई खिलाड़ी तैयार है। नहीं। वनडे या टेस्ट क्रिकेट में भी रविंद्र जडेजा का कोई बैकअप नहीं है। हार्दिक पंड्या के साथ भी यही स्थिति है।उन्होंने कहा, ''वह (पंड्या) अकेले अपनी बल्लेबाजी के दम पर शीर्ष पांच में जगह बना सकते हैं। अगर वह



केवल गेंदबाज होते तो किसी भी टीम के शीर्ष तीन तेज गेंदबाजों में से एक हो सकते हैं।बांगड़ ने कहा,''उस तरह का ऑलराउंडर बनने के लिए आपको अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में से किसी भी एक के दम पर टीम में जगह बनाने में सक्षम होना चाहिए। भारतीय टीम में हार्दिक पंड्या जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है।हार्दिक के कार्यभार प्रबंधन पर बात करते हुए बांगड़ ने कहा कि इस ऑलराउंडर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम से कम पहले तीन मैच खेलने चाहिए।उन्होंने कहा, ''हमें देखना होगा कि वह परिस्थितियों से कैसे सामंजस्य से बिठाते हैं। अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि उन्हें विश्व कप से पहले छह या सात टी20 मैच खेलने चाहिए या नहीं।बांगड़ ने कहा,टीम प्रबंधन को उनके जैसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों के कार्यभार का प्रबंधन करना चाहिए। हार्दिक जैसा खिलाड़ी अगर पूरी तरह से फिट हो तो वह संतुलन पैदा करता है और उसकी मौजूदगी से टीम मनचाहा संयोजन तैयार कर सकती है।इसलिए उनका टीम में होना बेहद महत्वपूर्ण है।

### एसएसए की महिला टीम ने पहली बार किया क्वालीफाई

**पणजी।** सेसा फुटबॉल अकादमी (एसएफए) की सीनियर महिला टीम ने पहली बार भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) के लिए क्वालीफाई किया है, जिससे तीन साल के अंतराल के बाद इस राष्ट्रीय लीग में गोवा का प्रतिनिधित्व बहाल होगा। टीम अब 20 दिसंबर से छह जनवरी तक पश्चिम बंगाल में होने वाले आईडब्ल्यूएल में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। इस प्रकार एसएफए आईडब्ल्यूएल के लिए क्वालीफाई करने वाली गोवा की पांचवीं टीम बन गई है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और एसएफए के पूर्व कोच अरमांडो कोलासो ने कहा कि इससे गोवा में महिला फुटबॉल को नया जीवन मिलेगा। उन्होंने महिला फुटबॉलरों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए अकादमी को श्रेय दिया।वेदांता सेसा गोवा के सीईओ नवीन जाजू ने कहा,यह ऐतिहासिक उपलब्धि महिला फुटबॉल के विकास और जमीनी स्तर पर इसे मजबूत करने के प्रति अकादमी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## हेजलवुड एशेज से बाहर,कमिंस की वापसी

एजेंसी। ब्रिस्बेन

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और टखने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं लेकिन कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या से उबरकर वापसी करने के लिए तैयार हैं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले दो मैच में भी नहीं खेल पाए थे लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह पांच मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच में वापसी करेंगे।



ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर श्रंखला में 2-0 से आगे है।आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को कहा कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे।मैकडोनाल्ड ने कहा, ''वह एशेज श्रृंखला से बाहर रहेंगे और विश्व कप के लिए तैयारी करेंगे जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह उनके लिए वास्तव में निराशाजनक है कि वह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह ऐसा झटका है जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। हमें उनसे इस श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद थी। इस बीच कमिंस के 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की उम्मीद है। पीठ की समस्या के कारण वह पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे।ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में जब दूसरा टेस्ट मैच खेल रही थी तब इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में कड़ा अभ्यास किया था।तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा बुधवार को की जाएगी जिसमें कमिंस की कप्तान के रूप में वापसी तय है। कमिंस की अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की अगुवाई कर रहे हैं।

## मेस्सी और सुआरेज मुंबई में रैंप पर साथ चलेंगे

एजेंसी। कोलकाता

अर्जेंटीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी भारत दौरे के दौरान धर्मार्थ कार्य के लिए मुंबई में रैंप वॉक करेंगे जिसके आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप जीत की कुछ खास यादगार चीजें नीलामी के लिए लाने को कहा है। 'जी.ओ.ए.टी. इंडिया टूर 2025' के प्रमोटेर सतादरू दत्ता ने मंगलवार को पीटीआई को बताया कि मेस्सी और उनके स्ट्राइक जोड़ीदार लुइ सुआरेज और अर्जेन्टीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डि पॉल 14 दिसंबर की रात 45 मिनट के फैशन से जुड़े शो में हिस्सा लेंगे।

दत्ता ने बताया कि यह 'धर्मार्थ फैशन शो' होगा।इसके अलावा सुआरेज म्यूजिक शो का भी हिस्सा होंगे जबकि आयोजकों ने मेस्सी से औपचारिक रूप से आग्रह किया है कि वह दौरे के मुंबई चरण के दौरान नीलामी के लिए 2022 विश्व कप की कुछ यागदार चीजें लेकर आएं।मुंबई में कार्यक्रम शाम पांच बजे वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा जबकि इससे पहले क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में साढ़े तीन बजे से पेडल कप होगा।कोलकाता



आयोजकों ने उनसे 2022 विश्व कप की यादगार चीजें नीलामी के लिए मांगी

चरण में मेस्सी की अब तक की सबसे बड़ी 70 फीट की प्रतिमा का अनावरण सुरक्षा कारणों से टीम होटल से वर्चुअली किया जाएगा।कोलकाता पुलिस के एक सूत्र ने बताया, पुलिस ने स्वीकृति नहीं दी है इसलिए वह होटल से (अनावरण) करेंगे। यह सुबह वर्चुअली किया जाएगा।आठ बार के बेलोन डिओर विजेता मेस्सी अनावरण के लिए पहले स्वयं श्रीभूमि जाने वाले थे।कोलकाता पुलिस के सूत्र ने पुष्टि की कि मेस्सी शनिवार तड़के डेढ़ बजे शहर में पहुंचेंगे और ईएम बाईपास पर एक पांच सितारा होटल में रुकेंगे।प्रायोजकों के लिए विशेष 'मीट-एंड-ग्रीट' कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ से साढ़े 10 बजे तक बजे तक चलेगा। मेस्सी के 'मेट' (अर्जेंटीना हर्बल चाय) के लिए प्यार को ध्यान में रखते हुए एक खास अर्जेंटीना-भारतीय फ्यूजन फूड फेस्टिवल भी होगा।दुर्गा पूजा सत्र के लिए तैयार किया गया मेस्सी का 25 गुणा 20 फीट का भित्ति चित्र भी सॉल्ट लेक स्टेडियम में इस दिग्गज को सौंपा जाएगा।कोलकाता में होने वाले कार्यक्रम में 70 हजार से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। दत्ता ने कहा,दर्शकों के लिए 75 हजार सीटें उपलब्ध हैं। बहुत अधिक मांग है और हमने मंगलवार से काउंटर पर बिक्री शुरू कर दी है। 'मीट-एंड-ग्रीट' कार्यक्रम के बाद मेस्सी सॉल्ट लेक स्टेडियम जाएंगे और दोपहर दो बजे हैदराबाद के लिए रवाना होंगे। कोच्चि में प्रस्तावित मैत्री मैच रद्द होने के बाद आयोजकों ने हैदराबाद को दौरे में शामिल किया है। मेस्सी शाम सात बजे हैदराबाद के उप्पल में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हैदराबाद जीओएटी कप के दौरान मौजूदगी रहेंगे जिसे तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का समर्थन हासिल है। हैदराबाद में '7 बनाम 7' सेलीब्रिटी मुकाबला, युवा प्रतिभाओं की पहचान के लिए मास्टरक्लास, पेनल्टी शूटआउट और म्यूजिकल कंसर्ट होंगा। मेस्सी सोमवार को नयी दिल्ली मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास में मिलेंगे। इस साल तीन बड़े यूरोपीय खिताब जीतने वाली मिनर्वा अकादमी की युवा टीम को मेस्सी की मौजूदगी में सम्मानित किया जाएगा। मेस्सी की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान नौ सदस्यीय सेलीब्रिटी मैच भी होगा।

## कार्लोस अल्काराज ने मियामी में प्रदर्शनी मैच में बिखेरा जलवा

एजेंसी। मियामी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने यहां मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा। यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया। इस प्रदर्शनी मुकाबले में ब्राजील के जोआओ फोन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह



दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे। इससे पहले अनिसिमोवा ने पेगुला को 6-2, 7-5 से हराया था। अल्काराज और पेगुला ने मिश्रित युगल में 10 अंकों के टाईब्रेकर में अनिसिमोवा और फोन्सेका को हराया।अल्काराज ने मैच से पहले कहा, ''मुझे उम्मीद है कि लोग लोग हमारे मुकाबले का भरपूर आनंद लेंगे। मुझे लगता है कि हमें इस तरह के स्टेडियम और कोर्ट में खेलते देखना रोमांचक है।

# तवे पर तैयार करें हरियाली पनीर टिक्का

**हरियाली पनीर टिक्का एक आसान, खुशबूदार और बेहद मजेदार स्नैक है जिसे आप तवे पर झटपट बना सकते हैं। इसमें धनिया-पुदीना का ताजा स्वाद और मसालों का संतुलन इसे खास बनाता है। किसी भी मौके पर इसे परोसें, मेहमान यकीनन तारीफ करेंगे।**

## पनीर टिक्का रेसिपीः-

अगर घर में कोई खास दिन हो, परिवार के लोग एक साथ बैठे हों या मेहमान आने वाले हों, तब सबसे पहले दिमाग में यह ख्याल आता है कि क्या सर्व किया जाए. पनीर से बनी डिश हर किसी को पसंद आती है, लेकिन बार-बार एक जैसी चीजें बना देने से स्वाद में नया मजा नहीं आता. ऐसे में हरियाली पनीर टिक्का एक बढ़िया विकल्प बन सकता है। यह डिश देखने में जितनी आकर्षक लगती है, स्वाद में उससे कहीं ज्यादा लाजवाब होती है। इसकी हरी परत में धनिया, पुदीना और मसालों का मेल खाने वाले को पहली ही बाइट में खुश कर देता है। हरियाली पनीर टिक्का की खास बात यह है कि इसे बनाना मुश्किल नहीं, बल्कि काफी आसान है। इसे तवे पर भी तैयार किया जा सकता है, मतलब आपको ओवन या ग्रिल की जरूरत नहीं होती। बस कुछ ताजी हरी पत्तियां, थोड़े से मसाले और मुलायम पनीर इन तीन चीजों के साथ आप ऐसा स्नैक बना सकते हैं जो किसी भी मौके को खास बना दे। कई बार मेहमान खाने की मेज पर पहुंचने के बाद ही बताते हैं कि उन्हें हल्का स्नैक पसंद है या तला-भुना कम खाना है।

हरियाली पनीर टिक्का ऐसी स्थिति में परफेक्ट साबित होता है, क्योंकि यह हल्का भी है और स्वाद में भरपूर भी। इसकी खुशबू जब तवे से उठकर कमरे में फैलती है, तो हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है।

अगर आप भी अपने घरवालों या मेहमानों को कुछ अलग लेकिन झटपट बनने वाला स्नैक खिलाना चाहते हैं, तो यह रेसिपी आपके लिए बिल्कुल सही है।

## बनाने की विधिः-

**1. हरी पेस्ट तैयार करेंः**

सबसे पहले धनिया और पुदीना को अच्छी तरह धोकर मिक्सर जार में डालें। इसमें हरी मिर्च, अदरक और लहसुन डालें। सबको बारीक पीसकर स्मूद पेस्ट बना लें।

**2. मेरिनेशन तैयार करेंः**

एक बाउल में दही जोड़ें। इसमें तैयार हरा मिश्रण डालें। अब हल्दी, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, लाल मिर्च, अमचूर, गरम मसाला और नमक मिलाएं। इसमें बेसन और नींबू रस डालकर मिश्रण को चिकना कर लें।

**3. पनीर मिलाएंः**

पनीर के क्यूब्स को हल्के हाथ से मेरिनेशन में मिलाएं ताकि वे टूटें नहीं। बाउल को ढककर करीब 30 मिनट के लिए रख दें। इससे मसाले पनीर में अच्छे से घुल जाते हैं।

**4. तवे पर पकाएंः**

तवा गर्म करें और उस पर थोड़ा तेल फैलाएं। मेरिनेट किए हुए पनीर क्यूब्स को तवे पर रखें और दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेकें। हल्की क्रंच आने पर इन्हें प्लेट में निकाल लें।

**5. सर्विंगः**

तैयार हरियाली पनीर टिक्का पर थोड़ा नींबू रस डालें और गर्मागर्म सर्व करें।



### आवश्यक सामग्री

- पनीर – 2 कप (क्यूब्स में कटा हुआ)
- धनिया पत्ती – 1 कप
- दही – 2 बड़े चम्मच
- पुदीना – आधा कप
- हरी मिर्च – 2
- हल्दी पाउडर – आधा छोटा चम्मच
- अदरक –1 चम्मच कद्दूकस
- लहसुन – 1 चम्मच बारीक कटा
- धनिया पाउडर – 1 चम्मच
- जीरा पाउडर – आधा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर – आधा चम्मच
- अमचूर – आधा चम्मच
- बेसन – 1 चम्मच
- नमक – स्वादानुसार
- गरम मसाला – आधा चम्मच
- तेल – जरूरत के अनुसार
- नींबू रस – 2 चम्मच

# घर पर बनाएं क्रीमी और मसालेदार पनीर-प्याज भुर्जी, जानें विधि

**हर सर्दियों में गरम-गरम पराठों के साथ कुछ स्वादिष्ट खाने का मन करता है। ऐसे में पनीर-प्याज की भुर्जी एक बेहतरीन विकल्प बन जाती है। यह डिश न केवल खाने में लाजवाब होती है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। पनीर में प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर को ऊर्जा देती है और मांसपेशियों को मजबूत बनाती है। वहीं हरी प्याज विटामिन और मिनरल्स का अच्छा स्रोत है, जो शरीर को अंदर से गर्म और तंदरुस्त रखने में मदद करता है। पनीर की नरम और क्रीमी बनावट जब मसालेदार प्याज के साथ मिलती है, तो स्वाद का ऐसा संगम बनता है जिसे हर कोई पसंद करता है। यह रेसिपी जल्दी तैयार हो जाती है और इसे बच्चे भी बड़े चाव से खाते हैं। इसके अलावा, यह डिश पोषण से भरपूर होने के साथ-साथ हल्की भी होती है, जिससे खाना खाने के बाद भारीपन महसूस नहीं होता।**



## सामग्रीः

- पनीर - 200 ग्राम
- हरी प्याज - 4-5 स्ट्रॉन्ग
- टमाटर - 2 मध्यम
- हरी मिर्च - 2
- अदरक-लहसुन का पेस्ट - 1 चम्मच
- हल्दी पाउडर - आधा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर - आधा चम्मच
- धनिया पाउडर - 1 चम्मच
- तेल या घी - 2 बड़े चम्मच
- नमक - स्वाद अनुसार
- क्रीम या दूध - 2 बड़े चम्मच (इच्छानुसार)

## बनाने की विधिः

1. पनीर को छोटे टुकड़ों में काट लें और हरी प्याज को बारीक काट लें।
2. कड़ाही में तेल या घी गरम करें। इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर हल्का भूनें।
3. अब इसमें हरी प्याज और हरी मिर्च डालें और कुछ मिनट भूनें।
4. कटे हुए टमाटर डालें और हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर के साथ मसाला तैयार करें।
5. मसाले में पनीर डालकर धीमी आंच पर 2-3 मिनट पकाएं, ताकि पनीर मसालों में अच्छी तरह से घुल जाए।
6. अंत में हरी प्याज और थोड़ा क्रीम या दूध डालकर भुर्जी को गार्निश करें।
7. गरमागरम पराठों या रोटी के साथ परोसें।

## पनीर भुर्जी की खासियतः-

- यह डिश जल्दी बन जाती है, इसलिए आप इसे कामकाजी दिन में भी आराम से तैयार कर सकते हैं।
- पनीर और हरी प्याज के मिश्रण से स्वाद और स्वास्थ्य दोनों में संतुलन बना रहता है।
- यह रेसिपी बच्चों को भी बेहद पसंद आती है।
- सर्दियों के मौसम में यह शरीर को गर्म रखने में मदद करती है।
- इसे हल्का या क्रीमी बनाना आपकी पसंद पर निर्भर करता है।



# कर्नाटक की मशहूर अक्की रोटी

**ग्लूटन-फ्री डाइट अपनाने वालों के लिए भारतीय पारंपरिक व्यंजन किसी वरदान से कम नहीं हैं। इन्हीं में से एक है कर्नाटक की फेमस अक्की रोटी जो स्वाद, सेहत और सादगी का बेहतरीन मेल है। चावल के आटे से बनने वाली यह रोटी पूरी तरह ग्लूटन-फ्री होती है और साउथ इंडिया के कई घरों में रोजाना बनाई जाती है। नाश्ते से लेकर हल्के डिनर तक, अक्की रोटी एक हेल्दी और पेट भरने वाला विकल्प मानी जाती है। अक्की रोटी में गेहूं के आटे की जगह चावल का आटा इस्तेमाल किया जाता है जिससे यह सीलिएक डिजीज या ग्लूटन सेंसिटिविटी वाले लोगों के लिए सुरक्षित रहती है। इसमें मिलाई जाने वाली सब्जियां जैसे प्याज, गाजर और धनिया इसे और ज्यादा पौष्टिक बना देती हैं। यही वजह है कि यह रेसिपी बच्चों, बुजुर्गों और डायट फॉलो करने वालों के बीच भी काफी लोकप्रिय है।**

**विधिः** एक बर्तन में चावल का आटा, बारीक कटा प्याज, कद्दूकस की हुई गाजर, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, जीरा और नमक डालें। अब थोड़ा-थोड़ा पानी मिलाकर नरम आटा गूंथ लें। इस आटे को बेलन से बेलने की बजाय हाथ से फैलाया जाता है। अब तवा गरम करें, हाथ गीला करके आटे की लोई लें और तवे पर हल्के हाथ से दबाकर गोल आकार में फैलाएं। ऊपर से थोड़ा तेल डालकर मध्यम आंच पर दोनों तरफ से कुरकुरा होने तक सेंक लें।

**सेहत के लिए कैसे फायदेमंदः** अक्की रोटी ग्लूटन-फ्री होने के साथ-साथ पचाने में हल्की होती है। यह पेट को लंबे समय तक भरा रखती है जिससे ओवरईटिंग से बचाव होता है। चावल का आटा शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है और सब्जियों के कारण फाइबर भी मिलता है। डायबिटीज के मरीज भी सीमित मात्रा में इसका सेवन कर सकते हैं।

**किसके साथ खाएंः** आमतौर पर अक्की रोटी को नारियल की चटनी, टमाटर की चटनी या दही के साथ परोसा जाता है। सर्दियों में इसे घी या मक्खन के साथ खाना स्वाद को और बढ़ा देता है। आप इसे दाल या सब्जी के साथ भी खा सकते हैं।

**हेल्थ टिपः** कम सामग्री, आसान विधि और ग्लूटन-फ्री होने के कारण अक्की रोटी आज हेल्थ-कॉन्शस लोगों की पसंद बनती जा रही है। भारतीय पारंपरिक स्वाद के साथ हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।



# मूंग दाल के दानेदार लड्डू, सिर्फ 15 मिनट में बन जाएगी ये हेल्दी रेसिपी

सर्दियों को लड्डू-पंजीरी का मौसम कहा जा सकता है, क्योंकि हल्की ठंड शुरू होते ही घर-घर में लड्डू और पंजीरी बनना शुरू हो जाते हैं। अब आपने अलग-अलग तरह के लड्डू खाए होंगे, लेकिन क्या कभी मूंग दाल के लड्डू खाएं हैं? चलिए हलवा तो खाया ही होगा। कितना दानेदार और स्वादिष्ट लगता है, है ना? मूंग दाल के लड्डू उस हलवे से भी कई गुना टेस्टी लगते हैं। और यकीन मानिए सिर्फ 15 से 20 मिनट के अंदर आप इन्हें बना लेंगी। स्वाद से भरपूर हैं और काफी हेल्दी भी। इनमें ना चीनी है और ना भी बहुत ज्यादा घी का इस्तेमाल किया गया है। तो चलिए हेल्दी, प्रोटीन रिच मूंग दाल लड्डू की रेसिपी फटाफट जान लेते हैं।

**मूंग दाल लड्डू बनाने की सामग्रीः** मूंग दाल के लड्डू बनाने के लिए आपको जिन सामग्रियों की जरूरत होगी वो हैं- पीली वाली मूंग (आधा कप), खजूर (1/2 कप से 2/3 कप), बादाम (2 चम्मच), काजू (2 चम्मच), अलसी के बीज (2 चम्मच), सफेद तिल (2 चम्मच), 1/4 चम्मच इलायची पाउडर और 1 चम्मच देस घी या नारियल का तेल।

**ऐसे बनाएं हेल्दी मूंग दाल के लड्डूः** ये हेल्दी लड्डू बनाने के लिए सबसे पहले मूंग दाल को धो कर अच्छी तरह सुखा लें। इसके बाद एयर फ्रायर को 170ट पर प्रिहीट करें और मूंग दाल को लगभग 7-8 मिनट के लिए एयर फ्राई करने रख दें। इसके बाद दाल में ही काजू, बादाम, अलसी के बीज और सफेद तिल रखें और दोबारा सभी चीजों को दो मिनट के लिए एयर फ्राई कर लें। अब इन्हें ठंडा होने दें और सभी चीजों को पीसकर एक पाउडर बना लें। जरूरत हो तो इसे छान भी सकती हैं। इसके बाद खजूर को गर्म पानी में 5-10 मिनट के लिए भिगोकर रखें, फिर मिक्सर में इनका पेस्ट बना लें। खजूर सॉफ्ट हों, तो इन्हें डायरेक्ट मिक्सर में पीस सकती हैं। लगभग 2-3 मिनट के लिए कुक करें, जबतक वो एकदम सॉफ्ट ना हो जाए।

# ठंड में रोज पीएं गाजर, चुकंदर और मूली की कांजी

**खाने के बाद गैस, एसिडिटी और बदहजमी को दूर भगाने के लिए कांजी डाइट में शामिल करें। सर्दियों में गाजर, मूली, चुकंदर और मिर्च से कांजी बनाकर पी सकते हैं। फटाफट नोट कर लें कांजी की रेसिपी। कांजी पीने से हाजमा जबरदस्त रहता है।**

## कांजी की रेसिपी

**पहला स्टेप-** सर्दियों में पेट के लिए कांजी सबसे अच्छी चीज है। आप सीजन सब्जियों का इस्तेमाल कर कांजी बना सकते हैं। कांजी बनाने के लिए एक कांच का बड़ा सा जार लें और उसमें 2 गाजर को धोकर पतला और लंबा-लंबा काट कर डाल दें। इसमें 1 बड़ा चुकंदर छीलकर लंबा कट करके डाल दें। इसी में 1 मूली को छीलकर लंबे टुकड़ों में काट कर डाल दें। इसमें 2 हरी मिर्च को भी लंबा काट कर डाल दें।

**दूसरा स्टेप-** सारी सब्जियों को डालने के बाद आपको इसमें 1 चम्मच राई का पाउडर, 1 चम्मच पीली सरसों, आधा चम्मच अजवाइन और 2 चम्मच सेंधा नमक डालना है। स्वाद और इसे पाचक बनाने के लिए थोड़ी हींग डाल दें। अब कांच के जार में उबला हुआ गर्म पानी डालकर पूरा भर दें। जार का ढक्कन बंद करके इसे धूप में रख दें।

अगले दिन कांजी बनकर तैयार है। आप इसे सुबह पी सकते हैं। खाने के बाद कांजी का पानी पीने से पाचन अच्छा होता है। कांजी में पड़ी गाजर, मूली, चुकंदर और हरी मिर्च को आप सलाद के रूप में खा सकते हैं। इनका स्वाद काफी टेस्टी लगता है।



# फटाफट बनाएं कुकर में सब्जियों से भरा पुलाव

**सर्दियों के मौसम में रजाई से बाहर निकलकर खाना बनाना सबसे मुश्किल काम लगता है। अगर आपको भी अक्सर खाना बनाने में आलस आता है लेकिन बाहर का अनहेल्दी फूड नहीं खाना चाहतीं। तो फटाफट प्रेशर कुकर में वेजिटेबल पुलाव की ये रेसिपी नोट कर लें। जिसे बच्चे-बड़े सब चाव से खाएंगे और सेहत भी दुरुस्त रहेगी। इस पुलाव को चटनी और रायते के साथ सर्व करें। नोट कर लें वेजिटेबल पुलाव बनाने की रेसिपी।**

**वेजिटेबल पुलाव बनाने की रेसिपीः** प्रेशर कुकर में बस दस मिनट में ये पुलाव बनकर रेडी हो जाएगा। इसे बनाने की आसान सी रेसिपी को नोट कर लें। सबसे पहले चावल को धोकर पानी में भिगो दें। अब सारी सब्जियों को धोकर छोटा-छोटा काट लें। गाजर, मटर के अलावा आप चाहें तो इसमे फूलगोभी, शिमला मिर्च, बींस भी ऐड कर सकती हैं। प्रेशर कुकर में सबसे पहले तेल डालें और तेल के गर्म होते ही उसमे जीरा डाल दें। जीरा हल्का सा ही चटके तभी साथ में दो कटी हुई प्याज को डाल दें। प्याज को लाल करने के साथ ही उसमे हरी मटर, गाजर और हरी मिर्च को भी काटकर डाल दें। सारी सब्जियों को चलाते हुए पकाएं। साथ ही इसमे धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर डाल दें। नमक स्वादानुसार डालकर चलाएं और सब्जियों को भूनते रहें। सब्जियों के भुनने के बाद कुकर में चावल और साथ में फ्राई किया हुआ पनीर भी डाल दें। पानी डाले और कुकर में सीटी लगाएं। दो से तीन सीटी के बाद कुकर खोल दें। ऊपर से फ्रेश कटी धनिया और साथ में देसी घी डालकर मिक्स करें और घरवालों को परोसें।



### सामग्रीः-

- एक कप चावल
- हरी मटर
- दो चम्मच तेल
- जीरा
- प्याज दो कटे हुए
- दो गाजर बारीक कटी हुई
- हरी मिर्च
- हरी धनिया कटी हुई
- लाल मिर्च पाउडर
- पनीर फ्राई की हुई
- धनिया भुनी हुई
- देसी घी या बटर
- नमक स्वादानुसार

# पनीर कॉर्न चाट



हेल्दी एंड फिट रहना है तो हमेशा क्लीन एंड न्यूट्रिशन से भरपूर फूड खाना चाहिए। जैसे शाम की चाय के साथ अनहेल्दी स्नैक्स चुपके-चुपके आपके हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में कुछ प्रोटीन और न्यूट्रिशन से भरपूर स्नैक्स को रिप्लेस करें अनहेल्दी फ्राईड स्नैक्स के साथ।

**पनीर कॉर्न चाट की रेसिपीः** प्रोटीन और फाइबर से रिच इस चाट को बनाना बहुत आसान है। और साथ ही मुंह का स्वाद भी बिल्कुल चटपटा हो जाएगा। पनीर कॉर्न चाट बनाने के लिए बस इस प्रोसेस को फॉलो करें। सबसे पहले कॉर्न को उबालकर रख लें। अब आधा चम्मच तेल कड़ाही में डालें और गर्म हो जाने दें। गर्म होते ही राई डालकर चटकाएं और साथ में करी पत्ता डाल दें। हरी मिर्च को दो से तीन टुकड़ों में करके डालें और चलाएं। साथ ही मूंगफली के दाने डालकर भून लें।

### पनीर कॉर्न चाट सामग्री

- एक कप कॉर्न
- एक कप कटे हुए पनीर के क्यूब्स
- आधा कप मूंगफली के दाने
- राई
- तेल
- करी पत्ता
- लाल मिर्च
- नमक स्वादानुसार
- चाट मसाला
- नींबू का रस
- हरी मिर्च
- एक प्याज

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत कार्यालय 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष : 01169342500, 46035729 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. ए-8, सेक्टर 7, जिला गौतमबुद्धनगर- उत्तर प्रदेश, नोएडा 201, 301, फोन नंबर 0120-2470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक डॉ. देवेन्द्र सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।